CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 38° C
न्यूनतम : 23° C

बरेली, बुधवार 20 मई 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 169 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 2 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी से आम जनजीवन प्रभावित पेज 2




बुमराह को आराम, राहुल बने उपकप्तान व प्रिंस यादव वनडे टीम में शामिल खेल टाइम्स



भुवन चंद्र खंडूड़ी का निधन: उत्तराखंड की सियासत के एक युग का अंत सम्पादकीय



अमेरिकी साजिश थी इमरान खान का तख्तापलट पेज 12

# अमेरिका ने अपाचे हेलीकॉप्टर व M777 तोपों की डील को दी मंजूरी

वाशिंगटन, वार्ता

**भारत और अमेरिका** के बीच रक्षा सहयोग लगातार मजबूत होता जा रहा है। इसी कड़ी में अमेरिका ने भारत को अपाचे हेलीकॉप्टर और एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर तोपों के लिए सपोर्ट सर्विस और संबंधित उपकरणों की संभावित बिक्री को मंजूरी दे दी है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने इस फैसले की आधिकारिक जानकारी दी। अमेरिका के अनुसार, अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए सपोर्ट सर्विस डील की अनुमानित कीमत करीब 198.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। वहीं एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर के लिए लॉन्ग-टर्म सपोर्ट डील लगभग 230 मिलियन अमेरिकी डॉलर की हो सकती है। अपाचे हेलीकॉप्टर सपोर्ट डील के लिए प्रमुख कंपनियां बोइंग कंपनी और लॉकहीड मार्टिन होंगी। वहीं एम777 हॉवित्जर सपोर्ट प्रोग्राम के लिए ब्रिटेन की रक्षा कंपनी बीएई सिस्टम्स को मुख्य ठेकेदार बनाया गया है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक भारत ने एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए इंजीनियरिंग, टेक्निकल और लॉजिस्टिक सपोर्ट सेवाओं की मांग की थी। इसके अलावा तकनीकी डेटा, पब्लिकेशन, सैनिकों की ट्रेनिंग और अन्य प्रोग्राम सपोर्ट भी इस डील का हिस्सा होंगे। वहीं एम777ए2 हॉवित्जर के लिए स्पेयर पार्ट्स, रिपेयर, ट्रेनिंग, टेक्निकल सहायता, फील्ड सर्विस प्रतिनिधि और लॉजिस्टिक सपोर्ट जैसी सुविधाएं शामिल रहेंगी। यह संभावित रक्षा सौदा अमेरिका के फारेन मिलिट्री सेल (एफएमएस) चैनल के तहत किया जाएगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि यह समझौता भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा। अमेरिका का मानना है कि इस डील से भारत की वर्तमान और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की क्षमता बढ़ेगी।



■ भारतीय सैन्य ताकत होगी और मजबूत

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन सितम्बर में आएंगे भारत

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इसी साल सितम्बर में भारत आएंगे। रूसी सरकार ने मंगलवार को कहा कि पुतिन 12 और 13 सितम्बर को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी ने पुतिन को दिसम्बर 2025 में उनके भारत दौरे के दौरान आधिकारिक तौर पर समिट में शामिल होने का न्योता दिया था।

एक साल के भीतर पुतिन का यह दूसरा भारत दौरा होगा। पीएम मोदी भी इसी साल रूस दौरे पर जाएंगे। इससे पहले पुतिन दिसम्बर 2025 में भारत आए थे। उस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के साथ 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया था।

■ **ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे, 10 महीने में दूसरा दौरा, मोदी भी इस साल रूस जाएंगे**

# रेबीज और बीमार कुत्तों को मारने की सुप्रीम अनुमति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के पुनर्वास और नसबंदी से जुड़े 7 नवम्बर 2025 के अपने आदेश में बदलाव और उसे वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (एडब्ल्यूबीआई) द्वारा आवारा जानवरों को लेकर जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाएं भी खारिज कर दीं।

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई की। अदालत ने शैक्षणिक संस्थानों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों, खेल परिसरों, अस्पतालों आदि जगहों से आवारा कुत्तों को हटाने के अपने पूर्व के निर्देशों को बदलने से इन्कार कर दिया और कुत्तों को नसबंदी के बाद वापस पुरानी जगहों पर छोड़ने का निर्देश देने से इन्कार कर दिया। डॉग लवर्स ने अपनी याचिका में तर्क दिया था कि आवारा कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाने का आदेश बहुत कठोर है और इससे कुत्तों के अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इन दलीलों को खारिज करते हुए जनहित और सार्वजनिक सुरक्षा को प्राथमिकता दी। सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी से निपटने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की ओर से लंबे समय तक ठोस प्रयास नहीं किए गए।



**7 नवम्बर 2025 के अपने आदेश में बदलाव और उसे वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज**

अदालत ने टिप्पणी की कि एनिमल बर्थ कंट्रोल व्यवस्था ठीक से लागू नहीं की गई है और इसके लिए फंडिंग भी अपर्याप्त और असमान है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गरिमा के साथ जीवन जीने के अधिकार में यह भी शामिल है कि लोग कुत्तों के हमलों और खतरे के डर के बिना स्वतंत्र रूप से जीवन जी सकें। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम आदेश देते हुए रेबीज और गंभीर रूप से बीमार कुत्तों को, जो इंसानी जीवन के लिए खतरनाक हैं, उन्हें मारने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि वह जमीनी हकीकत से आंखें नहीं मूंद सकती, जहां बच्चे, यात्री और बुजुर्ग लगातार डॉग बाइट की घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए मिल-जुलकर प्रयास करते हुए जरूरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करें। अदालत ने कहा कि पशु जन्म नियंत्रण नियमों और अन्य लागू वैधानिक प्रोटोकॉल के अनुसार लाइलाज बीमारी से ग्रस्त, रेबीज से संक्रमित और किसी भी तरह से मानव जीवन के लिए खतरनाक कुत्तों को मारने के उपाय अधिकारी कर सकते हैं। पीठ ने ये भी कहा कि अब आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोगों यानी डॉग फीडर्स और डॉग लवर्स की जिम्मेदारी भी तय होगी। अगर कोई कुत्ता किसी व्यक्ति को काटता है, तो ऐसे मामलों में जिम्मेदारी सिर्फ प्रशासन की ही नहीं बल्कि उन लोगों की भी मानी जाएगी जो कुत्तों की देखभाल या फीडिंग में शामिल हैं।

# पांच दिन में दूसरी बार पेट्रोल-डीजल हुआ महंगा

## पेट्रोल 87 पैसे व डीजल के दामों में 91 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार से पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया। तेल विपणन कंपनियों ने पांच दिन में दूसरी बार दोनों ईंधनों के दाम बढ़ाए हैं।



इससे पहले, 15 मई को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में तीन-तीन रुपये की वृद्धि की गई थी। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली में मंगलवार से पेट्रोल की कीमत 87 पैसे बढ़कर 98.64 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल भी 91 पैसे महंगा हुआ। अब एक लीटर डीजल 91.58 रुपये का मिलेगा। देश की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल की कीमत 91 पैसे और डीजल की 94 पैसे बढ़ी है। वहां अब पेट्रोल 107.59 रुपये का और डीजल 94.08 रुपये का हो गया है। चेन्नई में पेट्रोल 82 पैसे और डीजल 96 पैसे महंगा हुआ है। मंगलवार से एक लीटर पेट्रोल 104.49 रुपये का और एक लीटर डीजल 96.11 रुपये का मिलेगा। कोलकाता में अब पेट्रोल की कीमत 109.70 रुपये और डीजल की 96.07 रुपये पर पहुंच गई है। इनके दाम क्रमशः 96 पैसे और 94 पैसे बढ़े हैं। इंडियन ऑयल ने अपने प्रीमियम पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी इतनी ही वृद्धि की है। दिल्ली में ब्रांडेड पेट्रोल एक्सपी-95 की कीमत 87 पैसे बढ़कर 105.76 रुपये और ब्रांडेड डीजल एक्सजी की कीमत 91 पैसे बढ़कर 96.90 रुपये प्रति लीटर हो गई है। दूसरे शहरों में भी कीमतों में लगभग इसी तरह की बढ़ोतरी की गई है, हालांकि वैट और लॉजिस्टिक्स लागत में अंतर के कारण कीमत वृद्धि में कुछ अंतर होता है। पेट्रोल-डीजल के दाम 30 अक्टूबर 2024 के बाद पहली बार पिछले सप्ताह बढ़ाए गए थे। पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल का उत्पादन और आपूर्ति प्रभावित होने से तेल विपणन कंपनियों पर दबाव है। हालांकि उन्होंने मार्च और अप्रैल में कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की थी। केंद्र सरकार ने मार्च में पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती करके तेल विपणन कंपनियों को राहत दी थी। भारतीय बास्केट में अप्रैल में कच्चे तेल की औसत कीमत 114.48 डॉलर प्रति बैरल रही थी जो मई में घटकर 18 मई तक औसतन 107.3 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है।

■ **पेट्रोल 98.64 व डीजल 91.58 रुपये में एक लीटर मिलेगा**

# देश में बड़ा आर्थिक संकट आने वाला है: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश की आर्थिक स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि देश एक बड़े आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है और इसका सबसे ज्यादा असर आम जनता पर पड़ेगा।

उत्तर प्रदेश दौरे के दौरान राहुल गांधी ने मंगलवार को केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश का आर्थिक ढांचा पूरी तरह बदल दिया गया है, जिसके कारण एक बड़ा आर्थिक तूफान आने वाला है। उन्होंने कहा कि मैं पिछले कुछ दिनों से लगातार कह रहा हूं कि मोदी जी ने देश का आर्थिक ढांचा बदल दिया है। एक बड़ा आर्थिक संकट आने वाला है। दुर्भाग्य से इसका खामियाजा आम आदमी को भुगतना पड़ेगा। इस आर्थिक झटके का असर सिर्फ अडानी, अंबानी और मोदी पर नहीं पड़ेगा, बल्कि देश के आम लोगों पर इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा।

■ **कहा : आम आदमी पर पड़ेगा असर**

## मानसून अगले हफ्ते केरलम पहुंचेगा, रफ्तार कम रहेगी

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून ने भारत की ओर बढ़ना शुरू कर दिया है। फिलहाल यह अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के दक्षिणी सिरे से लेकर उत्तरी सिरे तक छा चुका है। मौसम विभाग ने तय तारीख एक जून से पहले 22 से 26 मई के बीच मानसून के केरलम पहुंचने की संभावना जताई है। इस बार मानसून की रफ्तार धीमी रहने की आशंका ज्यादा है। इसलिए लगातार बारिश के बजाय मानसून बार-बार अटकेगा। एक ही जगह ठहरा रहेगा। इसमें बिना बारिश के दिनों की संख्या (मानसून ब्रेक) ज्यादा रह सकती है।

# उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री खंडूड़ी का निधन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी का मंगलवार को निधन हो गया। वे काफी समय से अस्वस्थ होने के कारण देहरादून के मैक्स अस्पताल में भर्ती थे।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री ने निधन पर शोक व्यक्त किया है। देहरादून स्थित मैक्स सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में उनका पिछले तकरीबन एक माह से इलाज चल रहा था। बताया जा रहा है कि खंडूड़ी हृदय संबंधी दिक्कतों से जूझ रहे थे। 91 साल की उम्र में उनका निधन हुआ। वे भारतीय सेना से मेजर जनरल के पद से रिटायर्ड हुए थे और उत्तराखंड के चौथे मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य की सेवा की। वे उत्तराखंड के दो बार मुख्यमंत्री बने। इससे -शेष पृष्ठ दो पर



■ **काफी समय से मैक्स अस्पताल में चल रहा था इलाज, सीएम धामी ने जताया दुख**

## राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति ने भी खंडूड़ी के निधन पर जताया शोक

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (से.नि.) के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उनके निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय सेना में उत्कृष्ट सेवा देने के बाद उन्होंने जनसेवा के लिए ईमानदारी, सादगी, पारदर्शिता और विकास की राजनीति का उदाहरण पेश किया। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्ण ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री खंडूड़ी के निधन पर शोक व्यक्त किया। पीएम नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने उनके निधन पर शोक जताया है। इसके साथ ही उत्तराखंड कांग्रेस के दिग्गज नेता हरीश रावत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भी भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन को प्रदेश के लिए बड़ी क्षति बताया है।

# चंद्रयान-3 के हॉप प्रयोग ने चंद्रमा के छिपे रहस्यों को किया उजागर

**चेन्नई।** भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर द्वारा किए गए 'हॉप' प्रयोग ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से जुड़े कई छिपे रहस्यों का खुलासा किया है।

वैज्ञानिकों ने इस प्रयोग के जरिये चंद्र सतह की रेगोलिथ विषमता (रेगोलिथ हेटेरोजेनिटी) का पता लगाया है, जो भविष्य के चंद्र अभियानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इन निष्कर्षों से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में सतही अभियानों को लेकर नई जानकारी मिली है। वैज्ञानिकों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर सतह की विविधता को समझना भविष्य में चंद्रमा पर वैज्ञानिक आधार और आवास निर्माण की योजनाओं के लिए आवश्यक है। यह अध्ययन इस प्रकार का पहला अनूठा उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतरा था। करीब 10 पृथ्वी दिवस तक चंद्र सतह, निकट-सतही प्लाज्मा और भू-कंपनों से जुड़े प्रयोग करने के बाद, दो सितम्बर 2023 को लैंडर ने बचा हुआ ईंधन इस्तेमाल कर 'हॉप' प्रयोग किया था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने मंगलवार को कहा कि यह 'हॉप' भविष्य में चंद्रमा से नमूने पृथ्वी पर लाने वाले अभियानों के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीकी क्षमता साबित हुआ है। इसरो ने कहा कि जिसे सामान्य तौर पर 'चंद्र मिट्टी' कहा जाता है, उसका सही वैज्ञानिक नाम 'लूनर रेगोलिथ' है। यह दरअसल चट्टानों के टूटे हुए अत्यंत महीन, नुकीले और कांच जैसे कणों से बना होता है, जो बेहद खुरदरे होते हैं और स्थैतिक विद्युत की तरह हर चीज से चिपक जाते हैं।



■ **वैज्ञानिकों ने प्रयोग के जरिये चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर रेगोलिथ हेटेरोजेनिटी का पता लगाया**

## TMC उम्मीदवार जहांगीर खान पुनर्मतदान से पहले दौड़ से हटे

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को फाल्टा विधानसभा पुनर्मतदान से ठीक दो दिन पहले बड़ा झटका लगा जब पार्टी उम्मीदवार जहांगीर खान ने मंगलवार को चुनाव मैदान से हटने की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने फैसले के पीछे क्षेत्र में शांति और विकास को कारण बताते हुए पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा की। यह नाटकीय घोषणा पुनर्मतदान के लिए प्रचार समाप्त होने से कुछ घंटे पहले हुई, जिससे राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। फाल्टा विधानसभा क्षेत्र अभिषेक बनर्जी के लोकसभा क्षेत्र डायमंड हार्बर के अंतर्गत आता है।

## संक्षिप्त समाचार

### केजरीवाल समेत 'आप' नेताओं को अवमानना का नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने आपराधिक अवमानना (क्रिमिनल कान्टेम्प्ट) के एक स्वत: संज्ञान मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह सहित अन्य आप नेताओं को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा द्वारा शुरू किए गए इस मामले में आरोप है कि शराब नीति मामले में न्यायमूर्ति शर्मा की अदालत से रिक्यूजल याचिका खारिज होने के बाद 20 अप्रैल को आप नेताओं ने अदालत का बहिष्कार किया और सोशल मीडिया पोस्ट, वीडियो तथा पत्रों के माध्यम से उनके खिलाफ अपमानजनक और मानहानिकारक टिप्पणियां कीं। पीठ ने सभी आरोपियों का जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

### उमर खालिद की जमानत याचिका नामंजूर

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को जेएनयू के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद की अंतरिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका साल 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों की साजिश से जुड़े मामले में दायर की गई थी, जिसमें उन पर गैर-कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोप दर्ज हैं। उमर खालिद ने अपने दिवंगत चाचा की शोक सभा (चेहलुम) में शामिल होने और अपनी मां की देखभाल के लिए 15 दिनों के लिए जमानत मांगी थी, लेकिन कड़कड़डूमा अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर वाजपेयी ने उमर खालिद की 15 दिनों की अंतरिम जमानत की मांग को नामंजूर कर दिया।

### स्मार्ट पावर का दमदार सबूत था ऑपरेशन सिंदूर: उपेंद्र

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित सिक्योरिटी टू प्रास्पेरिटी: स्मार्ट पावर फॉर सस्टेन्ड नेशनल ग्रोथ विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार में भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारत की सैन्य और रणनीतिक क्षमता को लेकर बड़ा बयान दिया। सेमिनार के दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए इसे भारत की स्मार्ट पावर का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। आर्मी चीफ ने कहा कि पिछले एक वर्ष में भारत ने स्मार्ट पावर के सवाल का आंशिक उत्तर प्रस्तुत किया था, लेकिन 6 और 7 मई 2025 की रात भारत ने इसे पूरी तरह परिभाषित कर दिया।

### मंदिरों के पास पड़े सोने के मौद्रीकरण की रिपोर्ट खारिज

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंदिरों के पास मौजूद सोने के भंडार के मौद्रीकरण की रिपोर्टों को खारिज करते हुए मंगलवार को स्पष्ट किया कि उसकी ऐसी कोई योजना नहीं है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक स्पष्टीकरण जारी किया, जिसमें कहा गया है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट और सोशल मीडिया पोस्ट में यह दावा किया जा रहा है कि सरकार मंदिरों के स्वर्ण भंडार के बदले में मंदिरों को गोल्ड बांड जारी करने की योजना बना रही है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कटरा रेलखंड के लिए 238 करोड़ के सुरक्षा कार्यों को मंजूरी

**नई दिल्ली।** रेलवे ने उत्तरी रेलवे के जम्मू-श्री माता वैष्णो देवी कटरा खंड पर 238 करोड़ रुपये की लागत से ढलान स्थिरीकरण, सुरंगों के पुनर्निर्माण और पुलों के संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण कार्यों को मंजूरी दी है। इन कार्यों में संवेदनशील स्थानों पर पुनर्निर्माण, सुरंगों में रिसाव की समस्या का समाधान तथा अन्य सुरक्षा उपाय शामिल हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि रणनी. तिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जम्मू-श्री माता वैष्णो देवी कटरा रेलखंड की दीर्घकालिक सुरक्षा और विश्वसनीयता को मजबूत करने के उद्देश्य से यह परियोजना मंजूर की गई है। ये कार्य देश के सबसे चुनौतीपूर्ण भूभागों में सुरक्षित और विश्वसनीय संपर्क सुनिश्चित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

### छोटे शहरों में बढ़ रहा यूपीआई से क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** बदलती प्रौद्योगिकी और भुगतान के नए विकल्प आने के साथ मझौले और छोटे शहरों में यूपीआई के माध्यम से क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। गैर. बैंकिंग वित्तीय कंपनी एसबीआई कार्ड द्वार मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले एक दशक में बढ़ती आय, शहरीकरण में तेजी और उभरते मध्यम वर्ग की बढ़ती आकांक्षाओं ने लोगों के खर्च करने के तरीके को बदल दिया है। यूपीआई अब दैनिक लेनदेन की रीढ़ बन चुका है। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही के अपने आंकड़ों का हवाला देते हुए एसबीआई कार्ड ने बताया कि यूपीआई के जरिए क्रेडिट कार्ड खर्च में तिमाही-दर-तिमाही 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज की गई।

# उप्र में बदल गए जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के नियम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिनियम-1969 में संशोधन के तहत विलंब शुल्क की नई दरें लागू कर दी हैं। अब अगर किसी ने 21 दिन के बाद रजिस्ट्रेशन कराया, तो उसे पहले से 10 गुना तक अधिक लेट फीस देनी पड़ेगी। सरकार की यह नई व्यवस्था शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में समान रूप से लागू होगी।

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के अनुसार घटना के 21 दिनों के भीतर रजिस्ट्रेशन नि:शुल्क है, लेकिन 21 दिन के बाद अब अगर आवेदन किया गया, तो विलंब शुल्क देना अनिवार्य है। 21 से 30 दिन के अंदर 2 रुपये की जगह 20 रुपये विलंब शुल्क लगेगा, 30 दिन से 1 साल के अंदर 5 रुपये की जगह 50 रुपये विलंब शुल्क लगेगा, 1 साल बाद 10 रुपये की जगह 100 रुपये विलंब शुल्क लगेगा। इससे पहले 21 दिन के बाद 30 दिन के भीतर सिर्फ 2 रुपये, 30 दिन से 1 साल तक 5 रुपये और 1 साल बाद 10 रुपये शुल्क लगता था। नियम के मुताबिक बच्चे के जन्म के बाद स्थानीय अधिकारियों के पास 21 दिन के अंदर रजिस्ट्रेशन कराना होता है। अगर बच्चे का जन्म घर में हुआ है, तो भी 21 दिनों के भीतर पंजीकरण कराना होगा। अगर इस अवधि में पंजीकरण नहीं होता, तो पुलिस सत्यापन के बाद ही प्रमाण पत्र जारी होता है। वहीं अगर एक वर्ष की देरी से पंजीकरण कराने पर अब एसडीएम का आदेश जरूरी कर दिया गया है। पहले भी उप जिलाधिकारी के आदेश की जरूरत थी, लेकिन अब शुल्क भी 10 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये कर दिया गया है। केंद्र सरकार के 2023 के संशोधन के बाद जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन कर दी है। अक्टूबर 2023 के बाद जन्मे बच्चों के लिए जन्म प्रमाण पत्र ही एकमात्र वैध दस्तावेज होगा। सभी बड़े अस्पतालों के पास नगर निगम की यूजर आईडी है और वे अपने स्तर से ही प्रमाणपत्र जारी कर देते हैं। बता दें कि बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र उसके स्कूल में प्रवेश, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, बीमा पॉलिसी और राशन कार्ड में नाम दर्ज कराने के लिए जरूरी होता है। वहीं मृत्यु प्रमाण पत्र संपत्ति के उत्तराधिकार, पेंशन और बीमा दावों के निपटारे के लिए काम आता है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि नई व्यवस्था 16 जून की अधिसूचना के तहत लागू की गई है। सरकार का मकसद पंजीकरण को समयबद्ध बनाना और डेटाबेस को राष्ट्रीय स्तर पर अपडेट करना है। इसलिए नागरिकों को सलाह है कि जन्म या मृत्यु की घटना के 21 दिन के भीतर ही नजदीकी रजिस्ट्रार कार्यालय या सीआरएस पोर्टल पर आवेदन कर दें, ताकि विलंब शुल्क से बचा जा सके।



■ योगी सरकार ने जारी किया नया आदेश

# यूपी में खुलेंगी 600 नई शराब की दुकानें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आने वाले महीनों में करीब 600 नई फुटकर शराब की दुकानें खुल सकती हैं। आबकारी विभाग पिछले एक साल में प्रमुख शहरों के बाहरी इलाकों में शिफ्ट हुई आबादी का अनुमान लगा रहा है। इसके बाद ही नई दुकानों की सही संख्या तय होगी।

विभाग का मकसद हाल ही में बसी आवासीय कॉलोनियों में विदेशी शराब, बीयर और अन्य शराब की मांग को पूरा करना है। इससे 2026-27 वित्तीय वर्ष में राजस्व भी बढ़ेगा। 31 मार्च से कई दुकानदारों ने वित्तीय व्यवहार्यता न होने का हवाला देकर शराब का कारोबार छोड़ दिया है। प्रदेश में 27,308 शराब दुकानें थीं। इनमें से 421 मॉडल शॉप, देशी शराब और कंपोजिट शॉप के लिए चार दौर की लॉटरी के बाद भी कोई खरीदार नहीं मिला। अधिकारियों ने बताया कि पांचवें दौर में 2025-26 में इन दुकानों के लिए चुकाई गई मूल लाइसेंस फीस में 20 प्रतिशत तक की कटौती की जा सकती है, ताकि संचालन व्यवहार्य हो सके। एक अधिकारी ने कहा, अंतिम फैसला अभी बाकी है।

■ आबादी सर्वे के बाद तय होगी संख्या

शहर की सीमा में लाइसेंस फीस बहुत ज्यादा होने के कारण कई उद्यमियों ने मॉडल शॉप छोड़ दीं। जो दुकानें अब तक नवीनीकृत या आवंटित नहीं हो पाईं, उनके अलावा विभाग करीब 600 नई दुकानें लाने पर विचार कर रहा है। दरअसल आबकारी नीति के तहत आबकारी आयुक्त को जरूरत पड़ने पर नई आवासीय कॉलोनियों को कवर करने के लिए और दुकानें खोलने का अधिकार है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, नीति के तहत आबकारी आयुक्त किसी जिले में पिछले वित्तीय वर्ष की कुल फुटकर दुकानों की संख्या की तुलना में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर सकते हैं।

नई दुकानें खोलने से विभाग को मौजूदा दुकानों की लाइसेंस फीस तर्कसंगत करने से होने वाले नुकसान की भरपाई में मदद मिलेगी। अनुमान है कि पिछले वित्तीय वर्ष में लाइसेंस फीस और प्रोसेसिंग फीस से विभाग को 4,000-5,000 करोड़ रुपये मिले। कुल मिलाकर 2025-26 में शराब व्यापार पर शुल्क और फीस लगाकर विभाग ने 57,722 करोड़ रुपये का सालाना राजस्व हासिल किया। सैचुरेशन पॉइंट पर पहुंचने के बाद आबकारी विभाग नए उपायों के जरिए अतिरिक्त राजस्व के रास्ते तलाश रहा है।

# भाजपा सबसे अधर्मी पार्टी

## सपा मुखिया अखिलेश ने बोला हमला

लखनऊ, वार्ता

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नमाज वाले बयान पर कहा कि सड़कों पर क्या होना चाहिए और क्या नहीं, इसके लिए नियम-कानून बने हुए हैं, लेकिन इस मुद्दे पर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर कोई सबसे अधर्मी पार्टी है, तो वह भाजपा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है।

अखिलेश यादव ने कहा कि हाल ही में अधिवक्ता संघ के लोग विरोध प्रदर्शन के लिए निकले थे, जिनके हाथों में रामचरितमानस थी, फिर भी उन पर लाठीचार्ज किया गया और उन्हें पीटा गया। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा खुद को सनातन की पक्षधर मानती है, तो उसे 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना पर चलना चाहिए। अखिलेस ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि न तो स्मार्ट सिटी बन पाई और न ही स्मार्ट मीटर योजना टिक सकी, जिन्हें हटाना पड़ा। ऐसे में सरकार के कामकाज पर सवाल उठना स्वाभाविक है। योगी आदित्यनाथ ने 18 मई को एक हिंदी अखबार के कार्यक्रम में कहा कि उत्तर प्रदेश में सड़कों पर नमाज नहीं होने दी जाती।



■ सीएम योगी के नमाज वाले बयान पर पहली प्रतिक्रिया

## अगले सात दिनों तक हीटवेव से लेकर सीवियर हीटवेव चलने की चेतावनी

# उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी से जनजीवन प्रभावित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश समेत समूचे उत्तर भारत में प्रचंड गर्मी और लू के थपेड़ों ने आम जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग ने मंगलवार को जारी पूर्वानुमान में अगले सात दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हीटवेव से लेकर सीवियर हीटवेव चलने की चेतावनी जारी की है।

राजधानी लखनऊ समेत पूर्वांचल और बुंदेलखंड के जिलों में दिन का तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है, जबकि रात में भी गर्म हवाओं के कारण लोगों को राहत नहीं मिल रही है। बलिया से गाजियाबाद तक सुबह नौ बजे से ही गर्म हवा के थपेड़ों से लोग बेहाल दिखाई दिए, जबकि 11 बजते बजते सड़कों पर सन्नाटा छाने लगा। गर्मी और लू का प्रभाव इस कदर दिखाई दे रहा है कि पार्क,मॉल,बाजार और प्राणि उद्यान आमतौर पर सुनसान दिखाई दे रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच बिजली की मांग पूरी करते ट्रांसफार्मर हांफ रहे हैं जिसके चलते बिजली की आवाजाही आम हो चुकी है। प्रदेश के अधि. कतर जिलों में कक्षा आठ तक के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां कर दी गई हैं। मौसम के तल्ख तेवरों के बीच सरकारी और निजी अस्पतालों के बाहय रोगी विभाग (ओपीडी) में भीड़ बढ़ गई है। चिकित्सकों ने लोगों से पर्याप्त मात्रा में पेय पदार्थो का सेवन करने और सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक बाहर न निकलने की सलाह दी है। हृदय रोगियों से अपील की गई है कि वे डाक्टरी परामर्श से ली गई दवा के नियमित सेवन करें और अपरिहार्य स्थितियों में मेडिकल स्टोर का रुख न करके डाक्टर से सलाह लेकर दवाओं का सेवन करें। इस बीच मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 19 से 25 मई तक मौसम मुख्यत: शुष्क बना रहेगा।



■ गर्म हवा के थपेड़े से लोग बेहाल दिखाई दिखे, सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक घर से बाहर न निकलने की सलाह दी

### पूर्वी यूपी में 22 के बाद बारिश की संभावना

पूर्वी उत्तर प्रदेश के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में 22 मई के बाद कहीं-कहीं हल्की बारिश और गरज-चमक की संभावना जताई गई है, लेकिन इससे तापमान में अधिक राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने विशेष चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर भीषण लू से अति भीषण लू चलने की संभावना है। साथ ही कुछ स्थानों पर 'वार्म नाइट' की स्थिति भी बनी रहेगी, जिससे रात के समय भी तापमान सामान्य से काफी अधिक रहेगा। वाराणसी सोमवार को प्रदेश के सबसे गर्म शहरों में शामिल रहा, जहां अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर में सड़कों और घाटों पर सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम भीड़ दिखाई दी। बढ़ती गर्मी को देखते हुए नगर निंगम ने प्रमुख चौराहों पर ग्रीन शेड, मिस्ट गन और 17 वाटर एटीएम की व्यवस्था की हैं

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



# गिरावट में बंद हुए प्रमुख सूचकांक आईटी कंपनियों में लिवाली का जोर

मुंबई, वार्ता

दिग्गज कंपनियों में अंतिम समय में हुई बिकवाली से मंगलवार घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। आईटी कंपनियों में जबरदस्त तेजी रही, जबकि बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों ने बाजार पर दबाव बनाया। रसायन, सार्वजनिक बैंक, रियलटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में भी तेजी रही। ऑटो और फार्मा सेक्टरों से सूचकांक भी ऊपर बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 114.19 अंक (0.15 प्रतिशत) गिरकर 75,200.85 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 31.95 अंक यानी 0.14 प्रतिशत उतरकर 23,618 अंक पर रहा। सेंसेक्स सुबह बढ़त में खुला था और लगभग पूरे दिन हरे निशान में रहा। आखिरी एक घंटे में दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से अंत में यह लाल निशान में बंद हुआ। वृहत बाजार में तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.88 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.17 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। इंफोसिस का शेयर पौने पांच प्रतिशत और एचसीएल टेक्नोलॉजीज का पौने तीन प्रतिशत चढ़ा। टेक महिंद्रा और इंटरनल में भी करीब ढाई प्रतिशत की तेजी रही। टीसीएस का शेयर दो प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। भारतीय स्टेट बैंक, ट्रेंट, पावर ग्रिड और एनटीपीसी के शेयर भी मजबूत रहे। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर ढाई प्रतिशत टूट गया। अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन, अडानी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, सन फार्मा, इंडिगो और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच गिर गए। रिलायंस इंडस्ट्रीज, बीईएल, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स और मारुति सुजुकी में भी गिरावट रही।



### सोना 1.59 लाख पर पहुंचा, चांदी 2.70 लाख किलो हुई

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में मंगलवार को बढ़त दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1168 रुपए बढ़कर 1.59 लाख रुपए हो गया है। वहीं 1 किलो चांदी का दाम 2,181 रुपए बढ़कर 2.70 लाख रुपए पर पहुंच गया है। देश के बड़े शहरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,57,190 प्रति दस ग्राम, मुंबई में 1,57,040, कोलकाता में 1,57,040, जयपुर में 1,57,190, भोपाल में 1,57,090, पटना में 1,57,090 और लखनऊ में 1,57,190 रुपये है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 26 हजार रुपए और चांदी 40 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.59 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

# चावल, गेहूं, चीनी, दालों के दाम बढ़े, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों में भी तेजी रही। वहीं खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत सातं रुपये बढ़कर 3,871 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई। गेहूं आठ रुपये महंगा हुआ और 2,784 रुपये प्रति क्विटंल बोला गया।

आटा 15 रुपये मजबूत हुआ। दाल-दलहनों के भाव भी बढ़ गए। उड़द दाल और मूंग दाल के दाम 15.15 रुपये प्रति क्विटंल चढ़े। चना दाल में पांच रुपये की तेजी रही। तुअर दाल और मसूर दाल की कीमतें पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही पड़ी रहीं। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा 53 रिंगिट चढ़कर 4,587 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 प्रतिशत टूटकर 75.45 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की कीमत 105 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। पाम ऑयल 87 रुपये और मूंगफली तेल 45 रुपये महंगा हुआ। सोया तेल का भाव 27 रुपये और वनस्पति का 25 रुपये बढ़ गया। वहीं सूरजमुखी तेल 27 रुपये प्रति क्विटंल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 13 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया, जबकि चीनी तीन रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7677.12 रुपये, मसूर काली 8132.72 रुपये, मूंग दाल 10161.78 रुपये, उड़द दाल 10844.96 रुपये, तुअर दाल 11253.53 रुपये प्रति क्विटंल रही।



स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# एक जनपद एक व्यंजन से यूपी के पारंपरिक स्वाद को मिलेगी वैश्विक पहचान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की समृद्ध पाक परंपरा को अब ग्लोबल प्लेटफॉर्म मिलेगा। योगी सरकार 'एक जनपद एक व्यंजन' योजना के जरिए प्रदेश के सभी जिलों के विशिष्ट पारंपरिक व्यंजनों का ब्रांड निर्माण कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाएगी। हाल ही में योगी मंत्रिमंडल ने इस महत्वाकांक्षी योजना को स्वीकृति दे दी है।

सरकार की ओर से जारी बयान के मुताबिक इस योजना का उद्देश्य केवल स्वाद और परंपरा को संरक्षित करना ही नहीं, बल्कि स्थानीय उद्यमिता, रोजगार और निर्यात को भी बढ़ावा देना है। सरकार हर जिले के पारंपरिक व्यंजनों की पहचान कर उन्हें संगठित, सुरक्षित, ब्रांडेड और बाजारोन्मुख बनाएगी। योजना के तहत जिलाधिकारियों, संबंधित विभागों, प्रतिष्ठित संस्थानों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और जिला उद्योग केंद्रों से मिले सुझावों के आधार पर जनपदवार व्यंजनों की पहचान की गई है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड के...** पहले वे केंद्रीय मंत्री भी रह चुके थे। भारतीय सेना से रिटायरमेंट के बाद उनका 30 साल का राजनीतिक करियर रहा है। उनके निधन से प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई। उनके पुत्र भाजपा नेता मनीष खंडूड़ी ने पिता के निधन की जानकारी सोशल मीडिया के जरिये साझा की। वहीं, उनके निधन पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेवा. निवृत्त) के निधन का दु:खद समाचार प्राप्त हुआ। खंडूड़ी ने भारतीय सेना में रहते हुए राष्ट्र सेवा, अनुशासन और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सैन्य जीवन से लेकर सार्वजनिक जीवन तक उनका व्यक्तित्व राष्ट्रहित और जनसेवा के प्रति समर्पित रहा। राजनीतिक जीवन में उन्होंने उत्तराखंड के विकास, सुशासन, पारदर्शिता और ईमानदार कार्यशैली की मजबूत पहचान बनाई। एक जननेता के रूप में उन्होंने प्रदेश के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए और अपनी सादगी, स्पष्टवादिता एवं कार्यकुशलता से लोगों के हृदय में विशेष स्थान बनाया। उनका निधन उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। वहीं, उनके निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को देहरादून के बसंत विहार उनके निवास स्थान पर लाया गया।

### उच्चतम न्यायालय के आदेश पर खांडू से इस्तीफा मांगें मोदी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय की तीन सदस्ईय पीठ के अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच का आदेश दिए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनसे इस्तीफा मांगना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि गत छह अप्रैल को उच्चतम न्यायालय की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) को उन आरोपों की प्रारंभिक जांच करने का निर्देश दिया था, जिनमें जनवरी 2015 से दिसम्बर 2025 के बीच अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के परिवार को कथित हितों के टकराव की स्थिति में 1,270 करोड़ रुपये के ठेके दिए जाने का मामला शामिल है।

# पेट्रोल-डीजल के दाम चार दिन में दूसरी बार बढ़ाने पर जवाब दें मोदी

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चार दिन के भीतर दूसरी बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए जाने के सरकार के फैसले पर हैरानी जताते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बारे में जनता को जवाब देना चाहिए।

खड़गे ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि सरकार ने 15 मई के बाद आज सुबह अचानक फिर पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए। उन्होंने कहा कि अब स्पष्ट हो गया है कि देश संकट में है और श्री मोदी को इसका जवाब देना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने तेल के दाम चार दिन में दूसरी बार में बढ़ाने के निर्णय को सरकार की गलत नीतियों का परिणाम बताया और कहा कि मोदी सरकार नाकामियों का बोझ जनता के सिर पर डाल रही है। उन्होंने कहा कि दाम बढ़े चार ही दिन हुए कि मोदी सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम फिर बढ़ा दिए। पूरी भूमिका बनाकर, बचत का उपदेश देकर अपनी नाकामियों का बोझ जनता पर डालने का कार्य प्रगति पर है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि 'आम जनता की लूट और उद्योग पति गौतम अडानी को अमेरिका से छूट', यही मोदी जी का 'कम्प्रोमाइज्ड मॉडल' है। प्रधानमंत्री ने अमे. रिका से हाथ-पैर जोड़कर रूसी तेल खरीदने की अनुमति की अवधि एक महीने के लिए बढ़वाई है और इससे देश के स्वाभिमान को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार के अनुसार रूसी तेल खरीदने की अनुमति मिल गई है, तो पेट्रोल-डीजल की कीमतों का बोझ आम जनता पर क्यों डाला जा रहा है। खड़गे ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी में दूरदर्शिता और नेतृत्व की कमी है।



■ कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने जताई हैरानी, पीएम से मांगा जवाब

### तेल उत्पादन बढ़ाने में विफल रही है सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार ने तेल आपूर्ति तथा तेल उत्पादकता बढ़ाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए हैं, जिसके कारण देश में तेल का संकट बढ़ गया है और इसका खामियाजा आम जनता को झेलना पड़ रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा राज्यसभा सांसद शक्ति सिंह गोहिल ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री ने ईंधन उत्पादन को लेकर देश की जनता से जो वायदा किया था उसे पूरा करने में विफल रहे हैं और इसको लेकर उन्हें जनता को जवाब देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि वह जो कहते हैं, करते नहीं हैं। इसका उदाहरण देते हुए हाल ही में प्रधानमंत्री ने लोगों को विदेश यात्रा नहीं करने और पेट्रोल-डीजल का उपयोग कम करने की सलाह दी लेकिन इसके कुछ ही समय बाद खुद विदेश यात्रा पर चले गए।

# हाइवे पर हादसे में टैम्पो चालक की मौत

## दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नेशनल हाईवे पर दो अलग-अलग हादसों में मुरादाबाद निवासी टेंपो चालक विजेंद्र की मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हुए हैं। हादसे डिडौली और रजबपुर क्षेत्र में हुए। घायलों का उपचार के लिए चौधरपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।





पहला हादसा मंगलवार सुबह रजबपुर थाना क्षेत्र में हाईवे पर गांव झनकपुरी के पास हुआ। मुरादाबाद के एकता विहार कालोनी आजादनगर निवासी विजेंद्र सिंह टेंपो में सब्जी लेकर गजरौला गए थे। सुबह लगभग छह बजे वह वापस मुरादाबाद लौट रहे थे। झनकपुरी के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो पलट गया तथा उसमें दबकर 40 वर्षीय विजेंद्र की मौत हो गई। विजेंद्र के परिवार में पत्नी सुनीता व तीन बच्चे उदित, कृष्णा व राधिका हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। वहीं, दूसरा हादसा डिडौली क्षेत्र में हाईवे पर गांव ढकिया चमन के पास हुआ है। गांव डिडौली निवासी आकिल टेंपो में सवारी बैठा कर पाकबड़ा की तरफ जा रहा था। टेंपो के आगे अचानक आए बाइक सवार को बचाने के चक्कर में आगे चल रही डीसीएम के चालक अदनान ने स्टेयरिंग मोड़ दिया। जिससे अनियंत्रित हुई डीसीएम टेंपो से जा टकराई। हादसे में टेंपो में सवार आकिल, राजेश कुमार, जितेंद्र सिंह, अजय कुमार व रोशनी देवी घायल हो गए। सभी लोग एक फैक्ट्री में काम करते हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को चौधरपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंच गए थे।

## टैम्पो ने बाइक को रौंदा, महिला की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अतरासी-अमरोहा मार्ग पर मंगलवार दोपहर टेंपो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौत हो गई जबकि पति गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसा अमरोहा-अतरासी मार्ग पर गांव हाकमपुर के पास हुआ। बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव कौराल निवासी ऋषिपाल सिंह व उनकी पत्नी प्रवेश देवी बाइक पर सवार होकर गांव खाता स्थित रिश्तेदारी में जा रहे थे। जब हाकमपुर गांव में पहुंचे तो पीछे से आ रहे टेंपो ने टक्कर मार दी। हादसे में प्रवेश देवी की मौके पर ही मौत हो गई तथा ऋषिपाल

**■ हादसे में पति गंभीर रूप से घायल**

सिंह गंभीर घायल हो गए। उन्होंने हेलमेट भी लगा रखा था। वहीं, चालक टेंपो छोड़ कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया तथा शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने मामले में तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की बात कही।

## हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

### परिवार में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैदनगली**। उझारी-बुरावली मार्ग पर हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सौहत निवासी गुड्डू पुत्र विशंभर सिंह बीती 12 मई की सुबह बाइक से खेत पर जा रहा था। बताया जा रहा है कि गांव के पास पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने उसे पहले स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद के निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। कई दिनों तक उपचार चलने के बावजूद उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। मंगलवार को तबीयत अधिक बिगड़ने पर परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक के भाई विना.द कुमार ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही शव का पोस्टमार्टम कराने की भी मांग की गई है।

## गर्भवती पत्नी की हत्या में पति को दस साल की सजा

### शादी के डेढ़ साल बाद दहेज के लिए की थी पत्नी की हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। आठ माह की गर्भवती महिला की संदिग्ध मौत के मामले में अदालत ने पति को दहेज हत्या का दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। जबकि चार हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया।

डिडौली क्षेत्र के गांव औरंगाबाद निवासी जयप्रकाश ने 28 अप्रैल 2018 को अपनी बेटी गीता की शादी को गजरौला थाना क्षेत्र के गांव वारसाबाद निवासी नरेंद्र के साथ की थी। उनका आरोप था कि शादी के बाद से ही बेटी गीता को ससुराल में दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। उस पर मायके से अतिरिक्त सामाने दिलाने का दबाव बनाते थे। विरोध करने पर मारपीट की जाती थी। घटना के समय गीता करीब आठ महीने की गर्भवती थी। 19 अगस्त 2019 को मायके वालों को सूचना मिली कि तबियत बिगड़ने पर गीता को जोया के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां पहुंचने पर गीता उन्हें मृत मिली थी। मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर मृतका के पिता ने अदालत की शरण ली थी। इसके बाद अदालत के आदेश पर 18 मार्च 2020 को पति नरेंद्र व अन्य ससुराल वालों के घ्खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा हुआ था। बाद में पुलिस ने नरेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फिलहाल वह जमानत पर था। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित प्रथम की अदालत में विचाराधीन थी। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने पांच गवाह पेश किए, जिनमें मृतका के पिता जयप्रकाश, भाई प्रदीप कुमार, चिकित्सक और विवेचक शामिल रहे। अदालत में पोस्टमार्टम रिपोर्ट समेत अन्य दस्तावेज साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। सोमवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं तथा साक्ष्यों का गहन अवलोकन किया। अभियोजन की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता देवेश नागर ने मजबूत पैरवी की। अदालत ने पति नरेंद्र को दहेज हत्या में दोषी मानते हुए हिरासत में जेल भेजने का आद.ेश दिया। मंगलवार को सजा के प्रश्न पर सुनवाई की तथा दहेज हत्या में दोषी पति नरेंद्र को 10 साल कैद की सजा सुनाई तथा चार हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

**बाग की रखवाली करने गया था, परिजनों में मचा कोहराम**

## कुईयां में अधेड़ का शव मिलने से सनसनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हसनपुर**। अधेड़ का शव कुइया में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



नगर के मोहल्ला कायस्थान चामुंडा रोड निवासी खालिद पहलवान पुत्र नूर अहमद दीपपुर मार्ग से सटे एक आम के बाग में झोपड़ी डालकर रहता था। खालिद का एक ही बेटा है जो मुंबई में सैलून पर रहता है तथा एक बेटी भी है जिसकी शादी हो गई है। रहरा बस स्टैंड चौराहा के समीप खालिद टूटे-फूटे हुए मरीजों का इलाज करता था। सोमवार की रात वह आम के बाग में सोने के लिए गया था। मंगलवार की दोपहर के समय किसी ने खालिद पहलवान के छोटे भाई राशिद को घर आकर बताया तेरे भाई की लाश कुइयां में पड़ी हुई है। सूचना मिलते ही कोतवाल राज.ेश कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। अनुमान लगाया जा रहा है कि खालिद पहलवान रात किसी समय कुइया में गिर गये जिससे उनकी मौत हो गई। उनका शव भी अकड़ गया था। परिजनों एवं मोहल्ले के लोगों के मुताबिक खालिद बहुत ही मिलन सार था उसकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मामूली विवाद में पूर्व सपा नगर अध्यक्ष के बेटे का सिर फोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। नाला निर्माण पीछे हट कर बनाने को लेकर हुई कहासुनी में दो पक्षो में विवाद हो गया। एक पक्ष ने समाजवादी पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष के बेटे के सिर मे धारदार चीज मारकर घायल कर दिया घायलों को परिवार के लोगो ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया पीड़ित के भाई की तरफ से चार लोगों के खिलाफ तहरीर दे दी गयी है



कस्बे के मोहल्ला चोकीदारान में नगर पंचायत सड़क व नाला निर्माण करा रहा है मकानों से

**■ चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरी**

नाला मिलाकर बनाने को लेकर समाजवादी पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष जमशेद अली के बेटे नईम अहमद व नजार पहलवान में विवाद हो गया। मामूली कहासुनी थोड़ी देर में ज्यादा बढ़ गयी आरोप है कि इतने में नजार पहलवान के बेटे अहरार व शारिक व भाई रियाज ने नईम के सर पर धारधार हथियार से हमला कर दिया लहुलहान होने पर चारो छोड़ कर भाग गए घायल को परिवार के लोगो ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी गयी है।

## एक नजर

### सांसद ने दिवंगत परिवारों को दी सांत्वना



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। सांसद कंवर सिंह तंवर ने विभिन्न गांवों में पहुंचकर दिवंगत लोगों के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद सबसे पहले गजरौला विधानसभा क्षेत्र के गांव पपसरा पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व प्रधान स्व. पिताम्बर राजपूत के पुत्र स्व. डॉक्टर महेंद्र सिंह त्यागी के निधन पर उनके परिजनों को सांत्वना दी। इसके बाद वह हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के नगर हसनपुर में स्व. आशिफ अव्वासी के आवास पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया। अंत में सांसद गांव मानोता में स्व. नवराज सिंह जी के निधन पर उनके पुत्र ललित से मिले और शोक संवेदना प्रकट की। इस दौरान जिला महामंत्री उपेंद्र गोस्वामी, उदवीर सिंह, मनोज शर्मा, महेंद्र खड्गवंशी, चन्द्रपाल खड्गवंशी, अतुल चौधरी, विरेंद्र चौधरी, मोनू यादव और हरवीर सिद्धू सहित भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

### डिवाइडर से टकरायी बाइक, दम्पति घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। डिडौली बाइक चलाते समय आई नींद की झपकी एक दंपती के लिए हादसे का कारण बन गई। मंगलवार को डिडौली क्षेत्र में डीएनएस कालेज के सामने बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार रामपुर जिले के शाहबाद निवासी 35 वर्षीय भूरा पुत्र चंद्रपाल अपनी पत्नी संदिया के साथ बाइक से बल्लभगढ़, फरीदाबाद जा रहे थे। मंगलवार को जब उनकी बाइक जोया की ओर डिडौली क्षेत्र में डीएनएस कालेज के सामने पहुंचीद्य तभी बाइक चला रहे भूरा को अचानक नींद की झपकी आ गई। इससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक फिसलकर सीधे डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में भूरा और उनकी पत्नी संदिया गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## फिल्मी अंदाज में फर्जी लूट का रचा था ड्रामा

### कर्ज से बचने के लिए रची थी लूट की साजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कर्ज के दलदल में फंसे एक शख्स ने बैंक का लोन माफ कराने के लिए ऐसी फिल्मी साजिश रची कि सुनने वालों के होश उड़ गये।



थाना रजबपुर के गांव दौलतपुर नहरी निवासी वीरेंद्र सिंह ने कोतवाली हसनपुर पुलिस को सूचना दी कि बाइक सवार बदमाशों ने किसान इंटर कॉलेज ताहरपुर के समीप 2 बदमाशों ने उसकी बाइक को रोककर 2 लाख 90 हजार की लूट को अंजाम दे दिया है। फर्जी लूट की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जब पुलिस ने घटना स्थल की खाक छानी, तो कहानी में झोल ही झोल नजर आया। जब पुलिसिया अंदाज में वीरेंद्र से तीखे सवाल दागे गये। तो वह सकपका गया और उसके पसीने छूट गये। सख्ती बरतने पर वीरेंद्र ने जो सच उगला, उसने सबको सन्न कर दिया। दरअसल, वीरेंद्र अपने बेटे की सरकारी नौकरी लगवाने के चक्कर में 22 लाख की ठगी का शिकार हो चुका था। कर्जदारों से बचने और बैंक का किसान क्रेडिट कार्ड लोन हजम करने के लिए उसने यह खौफनाक लूट का ड्रामा रचा था। पुलिस ने उसके दोस्त नरेंद्र के घर से छिपाई गई पूरी रकम बरामद कर वीरेंद्र को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। कानून की आंखें बहुत तेज होती हैं। पुलिस के मुताबिक वीरेंद्र ने अपने एक मिलने वाले नरेंद्र सिंह से 3 लाख का कर्जा लिया था। वह तकाजा कर रहा था। बैंक से पैसे निकालने के बाद वीरेंद्र ने नरेंद्र सिंह के घर पहुंच कर उसे 2 लाख 90 हजार दे दिये थे।

## बहू को बचाने आये माता पिता को पीटा

### सिपाही से भी धक्का-मुक्की का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। पत्नी को पीट रहे नशेड़ी युवक ने उसे बचाने आये माता-पिता के अलावा भाई के साथ भी मारपीट कर दी। डायल 112 के सिपाही से भी धक्का मुक्की करने का प्रयास किया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक नशा करने का आदी है। मंगलवार की दोपहर नशेड़ी युवक अपनी पत्नी के साथ गाली गलौज करने के बाद मारपीट कर रहा था। भाई के अत्याचार से विवाहिता को बचाने आये बड़े भाई के साथ भी आरोपी ने मारपीट कर दी। दुस्साहसी नशेड़ी बेटे से बहू को बचाने के लिए आगे आये माता-पिता को भी नशेड़ी युवक ने नहीं बख्शा तथा उनके साथ भी मारपीट कर दी। सूचना मिलने पर जब डायल 112 आरोपी के घर पहुंची तो नशेड़ी युवक ने सिपाही के साथ धक्का मुक्की करने का प्रयास किया। उसके बाद आरोपी को पकड़ कर पुलिस कोतवाली ले आई। बताया जाता है कि आरोपी युवक आये दिन नशे में धुत होकर पत्नी व परिवार के अन्य लोगों के साथ मारपीट करता है।

### वार्डवार कैंप लगाकर बनाई जाएंगी फैमिली आईडी



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। अधिशासी अधिकारी विपिन सैंगर ने बैठक कर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और फैमिली आईडी बनवाने को लेकर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए कस्बे के प्रमुख चौराहों पर बैनर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के इच्छुक लोग आधार कार्ड, पैन कार्ड, बिजली बिल और बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर पंजीकरण करा सकते हैं। बैठक में फैमिली आईडी बनवाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए वार्डवार टीम गठित कर कैंप लगाने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक विजय प्रसाद शर्मा, मुहम्मद नौमान, मोबीन हसन, मुस्तकीम अहमद, रवि कुमार, सूरजपाल सिंह समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## मारपीट की घटनाओं में तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। एक महिला के साथ जेठ ने मारपीट करते हुए घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं एक दूसरी घटना में युवक के साथ मारपीट करके घायल कर दिया।

थाना क्षेत्र के रायपुर शुमाली निवासी महिला प्रीति पत्नी धर्मेंद्र सिंह का आरोप है कि उसके जेठ जितेंद्र सिंह पुत्र परम सिंह ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर 112 डॉयल पुलिस भी पहुँच गयी थी, हालाँकि उस समय आरोपित वहां से फरार हो गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं थाना क्षेत्र के गांव वारसाबाद निवासी दीपक का आरोप है कि वह अपने घर जा रहा था, तभी थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गौसाईं निवासी युवक

**■ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके शुरू की कार्रवाई**

आजाद सिंह और मयंक ने मारपीट करके घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**पेड़ काटने का विरोध किया तो पीटकर किया घायल**

थाना क्षेत्र के एक गाँव में कुछ लोगों ने पेड़ तोड़ने और विरोध करने पर मारपीट करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानठेर मोहम्मदपुर में किसान छोटे सिंह रहते हैं। इनका आरोप है कि इनके पड़ोसी खेत स्वामी सुरेश और उसके पुत्र उमेश ने खेत में लगे 79 पेड़ तोड़ दिए और उखाड़ दिए। विरोध जताया तो छोटे सिंह को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## डीएलएड परीक्षा से 141 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

### नगर के दो केन्द्रों पर सम्पन्न हुई परीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। डीएलएड चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा तीन पालियों में सम्पन्न हुई। जिसमें ।41 परीक्षार्थियों ने पेपर से किनारा कर लिया। जबकि 3034 परीक्षार्थी शामिल हुए।

नगर में डीएलएड परीक्षा के लिए जीईसी व जीजीआईसी को केंद्र बनाया गया है। परीक्षा केंद्रों पर सचल दलों और आंतरिक पर्यवेक्षकों की निगरानी मे परीक्षा नकलविहीन सुव्यवस्थित तरीके से कराई गई। केंद्रों पर मोबाइल व किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहा। सघन तलाशी के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। परीक्षा प्रभारी रमाशंकर ने बताया कि डी एल एड चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की गई। डायट प्राचार्य शाहीन ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं शासन के निर्देशानुसार की गई। जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो सकी। पहली पाली में 1031 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिनमें 1017 उपस्थित रहे और 14 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 1028 में से 1014 ने परीक्षा दी 14 अनुपस्थित रहे। तीसरी पाली में 1016 मे से 1003 उपस्थित रहे जबकि 13 अनुपस्थित रहे। सचल दलों ने भी समय समय पर परीक्षा केंद्रों का निरक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### दूसरे दिन भी काली पट्टी बांधकर किया कार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों का वेतन न मिलने पर विरोध लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। मंगलवार को कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। हालांकि मरीजों की परेशानी को देखते हुए स्वास्थ्य कर्मियों ने चिकित्सा सेवाएं प्रभावित नहीं होने दीं और नियमित ड्यूटी करते रहे। कर्मचारियों ने बताया कि पिछले दो महीनों से वेतन नहीं मिला है, जिससे आर्थिक दिक्कतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। विरोध कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन अगले तीन दिन तक जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन में डॉ. मोहम्मद परवेज, डॉ. सीमा गौरव, डॉ. शिरीन परवीन, डॉ. कुलदीप शर्मा, मोहित कुमार बिश्नोई, दीपा यादव, प्रशांत कुमार, सुनील कुमार, संदीप कुमार, रवि कुमार, मुस्कान कटियार, अभिषेक वर्मा आदि मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा चोरी का खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पुलिस ने 48 घंटे के भीतर ई रिक्शा चोरी का खुलासा करते दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ई रिक्शा बरामद किया। मंगलवार को दोनों आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

नगर के मोहल्ला इकरार नगर निवासी मोहम्मद आदिल रिक्शा चलाकर परिवार की आजीविका चलाता है। रविवार की दोपहर करीब ढाई बजे वह घर के बाहर रिक्शा खड़ा कर खाना खाने चला गया। थोड़ी देर बाद जब आदिल वापस आया तो रिक्शा ना देख उसके होश उड़ गए। मोहल्ले में काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। गली में एक घर में लगे सीसीटीवी चौक किए गए । उसमें दो लोग रिक्शा चोरी कर ले जाते दिखाई दिए। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर रज्जाक चौकी पुलिस तभी से आरोपियों की धड़ पकड़ में लगी थी। फुटेज के आधार पर मंगलवार को चौकी प्रभारी संदीप बालियान ने हेड कांस्टेबल मोहम्मद साजिद, कांस्टेबल मोहित ने मोहल्ला कुरैशी निवासी समद उर्फ अब्दुल व उवैस को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की निशानदेही पर ई रिक्शा भी बरामद हो गई। सीओ अभिषेक यादव ने दोनों आरोपियों का चालान करने की बात कही।

# मौत के मामले में सील नर्सिंग होम की फिर टूटी सील

## स्वास्थ्य विभाग सवालों के घेरे में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। गांव नबाबपुरा भूड़ स्थित माधव नर्सिंग होम एक बार फिर चर्चा में आ गया है। जच्चा की मौत के बाद जिस नर्सिंग होम को प्रशासन ने पांच माह पहले सील किया था, उसकी सील टूटी मिलने पर सोमवार को एसडीएम शैलेश दुबे ने दोबारा कार्रवाई करते हुए अस्पताल को फिर से सील करा दिया। मामले के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

गांव मुकरामपुर निवासी आनंद ने जिलाधिकारी को शिकायत देकर बताया कि 22 दिसंबर 2025 को उसने अपनी पत्नी प्रियंका को प्रसव के लिए माधव नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान लापरवाही होने से प्रियंका की मौत हो गई थी। घटना के बाद परि. जनों और ग्रामीणों ने हंगामा किया था। सूचना पर पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचा था। इसके बाद अस्पताल संचालिका डॉ. ज्योति, डॉ. राहुल समेत अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था और 26 दिसंबर 2025 को नर्सिंग होम सील कर दिया गया था। आरोप है कि करीब पांच माह बाद अस्पताल संच. ालकों ने बिना अनुमति सील तोड़ दी। अंदर रखा सामान भी निकाल लिया गया और बाद में फिर ताले डाल दिए गए। शिकायतकर्ता का कहना है कि इतने बड़े मामले की जानक. ारी स्वास्थ्य विभाग को भी नहीं लगी। सोमवार को शिकायत मिलने पर एसडीएम शैलेश दुबे मौके पर पहुंचे। उन्होंने नर्सिंग होम का निरीक्षण किया और दोबारा सील कराते हुए पूरे मामले की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी। साथ ही यह भी पूछा कि आखिर सील कैसे टूटी और इतने समय तक विभाग ने निगरानी क्यों नहीं की।

# रंगों के माध्यम से दिया महादान का संदेश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। रामचरण दास पुरुषोत्तम शरण बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं द्वारा दिखाई कलात्मक प्रतिभा दिखाई गई। विजेताओं को मिले विशेष पुरस्कार

रामचरण दास पुरुषोत्तम शरण बालिका इंटर कॉलेज में इनर व्हील क्लब के तत्वावधान में एक बेहद प्रेरणादायक और भव्य पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय अंगदान रहा। जिसे लेकर छात्राओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता में विद्यालय की सभी छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। छात्राओं ने अपनी कूची और रंगों के माध्यम से सफेद कागजों पर अंगदान की महत्ता को जीवंत कर दिया। उनके द्वारा बनाये गये पोस्टर्स ने समाज को यह संदेश दिया कि मृत्यु के बाद भी किसी को नया जीवन दिया जा सकता है। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाली छात्राओ को पुरस्कार दिया गया। क्लब के द्वारा कॉलेज को आवश्यकता अनुसार एक छत का पंखा भी दिया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष आरती गुप्ता, सचिव सोनिया रस्तोगी, कविता अग्रवाल, अंचल अग्रवाल, प्रियंका गर्ग, अंकित शर्मा, प्रधानाचार्य के अतिरिक्त समस्त विद्यालय शिक्षक परिवार एवं छात्राएं उपस्थित रही।

## सीएम को मुख्य अतिथि बनाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। 25 जुलाई को प्रस्तावित प्रदेश स्तरीय भगवान श्री दक्ष प्रजापति जयंती महोत्सव को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति जुट गई है। मंगलवार को आयोजन समिति के सदस्यों ने सांसद चौ.कँवर सिंह तंवर को सहमति पत्र सौंपकर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए अनुरोध किया गया। समिति के प्रतिनिधियों ने सांसद को बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री दक्ष प्रजापति जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष प्रदेश भर से 25 से 35 हजार लोगों के सम्मलित होने का लक्ष्य तय किया गया है। बताया कि यह महोत्सव सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना एवं युवाओं के मार्गदर्शन का मंच बनेगा। उन्होंने सांसद से अनुरोध किया कि वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति कराने हेतु सहयोग प्रदान करें। सांसद ने आश्वस्त किया कि वे इस दिशा में सार्थक प्रयास करेंगे। इस मौके पर अध्यक्ष उत्तम सिंह प्रजापति, रजनीश प्रजापति, विजयपाल सिंह, उमेशचंद्र प्रजापति, सुरेश प्रजापति, सोनू प्रजापति मौजूद रहे।

# आसमान से बरस रही आग, लोग बेहाल

## जनजीवन प्रभावित, बाजारों व सड़कों पर पसरा सन्नाटा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मंगलवार को भीषण गर्मी और चटख धूप से लोग बेहाल रहे। दोपहर के समय ऐसा लगा जैसे आसमान से आग बरस रही हो। तापमान 40 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। चिलचिलाती धूप गर्म हवाओं के थपेड़ो ने जीना मुहाल कर दिया। अधिक गर्मी को देखते हुए लोगों ने घरों में ही रहना सुरक्षित समझा। भीषण गर्मी के चलते दोपहर के समय रोडवेज बसों और रेलवे स्टेशन पर भी भीड़ नहीं दिखाई दे रही। हीट वेव की रफ्तार के चलते बाजार सुने पड़े है। जबकि मोहल्लों ओर गलियों में सन्नाटा पसरा है। चिलचिलाती धूप और आसमान से बरस रही आग से लोग बेहाल है। दिन निकलते ही गर्मी अपने तेवर दिखाने शुरू कर देती है। चटख धूप और तेज तपिश से बचने के लिए लोग अपने जरूरी काम सुबह शाम मे निपटा रहे है। घर के अंदर भी गर्मी बैचेन कर रही है। जबकि कूलर पंखों में भी पसीना नहीं सूख रहा। ऐसे में गर्मी का प्रचंड रूप लोगो को डरा रहा है। आलम यह है कि धूप में कुछ देर खड़ा होना तो दूर घरों से भी बाहर निकलते हुए लोग घबरा रहे है। तपिश इस कदर की खड़े खड़े चक्कर आने लगे। घर से बाहर निकलने वाले लोग मिनटों में पसीना पसीना हो रहे हैं। कूलर और पंखे राहत देने में नाकाफी साबित हो रहे है। दोपहर के समय बाजार सूने हो जाते है। मोहल्लों, गलियों में सन्नाटा पसर जाता है। सूरज ढलने के बाद ही कुछ राहत मिलती है।

## ओगपुर की पूजा बनी उपनिरीक्षक



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के ढबारसी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यालय की पूर्व छात्रा पूजा के पुलिस विभाग में उप निरीक्षक के गोपनीय पद पर चयन होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पूजा थाना आदमपुर क्षेत्र के छोटे से गांव ओगपुरा की रहने वाली हैं। विद्यालय परिवार ने उन्हें स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान पूजा ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और शिक्षा का महत्व बताते हुए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य अखिलेश और अध्यक्ष जयसिंह भाटी ने पूजा की सफलता को क्षेत्र और विद्यालय के लिए गर्व की बात बताया। समारोह में विद्यार्थियों ने तालियों और फूल-मालाओं के साथ उनका स्वागत किया।

# श्यौनाली में अंडरपास बनवाने की मांग



## किसान एकता संघ ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। किसान एकता संघ ने नेशनल हाइवे पर अंडरपास बनवाने व हाईवोल्टेज विद्युत लाइन हटवाने की मांग को कलेक्ट्रेट मे ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को किसान एकता संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट मे डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उनकी मांग है कि जनहित में दुर्घटनाओं से बचने के लिए गांव श्यौनाली के सामने नेशनल हाईवे एनएच 9 पर अंडरपास का निर्माण हो। जिसको लेकर एक साल से उनका आंदोलन जारी है। किसान पिछले डेढ़ साल से नारंगपुर में घनी आबादी से गुजर रही हाईवोल्टेज लाइन हटवाने की मांग कर रहे है। परंतु लाइन अभी तक नहीं हटी। हाइवोल्टेज लाइन को हटवाकर खेत किनारे किया जाए और गरीबी रेखा के अंतर्गत पात्रों के राशन कार्ड बनवाए जाए। चेतावनी दी अगर उनकी समस्याओं का समाधान जल्द नहीं हुआ किसान आंदोलन को मजबूर होगे। ज्ञापन सौंपने वालों मे जिलाध्यक्ष महफूज अली, डॉ.रवि नागर, पंडित राजेश शर्मा, भजन लाल, भगवान सिंह, बिरेश गुर्जर, मुस्तकीम शामिल रहे।

# संतुलित उर्वरक प्रयोग से होती है उत्पादन में वृद्धि



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा नई दिल्ली एवं कृषि विज्ञान केंद्र अमरोहा के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को 'मेरा गांव मेरा गौरव' कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र पर संतुलित उर्वरक उपयोग जागरूकता अभियान

**■ किसानों को उर्वरा उपयोग के प्रति किया जागरूक**

का आयोजन किया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.शैलेंद्र कुमार झा ने किसानों को मिट्टी में उपलब्ध पोषक तत्वों तथा फसलों की आवश्यकता के अनुसार अनुशंसित उर्वरकों के संतुलित प्रयोग की जानकारी दी। बताया कि संतुलित उर्वरक उपयोग से न केवल उत्पादन में वृद्धि होती है, बल्कि मृदा स्वास्थ्य भी बेहतर बना रहता है। डॉ. अंजू अरोरा ने सूक्ष्मजीवों के बारे में जानकारी दी। कहा फसलों में एजोटोबेक्टर, एजोस्पर्म एवं पीएसबी जैसे सूक्ष्मजीवों को अधिक से अधिक प्रयोग करने से नत्रजन एवं फास्फोरस की उपलब्धता फसलों में बढ़ जाती है, जिसके कारण रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कम कर सकते है इससे मिट्टी की गुणवत्ता में भी सुधार होता है। कार्यक्रम में डॉ.सुधीर कुमार, केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ.एके मिश्र, डॉ.अमित तोमर, डॉ.शीशपाल सिंह, डॉ.सतपाल सिंह, डॉ.प्राची पटेल ने भी विषय सम्बंधित विचार व्यक्त करके किसानों का मार्गदर्शन किया।

## ईओ ने ली प्रगणक एवं सुपरवाइजर की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता उझारी**। जनगणना संबंधित चार्ज अधिकारी नगर पंचायत उझारी ने जनगणना प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों की मीटिंग ली एवं उनका किटो, सामग्री वितरण किया गया। स्वयं गणना के लिए जागरूक किया गया। मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में अधिशासी अधिकारी एवं जनगणना चार्ज अधिकारी विजयपाल सिंह ने प्रगणकों एवं सुप. रवाइजरों की मीटिंग लेकर उन्हें अपने दायित्व के बारे में समझाया। उन्होंने कहा कि लोगों को स्वयं गणना के बारे में जागरूक किया जाए। मीटिंग में कीट एवं सामग्री का वितरण किया गया। जनगणना में 47 प्रगणक एवं 8 सुपरवाइजर लगाए गए हैं। मीटिंग में मुख्य रूप से अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, लिपिक नवीन कुमार अग्रवाल, लिपिक कृष्ण दत शर्मा, मोहम्मद यामीन, निजामुद्दीन, मोहम्मद जुहैब, बचन सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# जनगणना को लेकर किन्नर समाज को किया जागरुक

## नगर पालिका में दी गयी स्वःगणना की जानकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने मंगलवार को पालिका सभागार में नगर में निवासरत किन्नर समाज के लोगों के साथ बैठक कर जनगणना 2027 के महत्व और स्वः गणना प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने सभी से जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। बैठक में बताया गया कि नगर पालि. का परिषद अमरोहा क्षेत्र में जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत सुप. रवाइजर और प्रगणकों की नियुक्ति कर परिवारों को स्वः गणना के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उप नगर आयुक्त ने किन्नर समाज को भी इस अभियान से जोड़ते हुए उन्हें ऑनलाइन स्वः गणना की प्रक्रिया समझाई और जागरूक किया। इस दौरान किन्नर समाज के लोगों की स्वः गणना भी कराई गई। कार्यक्रम में जनगणना निद. ेशालय से नामित जनपदीय ट्रेनर व्यास नंदन, कर अधीक्षक केशव प्रसाद सहित पालिका के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# शनि सेवा दल ने चढ़ाया हनुमान जी को चोला



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। ऊं शनि सेवा दल द्वारा भगवान शनिदेव जन्मोत्सव कार्यक्रम के निर्विघ्न पूर्ण होने पर मंगलवार को नगर के श्री राम मंदिर में राम भक्त हनुमान जी को चोला चढ़ाकर धन्यवाद स्वरूप श्रंगार

**■ भक्तों के कल्याण की प्रार्थना की**

किया गया। हनुमान चालीसा पाठ के पश्चात भक्तों ने संकट मोचन हनुमान जी की आरती उतारी और भक्तों के कल्याण की प्रार्थना की। इस मौके पर संरक्षक सुरेन्द्र स्वामी, अध्यक्ष महेन्द्र स्वामी, कोमल चौधरी, विजय शर्मा आदि भक्तगण मौजूद रहे। वहीं योगेश प्रभाकर एवं मोहन मिश्रा के आचार्यत्व में यह पूजन की यह क्रिया सम्पन्न हुई।

# नामजद आरोपी की तलाश में दबिश दे रही पुलिस

## गांव पौरारा में बीते दिन हुई थी महिला की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। रहरा थाना क्षेत्र के ग्राम पोरारा में हुई सनसनीखेज हत्या की वारदात से इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। नामजद आरोपी पुलिस पकड़ से अभी दूर है। 45 वर्षीय जावित्री का शव सोमवार को उनके ही घर की छत पर जिस हाल में मिला, उसने पुलिस के भी होश उड़ा दिये थे। मृतका के हाथ-पैर बंधे और मुंह भी बंधा हुआ था। जो साफ तौर पर किसी रंजिश या सोची-समझी साजिश की ओर इशारा कर रहा था। जावित्री अपने मायके में ही रह रही थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने स्वयं मौके का मुआयना किया और टीम को जल्द से जल्द खुलासे के निर्देश दिये। मामले में नया मोड़ तब आया जब मृतका के ममेरे भाई राकेश की तहरीर पर पुलिस ने सगे भतीजे हिमांशु पुत्र टेकचंद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। फिलहाल नामजद आरोपी हिमांशु पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

# प्रथम स्थान पाने वाली बहनों को किया सम्मानित

## पूर्व चेयरमैन राजेश सैनी ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। हरिद्वार में आयोजित भारतीय खेल संघ नेशनल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र और जिले का नाम रोशन करने वाली दो सगी बहनों अंशिका और वर्तिका का मंगलवार को जोरदार स्वागत किया गया। निवर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष राजेश सैनी ने अपने प्रतिष्ठान पर दोनों खिलाड़ी बहनों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मोहल्ला कटरा निवासी अंशिका और वर्तिका ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर मंडी धनौरा का गौरव बढ़ाया। दोनों बहनों की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर राजेश सैनी ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और किसी भी मायने में बेटों से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद दोनों बहनों ने मेहनत और लगन से सफलता हासिल कर युवाओं के लिए प्रेरणा पेश की है। बताया गया कि दोनों बहनों के पिता का पहले ही निधन हो चुका है। उनके पिता ट्रैक्टर मिस्त्री का कार्य करते थे। आर्थिक और पारिवारिक चुनौतियों के बावजूद बेटियों ने खेल जगत में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस दौरान अवनीश, रोहित, राजीव सैनी, सतवीर सैनी, रितिक सैनी, नरेश यादव, विनेश सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैने अपना नाम Arvind Kumar से Arvind Kumar Agrawal रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

Arvind kumar agrawal
S/o krishna Avtar, Rehra Road
Hasanpur Amroha

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा बेटा मिश्रीयाब अहमद उर्फ मिसरेयाब तथा पुत्रवधू श्रीमति सना गलत संगत में पड़ गये हैं तथा आये दिन परिवार में झगड़ा करते रहते हैं। कई बार उन्हें समझाने का प्रयास किया परन्तु वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे। जिस कारण मैं व मेरे परिवार ने दोनों से सभी तरह के संबंध विच्छेद कर उन्हें अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी गलत कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

तसव्वुर पुत्र जफर, निवासी असगरीपुर जोया थाना डिडौली जनपद अमरोहा।

# पूल पार्टी में बच्चों ने जमकर की मस्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। जय गोविंद पब्लिक स्कूल में गर्मी की छुट्टियों से पहले विद्यार्थियों के लिए पूल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया और जमकर मस्ती की। विद्यालय परिसर बच्चों की खिलखिलाहट और उत्साह से गुलजार नजर आया। पूल पार्टी के दौरान बच्चों ने स्विमिंग पूल में खेलते हुए खूब आनंद उठाया। रंग-बिरंगी पोशाकों में पहुंचे बच्चों ने पानी में खेलकूद कर यादगार पल बिताए। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बच्चों की सुरक्षा और सुविधा के विशेष इंतजाम किए गए थे। विद्यालय के प्रबंधक सरल कुमार और प्रधानाचार्य रफाउल हसन ने बच्चों को गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि छुट्टियों के दौरान खेलकूद के साथ-साथ पढ़ाई भी जारी रखें, ताकि शिक्षा की निरंतरता बनी रहे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मनो. रंजन कराया गया। पूल पार्टी को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर फबीहा, रानिया, फिनायजा, शीबी, आरिफ, उजैर, तनकीर, आशुतोष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बीसलपुर ब्लॉक में भ्रष्टाचार का 'बाबू'

फाइलों की आड़ में जमकर हो रहा है खेल, जनता परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** विकास खंड (ब्लॉक) कार्यालय इन दिनों विकास कार्यों के लिए कम और भ्रष्टाचार के खेल के लिए ज्यादा चर्चा में है। ब्लॉक में तैनात एक बाबू (लिपिक) की मनमानी और खुलेआम भ्रष्टाचार की खबरें अब आम हो चुकी हैं। सूत्रों की मानें तो बिना श्सुविधा शुल्कश के इस बाबू की टेबल से एक भी फाइल आगे नहीं खिसकती, जिससे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पलीता लग रहा है।

जनता और ग्राम प्रधानों का आरोप है कि जरूरी कागजात और विकास कार्यों के भुगतानों की फाइलों को जानबूझकर हफ्तों तक दबाकर रखा जाता है। जब तक बाबू की श्जेब गरमश नहीं होती, तब तक फाइल में कोई न कोई कमी निकालकर उसे अटका दिया जाता है। ब्लॉक परिसर में बाबू की इस दबंगई और रिश्वतखोरी की चर्चाएं आम हैं, लेकिन इसके बावजूद उच्च अधिकारियों की रहस्यमयी चुप्पी कई बड़े सवाल खड़े करती है। क्या इस भ्रष्टाचार के खेल के तार ऊपर तक जुड़े हैं? प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, और मनरेगा जैसे जमीनी कार्यों के सत्यापन और भुगतान के लिए गरीब ग्रामीण और पात्र लाभार्थी रोजाना ब्लॉक के चक्कर काटने को मजबूर हैं। ब्लॉक में बिना पैसा दिए कोई काम नहीं होता।

मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस की नीति को यहां का स्टाफ सरेआम ठेंगा दिखा रहा है। प्रशासनिक जवाबदेही का इंतजार इस मामले में जब स्थानीय खंड विकास अधिकारी से बात करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने मामले की जांच कराने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। अब देखना यह होगा कि इस भ्रष्ट बाबू के खिलाफ जिला प्रशासन या मुख्य विकास अधिकारी कोई सख्त एक्शन लेते हैं, या फिर ब्लॉक में भ्रष्टाचार का यह खेल इसी तरह बदस्तूर जारी रहेगा।

## भाजपा नेता संतोख संधू को मिली जान से मारने की धमकी

■ एसपी से मांगी सुरक्षा, पुलिस ने एसएआर दर्ज कर शुरू की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** नगर पंचायत नौगवां पकड़िया अध्यक्ष पति भाजपा नेता संतोष सिंह संधू को कई दिनों से लगातार सामाजिक तत्वों द्वारा फोन कर जान से मारने सहित कई अन्य धमकियां देने जाने का मामला सामने आया है उन्होंने पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव से मुलाकात कर सुरक्षा मुहैया कराते हुए आरोपियों पर सखध्त कार्रवाई की मांग की है। भाजपा नेता नौगवां पकड़िया नगर पंचयात की चेयरमैन पति को व्हाट्सअप कॉल और मैसेज कर अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपी ने सोशल साइट पर चेयरमैन पति का फोटो डालकर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया सुनगढ़ी पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी को दीपक सक्सेना को गिरफ्तार कर लिया है।



थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 नौगवां पकड़िया बरेली रोड निवासी संतोख सिंह संधू पुत्र गुलजार सिंह संधू ने सुनगढ़ी पुलिस को तहरीर दी जिसमें कहां गया कि 17 मई की रात व्हाट्सएप पर लगातार मैसेज और व्हाट्सएप कॉल अभद्रता करते हुए गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपी ने पीड़ित और उसके परिजनों पर आपत्ति. जनक शब्दों का प्रयोग भी किया कुछ देर बाद आरोपी ने चेयरमैन पति का दीपक सक्सेना नाम की फेसबुक पर फोटो डालकर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया उक्त फेसबुक पोस्ट के कमेंट में भी पीड़ित के लिए अभद्र टिप्पणी की गई। इससे न केवल छवि धूमिल हुई साथ ही पीड़ित का मान सम्मान को ही ठेस पहुंची आरोप है कि व्हाट्सएप कॉल पर धमकी देने वाले आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। वही चेयरमैन पति ने एसपी सुकृति माधव मिश्रा से अस्थाई रूप से सुरक्षा मुहैया करने की मांग की है।

बहरहाल सुनगढ़ी पुलिस ने धारा 352, 351(4) व 66क के मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक थाना सुनगढ़ी नरेश कुमार त्यागी का कहना है तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है मामले की विवेचना की जा रही है।

## एक नजर

### एनएच-730 पर लगाया शरबत प्याऊ, राहगीरों को मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर विकास खंड पूरनपुर के सबलपुर खास निवासी रोहित वाजपेई ने समाजसेवा की मिसाल पेश की। कड़ाके की धूप और भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने नेशनल हाइवे 730 पर मो. हनपुर जप्ती स्थित श्री हनुमान जी मंदिर पर राहग. ीरों के लिए शरबत प्याऊ की व्यवस्था की।



मोहनपुर जप्ती स्थित प्राचीन श्री हनुमान जी मंदिर परिसर। यह हाइवे पूरनपुर से पीलीभीत जाने वाला मुख्य मार्ग है, जहां रोजाना सैकड़ों वाहन और राहगीर गुजरते हैं। जहां रोहित वाजपेई ने अपने निजी खर्च पर ठंडे शरबत, शीतल जल की व्यवस्था की। सुबह 10 बजे से प्रभु इच्छा तक चले इस प्याऊ से ट्रक ड्राइवर, बाइक सवार, बस यात्री और पैदल राहगीरों ने लाभ उठाया। मंदिर के पुजारी और राहगीरों ने रोहित वाजपेई की इस पहल की सराहना की। एक ट्रक ड्राइवर ने कहा, ष्धूप में गला सूख रहा था। यहां शरबत पीकर आंनद आ गया। हनुमान जी इनका भला करें।ष स्थानीय लोगों का कहना है कि छभ्-730 पर गर्मी में जल सेवा की सख्त जरूरत थी।

## एनएचएम कर्मचारियों ने मानदेह न मिलने पर काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर संविदा कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर अपना अपना दायित्व निभाते हुए किया सांकेतिक विरोध प्रदर्शन। मंगलवार को दूसरा दिवस था काली पट्टी बांधकर सांके. तिक विरोध प्रदर्शन का संविदा कर्मचारियों का कहना है 3 माह से मानदेह नहीं आया जिसे उनकी पारिवारिक आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है। बच्चों के शिक्षा प्रवेश, किताबी खर्च, गृहस्थी खर्च की स्थिति बिगड़ती जा रही है जो उनके भविष्य के लिए अंधकार में जा रहा है। संविदा कर्मचारियों की मांग है पिछले महीनों का रुका हुआ मानदेह जल्द से जल्द भेजा जाए और आगे नियमित भेजा जाए यदि 20 मई तक मानदेह नहीं आया तो आगामी दिवस से काम बंद कर दिया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में अब्दुल खालिद, ठाकुरदास, अकील, हरीश माथुर, संजीव कुमार, अनुज कुमार, आशीष कुमार, अंकित सक्सेना, मीनाक्षी आदि अन्य कर्मचारी गण मौजूद रहे।



## भ्रष्टाचार और मनमानी की आरोपों पर नपे नगर पंचायत नौगवां पकड़िया के ईओ

■ नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप संतोख संधू की शिकायत पर डीएम का एक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोपों से घिरे नगर पंचायत नौगवां पकड़िया के अधिशासी अधिकारी महिपाल सिंह को जिलाधिकारी ने नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप संतोख संधू की शिकायत पर हटाते हुए नगर पंचायत का चार्ज पूरनपुर नगर पालिका के ईओ को सौंप दिया है।

नगर से सटी नगर पंचायत पकड़िया नौगवां में चल रहा चेयरमैन और प्रभारी ईओ के बीच का विवाद आखिरकार कार्रवाई तक पहुंच गया। चेयरमैन संदीप कौर की शिकायतों के बाद प्रभारी ईओ हरिपाल सिंह से चार्ज हटा लिया गया है। उनके स्थान पर पूरनपुर के ईओ एजाज अहमद को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मंगलवार दोपहर एजाज अहमद ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। नगर पंचायत नौगवां पकड़िया से 16 अप्रैल को ईओ हरिपाल को छह बिंदुओं पर स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया। नोटिस में वित्तीय अनियमितताओं, विकास कार्यों में लापरवाही, ठेका प्रक्रियाओं में देरी और प्रशासनिक कार्यों में शिथिलता समेत कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। स्पष्टीकरण नोटिस में कहा गया कि 15वें वित्त आयोग से स्वीकृत निर्माण कार्यों के भुगतान में नियमों की अनदेखी की गई। कुछ विकास कार्य लंबे समय से अधूरे पड़े हैं, जबकि टैक्सी स्टैंड और तालाबों के ठेकों की प्रक्रिया समय से पूरी नहीं कराई गई। इसके अलावा अवैध कब्जों पर कार्रवाई न करने और आवासीय क्षेत्रों में संचालित गति. विधियों को लेकर भी सवाल उठाए गए। बाद में चेयरमैन ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर आरा. ेप लगाया कि नोटिस के बावजूद प्रभारी ईओ की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।



उन्होंने कहा कि ईओ की कार्यप्रणाली से नगर पंचायत के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और निकाय की छवि भी खराब हो रही है। चेयरमैन ने डीएम से ईओ को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की थी। शिकायतों और लगातार बढ़ते विवाद के बाद प्रशासन ने मामला गंभीरता से लिया।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की जिला कार्यकारिणी भंग

अनूप अग्रवाल नहीं रहे जिलाध्यक्ष, सोशल मीडिया पर दौड़ा जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल का इस्तीफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** इस संबंध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश संयुक्त महामंत्री शोभित सक्सेना ने एक प्रेस नोट जारी कर मीडिया एवं डीएम को इसकी जानकारी देते हुए लिख कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की जिला इकाई को प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल की संस्तुति पर मेरे द्वारा 19 मई को जिला कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग किया जाता है, जल्द नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। कार्यकारिणी भंग होने का पत्र वायरल होते है सोशल मीडिया पर प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल को भेजा जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल का इस्तीफा भी सुर्खियों में है जिसमें उन्होंने व्यापार मंडल की कार्यकारिणी में आपसी कलह को जिम्मेदार ठहराया है।

## नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने धूमधाम के साथ मनाया येलो डे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर प्राइमरी स्कूल में नर्सरी से यू.के.जी. तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा "येलो डे" बड़े उत्साह एवं आनंद के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चे पीले रंग की आकर्षक वेशभूषा पहनकर विद्यालय आए।

कक्षाओं को पीले रंग की वस्तुओं, गुब्बारों एवं चार्टों से सुंदर रूप से सजाया गया। विद्यार्थियों ने पीले रंग से संबंधित वस्तुओं की पहचान की तथा कविताओं, गीतों एवं गतिविधियों के माध्यम से रंगों का महत्व जाना। बच्चों के उत्साह एवं मुस्कान ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। इसी क्रम में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों द्वारा "फादर्स डे" के उपलक्ष्य में अपने पिता के लिए सुंदर एवं आकर्षक कार्ड बनाए गए। बच्चों ने रंग-बिरंगे कागज, चित्रों एवं स्नेहपूर्ण संदेशों के माध्यम से अपने पिता के प्रति प्रेम एवं सम्मान व्यक्त किया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता एवं भावनाओं से सभी शिक्षक अत्यंत प्रसन्न हुए। विद्यालय के प्रबंधक हरी बल्लभ गुप्ता, प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गति. विधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं पारिवारिक मूल्यों को मजबूत बनाने में सहायक होती हैं। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं व शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पीटा

■ दुधमुंही बच्ची के साथ घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बिलसंडा क्षेत्र में दहेज के दानवों द्वारा एक विवाहिता को प्रताड़ित करने का गंभीर मामला सामने आया है। मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने न केवल पीड़िता के साथ मारपीट की, बल्कि उसे उसकी दुधमुंही बच्ची के साथ घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने इस मामले में पति समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बिलसंडा कस्बे के नूरी मस्जिद मोहल्ले की रहने वाली कशिश गुप्ता की शादी करीब दो साल पहले पुरानी गल्ला मंडी के जयंत गुप्ता (पुत्र विश्व मोहन गुप्ता) के साथ हुई थी। कशिश का आरोप है कि उसके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार शादी में दान-दहेज दिया था, लेकिन ससुराल पक्ष के लोग इससे संतुष्ट नहीं थे।

पीड़िता के अनुसार, उसके ससुराल वाले लगातार एक स्विफ्ट कार और 10 लाख रुपये नकद की मांग कर रहे थे। कशिश ने बताया कि उसके पिता वर्तमान में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं, जिस कारण वे इतनी बड़ी मांग पूरी करने में पूरी तरह असमर्थ थे। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर पति जयंत गुप्ता और अन्य ससुराल वालों ने कशिश का गला दबाकर उसे जान से मारने की कोशिश की। इसके बाद उसे और उसकी छोटी बच्ची को बेरहमी से मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया गया। सामाजिक पंचायतों के जरिए मामला सुलझाने की को. शिशें विफल होने के बाद, पीड़िता ने न्याय के लिए पुलिस की शरण ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जयंत गुप्ता (पति), नीलम (सास), रजत गुप्ता (देवर), शिवम गुप्ता (देवर), तुषार गुप्ता (देवर), अजय गुप्ता (चचिया ससुर), कौशल गुप्ता (चचिया ससुर) के खिलाफ केस दर्ज किया हैं

थानाध्यक्ष सिद्धांत शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा, ष्पुलिस घटना की गहनता से जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ जल्द ही उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।ष दूसरी ओर, आरोपी पति जयंत गुप्ता ने इन सभी आरोपों को पूरी तरह निराधार और गलत बताया है। फिलहाल पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है।

## पाकड़ नाथ महादेव मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन

■ हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** शहर के चावला चौराहा स्थित पाकड़ नाथ महादेव मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान बजरंगबली के दर्शन कर भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर परिसर में पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा। मंदिर में शनिवार को भव्य बालाजी दरबार सजाया गया। इसके साथ ही श्रीरामचरितमानस अखंड पाठ का आयोजन किया गया। सोमवार को सुंदरकांड पाठ एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न हुई। मंगलवार को विशाल भंडारे के साथ धार्मिक आयोजन का समापन हुआ। भंडारे में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य तथा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने पहुंचकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर सेवा कार्य में सहभागिता की। इस अवसर पर राजन गंगवार, अनिल जैसवार, महेंद्र वर्मा रिंकू, सोनी शर्मा, पियूष राजपूत, कृष्णा वर्मा, जूली वर्मा, जय शर्मा, निक्की श्रीवास्तव, अजय सिंह, नरेश सिंह, सभासद साकेत सक्सेना, भरत राठौर, रामबा. बू वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं भक्तों ने सेवा कार्य में सहयोग किया।



## नगर निकायों में स्वच्छता, जलापूर्ति एवं सीवरेज कार्यों से लाखों नागरिकों को मिला लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों द्वारा विगत वर्षों में स्वच्छता, जल आपूर्ति एवं जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए गए हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार मार्च 2012 से मार्च 2017 तक तथा मार्च 2017 से दिसंबर 2025 तक विभिन्न योजनाओं पर करोड़ों रुपये व्यय कर लाखों नागरिकों को लाभान्वित किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मार्च 2012 से मार्च 2017 तक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों पर लगभग 318.54 लाख रुपये का बजट व्यय किया गया, जिससे 64,653 लाभार्थियों को लाभ मिला। वहीं मार्च 2017 से दिसंबर 2025 तक इसी क्षेत्र में 4636.98 लाख रुपये खर्च किए गए, जिससे 3,69,950 लोगों को सीधा लाभ प्राप्त हुआ। इससे नगर क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था को मजबूत करने, कूड़ा निस्तारण एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

जल आपूर्ति एवं प्रबंधन के क्षेत्र में मार्च 2012 से मार्च 2017 तक 263.18 लाख रुपये व्यय कर 16,194 लोगों को लाभान्वित किया गया। इसके बाद मार्च 2017 से दिसंबर 2025 तक 1884.69 लाख रुपये की लागत से कार्य कराए गए, जिससे 1,45,090 नागरिकों को शुद्ध पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई गई। इन कार्यों के अंतर्गत पाइपलाइन विस्तार, पेयजल टंकियों का निर्माण एवं जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास किए गए। इसी प्रकार जल निकासी एवं सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए मार्च 2012 से मार्च 2017 तक 487.65 लाख रुपये व्यय किए गए, जिससे 16,194 लोग लाभान्वित हुए। वहीं मार्च 2017 से दिसंबर 2025 तक 2039.12 लाख रुपये की लागत से विभिन्न कार्य कराए गए, जिनसे 1,57,114 नागरिकों को लाभ मिला।

इन योजनाओं के माध्यम से जलभराव की समस्या को कम करने एवं बेहतर सीवरेज व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। नगर निकायों द्वारा संचालित इन विकास कार्यों से नगर क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं।

## आईएएस श्री साई आश्रित शाख मुरी एक्शन में, भूमाफियाओं में मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** एसडीएम श्री साई आश्रित शाख मुरी के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने नगर पंचायत फैजगंज में गौशाला एवं अन्त्येष्टि स्थल की भूमि पर किए गए भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। नायब तहसीलदार अनंग राज सिंह के नेतृत्व में पहुंची प्रशासनिक और पुलिस टीम ने सोमवार को बुलडोजर चलाया।

आईएएस श्री साई आश्रित शाख मुरी के निर्देश पर सरकारी भूमि कब्जा मुक्त कराए जाने के चल रहे अभियान के क्रम में सोमवार को तहसील की राजस्व टीम और फैजगंज बेहटा पुलिस ने नगर पंचायत फैजगंज में गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना की गाटा स. 20 एवं नगर पंचायत की अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना के तहत प्रस्तावित भूमि गाटा स. 740 की भूमि को भूमाफियाओं से बुलडोजर चलाकर मुक्त कर ली है। नायब तहसीलदार अनंग राज सिंह ने बताया कि गौशाला एवं अन्त्येष्टि स्थल की भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा था, जिसे प्रशासन द्वारा हटाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान राजस्व निरीक्षक शादाब अली नकवी, लेखपाल प्रताप सिंह लेखपाल लोकपाल लेखपाल मोहित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## परिवहन विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई, 07 अनाधिकृत रूप से संचालित वाहन सीज किए गए

**बदायूं।** ओवरलोड में 01 वाहन को किया गया सीज, 56 दो पहिया वाहनों के बिना हेलमेट,वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग, सीट बेल्ट रॉन्ग साइड के उपयोग में एवं नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने में कार्रवाई की गई' जिसमें श्री हरिओम के द्वारा जनपद के अनाधिकृत संचालित वाहनों, बिना फिटनेस, बिना बीमा पर कार्रवाई करते हुए 05 वाहनों के सीज किया गया तथा इसके अतिरिक्त बिना सीट बेल्ट, हेलमेट का प्रयोग न करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने, रॉन्ग साइड ड्राइविंग एवं नो पार्किंग इत्यादि के अभियोग में 56 चालान की कार्रवाई की गई।

**न्यायालय सिविल जज (जूनियर डिवीजन), रामपुर।**

विविध वाद संख्या 58/2026

श्रीमती आशा देवी उम्र लगभग 64 वर्ष पत्नी स्व. रमेश चन्द्र गुप्ता निवासी मौहल्ला अस्दुल्लापुर थाना व तहसील मिलक, जिला रामपुर उ.प्र. .... वादनी

बनाम

1-पंकज गुप्ता उम्र लगभग 40 वर्ष
2-चित्रेश गुप्ता उम्र लगभग 33 वर्ष
3-अनुभव गुप्ता उम्र लगभग 30 वर्ष
पुत्रगण स्व.रमेश चन्द्र गुप्ता निवासीगण मौहल्ला अस्दुल्लापुर, थाना व तहसील मिलक, जिला रामपुर उ.प्र.।
4-आम जनता। .....विपक्षीगण

**सूचना बनाम आम जनता**

क्योंकि श्रीमती आशा देवी के द्वारा इस न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार अधिनियम 1/1925 के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र इस आशय से प्रस्तुत किया गया कि रौनक गुप्ता पुत्री स्व. नीरज गुप्ता निवासी मौ. अस्दुल्लापुर, थाना व तहसील मिलक, जिला रामपुर उ.प्र. का सड़क दुर्घटना में दिनांक 15.10.2025 को स्वर्गवास हो गया है के नाम पंजाब एण्ड सिंध बैंक शाखा मिलक, जिला रामपुर के बचत खाता संख्या 09611000012850 में जमा धनराशि 2,00,000 रूपये में जमा है व सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के कारण प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत के बीमा धनराशि अंकन 2,00,000 रूपये व मय ब्याज को प्राप्त करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र अपेक्षित है। अत: यह इश्तेहार निकाला जाता है कि उपरोक्त प्रार्थना पत्र में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति न्यायालय में दिनांक 29/05/2006 को 10.00 बजे प्रस्तुत करें। तारीख गुजरने के बाद फिर किसी की आपत्ति सुनी नहीं जायेगी और न्यायालय का आदेश उचित माना जायेगा। आज दिनांक 19 माह 05 सन् 2026 न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुंसरिम
सिविल जज (जू.डि.) रामपुर।

## नगर की बिजली व्यवस्था चरमराई बार-बार बाधित हो रही आपूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर व क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था इन दोनों ध्वस्त हो गई है। पिछले एक सप्ताह से प्रतिदिन रात व दोपहर में बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है, साथ ही कभी हाई - कभी लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। इससे उमस भरी गर्मी में उपभोक्ता परेशान है। नगर के उपभोक्ता व उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष कृष्णअवतार शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बेपटरी हो गई है। विभाग का निर्बाध बिजली आपूर्ति देने का दावा हवाहवाई साबित हो रहा है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती से लोग बेहाल हैं। नगर के उपभोक्ता व सर्राफा मंडल के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि इन दिनों जरूरत के अनुरूप बिजली नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि अघोषित बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या से उमस भरी गर्मी में लोगों का जीना मुहाल हो गया है। नगर के उपभोक्ता व उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के विधान सभा प्रभारी धर्मेंद्र वार्ष्णेय ने कहा कि विद्युत आपूर्ति के दौरान दर्जनों बार बिजली आती जाती है। मामूली गड़बड़ी ठीक करने में काफी समय लगा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर महकमे के जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तहसील अध्यक्ष मुकेश भदोरिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बिजली समस्या को लेकर जनप्रतिनिधि और अधिकारी पूरी तरह से उदासीन बने हुए हैं। बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर सभी मूकदर्शक बने हुए हैं। उमस भरी गर्मी में बदहाल बिजली आपूर्ति व वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में जिम्मेदारों को हर त्रुटि को दूर करते हुए बिजली आपूर्ति बेहतर ढंग से देने का प्रयास करना चाहिए।

## जायंट्स ग्रुप ऑफ स्टार्स ने विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर लगाया शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ बिसौली स्टार्स द्वारा विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के उपलक्ष्य में संस्था के सभी पदाधिकारी और सम्मानित सदस्यों का ब्लड प्रेशर शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। इस अवसर पर ग्रुप के पदाधिकारियों ने कहा कि जब हमारे सदस्य पूरी तरह ऊर्जावान और निरोगी रहेंगे, तभी हम पूरी क्षमता के साथ समाज की सेवा कर पाएंगे।

घशिविर के दौरान जिन सदस्यों का ब्लड प्रेशर सामान्य से अधिक पाया गया, उन्हें स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा दिनचर्या में सुधार, नमक व कैफीन के सेवन पर नियंत्रण, नियमित व्यायाम तथा योग्य चिकित्सक से परामर्श लेने की विशेष सलाह दी गई। इस अवसर पर यूनिट डायरेक्टर अनुपम वार्ष्णेय, फेडरेशन ऑफिसर नितिन गुप्ता, अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, सचिव शशांक भिल्ला, कोषाध्यक्ष गौरव वार्ष्णेय, साहू सावेंद्र गुप्ता, जितेन्द्र वार्ष्णेय, मनोज यादव, राजू साहनी, निशांत गोयल, अमित बाबू, विकास गुप्ता, शिप्रम शर्मा, अमित अग्रवाल, मयंक अग्रवाल उपस्थित रहे।

### खेत में लगे कटीले तार बने जानलेवा, मवेशी बचाने गया किसान व मवेशी गंभीर रूप से घायल

**उसावां।** थाना क्षेत्र के गांव मिलकिया में खेतों के चारों ओर लगाए गए कंटीले तार अब ग्रामीणों की जान पर भारी पड़ने लगे हैं।शाम को हुए दर्दनाक हादसे में अपने मवेशी को बचाने गया किसान व मवेशी दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और परिजन आनन-फानन में घायल किसान को अस्पताल लेकर पहुंचे। जानकारी के मुताबिक गांव निवासी किसान मनोज अपने मवेशी को पकड़ने खेत की ओर गए थे। इसी दौरान खेत में लगे नुकीले कंटीले तारों में उनका पैर बुरी तरह फंस गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मवेशी भी जख्मी हो गया। किसान के शरीर पर कई जगह गहरे घाव बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।

**कार्यालय नगर पंचायत पकडिया नौगवां जनपद -पीलीभीत**

पत्रांक :- 45/प्रे०वि०/न०प०प०न०पी०पी०/2026-27 दिनांक:- 19/05/2026

**प्रेस विज्ञाप्ति**

समस्त निविदाताओ/अधिकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि आदर्श नगर पंचायत पकडिया नौगवां जनपद पीलीभीत द्वारा राज्य वित्त आयोग के मद से/राज्य सेक्टर स्वच्छ पेयजल योजना/वैश्विक नगरोदय योजना/मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत सीमा विस्तारित/उच्चीकृत नगर पंचायतो मे अवस्थापना सुविधाओं के विकास तथा मूलभूत आवश्यक सुविधाओं के विकास/सुदृढ़ीकरण हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 द्वारा निर्गत की गयी धनराशि से कार्य कराये जाने हेतु ई-टेन्डर https://etender.up.nic.in पोर्टल पर निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| बिड प्रकाशित होने की तिथि | 22.05.2026 प्रातः 10:00 बजे |
| ऑनलाइन बिड अपलोड करने की तिथि | 22.05.2026 प्रातः 10:00 बजे |
| बिड अपलोड करने की अंतिम तिथि | 05.06.2026 सांयकाल 05:00 बजे |
| बिड खुलने की तिथि | 06.06.2026 प्रातः 10:00 बजे |

नोट- निविदादाता निविदा से सम्बन्धित किसी प्रकार की जानकारी व नियम व शर्तो को निविदा पोर्टल पर https://etender.up.nic.in देख सकते है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत पकड़िया नौगवां
पीलीभीत।

# दरोगा पर मारपीट और रिश्वत लेने का आरोप

**■ पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य ने एसएसपी से की शिकायत, वीडियो होने का दावा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सकरस निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य राशिद खां ने बहेड़ी कोतवाली में तैनात एक दरोगा पर मारपीट, अभद्रता और रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

बताया जा रहा है कि हाल ही में बहेड़ी पुलिस पर व्यापारी मोहम्मद उवैस और उनके साथ में एक अन्य व्यापारी से मारपीट और रुपये छीनने के आरोप लगने के बाद अब एक और मामला सामने आया है। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। राशिद खां पुत्र इरशाद खां के अनुसार, गांव में 15 मई को दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची थी। आरोप है कि मौके पर मौजूद दरोगा समरपाल सिंह ने राशिद खां से दोनों पक्षों में समझौता कराने के लिए कहा, जिस पर उन्होंने सहमति जता दी।

पीड़ित का आरोप है कि 16 मई की रात करीब नौ बजे दरोगा दो सिपाहियों के साथ गांव पहुंचे, और सार्वजनिक रूप से गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई, और जबरन पुलिस जीप में बैठा लिया गया। राशिद खां का कहना है कि बाद में पांच हजार रुपये लेने के बाद उन्हें छोड़ा गया।

राशिद खां ने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। उनका दावा है कि घटना का वीडियो भी उनके पास सुरक्षित है। पीड़ित ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# सौहार्दपूर्ण से मनाएं बकरीदः डीएम

**■ बकरीद पर अमन-चैन बनाए रखने को पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** ईद-उल-जुहा (बकरीद) के पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही साफ-सफाई, बिजली-पानी और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में थाना और क्षेत्रवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों से पीस कमेटी बैठकों की स्थिति की जानक. ारी ली गई। इस दौरान मौजूद गणमान्य लोगों ने बिजली और पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग रखी। डीएम अविनाश सिंह ने नगर निगम, नगर निकायों और ग्राम पंचायतों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रखी जाए। उन्होंने कुर्बानी के अवशेषों के सुरक्षित निस्तारण के लिए पहले से गहरे गड्ढे खोदने, उनमें नमक और ब्लीचिंग पाउडर डालकर अवशेषों को दबाने तथा उन्हें ढककर ले जाने के निर्देश दिए। साथ ही सुअर बाड़ों को पहले से बंद कराने को भी कहा गया।

उन्होंने कहा कि कुर्बानी खुले में न की जाए और प्रति. बंधित पशुओं की कुर्बानी किसी भी हालत में न होने पाए। बच्चों और युवाओं को भी समझाया जाए कि कुर्बानी की वीडियो न बनाएं और न ही सोशल मीडिया पर वायरल करें।

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि केवल पारंपरिक आयोजनों की ही अनुमति दी जाएगी। बिना अनुमति किसी भी नए जुलूस या आयोजन की इजाजत नहीं होगी। उन्होंने लोगों से अफवाहों से बचने और किसी भी संदिग्ध गति. विधि की गोपनीय सूचना पुलिस को देने की अपील की। एसएसपी ने निर्देश दिए कि बारिश की स्थिति को देखते हुए ईदगाहों और सार्वजनिक स्थलों पर जलभराव की समस्या न हो, इसके लिए पहले से इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर अविनाश त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक यातायात मो. अकमल खान सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### हुरहुरी में मारपीट के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव हुरहुरी में महिला के साथ मारपीट और गाली-गलौज के मामले में मीरगंज पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है।गांव हुरहुरी निवासी अन्जुम पत्नी अरमान की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही अरमान पुत्र बेचेशाह, शायरा व शवाना पुत्री बेच. शाह तथा मुश्ताक पुत्र मोहम्मद नूर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि रविवार की सुबह आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों व डंडों से मारपीट की, जिससे महिला घायल हो गई।पीड़िता के अनुसार, शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है।मीरगंज पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### चार माह की गर्भवती महिला से मारपीट जेठ और ससुर पर मुकदमा दर्ज

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव सिंधौली में चार माह की गर्भवती महिला से मारपीट और गाली-गलौज के मामले में मीरगंज पुलिस ने महिला के जेठ और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव सिंधौली निवासी शिखा पत्नी सुनील की तहरीर पर पुलिस ने जेठ वीरेन्द्र पुत्र मो. हनलाल तथा ससुर मोहनलाल पुत्र रामस्वरूप के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर के अनुसार शनिवार की सुबह करीब 10 बजे दोनों आरोपी शराब के नशे में घर पहुंचे और महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोप है कि मारपीट में महिला की बायीं आंख पर चोट आई। महिला ने बताया कि वह चार माह की गर्भवती है।महिला के अनुसार, बीच-बचाव करने पहुंचे दूसरे जेठ कमलेश पर भी आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उनके सीने और बांह पर गंभीर चोटें आईं। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।मीरगंज पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### घरेलू विवाद में भाई-भाभी पर मारपीट और तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव हुरहुरी में घरेलू विवाद के दौरान मारपीट, गाली-गलौज और सामान तोड़फोड़ के मामले में मीरगंज पुलिस ने भाई और भाभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव हुरहुरी निवासी विनोद कुमार पुत्र ढाकनलाल की तहरीर पर पुलिस ने उनके भाई सोनू पुत्र ढाकनलाल और भाभी पूनम पत्नी सोनू के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज किया है।तहरीर के अनुसार रविवार की सुबह करीब 9 बजे सोनू और पूनम उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरा. प है कि आरोपियों ने घर में रखा घरेलू सामान भी तोड़कर नुकसान पहुंचाया।विनोद कुमार ने बताया कि शोर-शराबा सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। घटना में उनकी पत्नी के हाथ में चोट आई है। मीरगंज पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नवाबगंज।** 17 मई को लखनऊ में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर किए गए लाठी चार्ज को लेकर स्थानीय अधिवक्ता भड़क गए। नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचकर प्रदेश की राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।



एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार के नेतृत्व में मंगलवार को अधिवक्ताओं ने लखनऊ में पुलिस द्वारा वकीलों पर किए गए लाठी चार्ज की कड़ी निन्दा करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे वकीलों ने प्रदेश की राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम उदित पवार को सौंपा, जिसमें उन्होंने अधिवक्ताओं पर बर्बरता पूर्वक किए गए लाठी चार्ज करने वाले आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किए जाने के साथ ही घायल अधिवक्ताओं को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की है। एसडीएम ने वकीलों के इस मांग पत्र को उचित स्थान पर भिजवाए जाने का आश्वासन अधिवक्ताओं को दिया। इसमें संगठन के सचिव पुष्पाल सिंह गंगवार, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार पटेल, पूर्व अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, पूर्व सचिव उस्मान अली, अशोक राठौर, श्रीपाल गंगवार, सुरेश पटेल, संजीव गंगवार, सलमान जैदी, लालबहादुर गंगवार, मो0 हारून, सुरेंद्र पाल सिंह, बुद्धसेन, ओम प्रकाश, अरविन्द कुमार, सत्यपाल गंगवार, अजय सिंह, संतोष कुमारी, बेवी अंसारी, गजेन्द्र सिंह, मो0 सईद अंसारी, अरविन्द सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

### एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने दर्ज की शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट

**नवाबगंज।** गुजरी 15 मई को नजदीकी गांव की महिला सरोज का पुत्र गौरव अपने किसी काम से नगर नवाबगंज आ रहा था कि आरुषि किराना स्टोर के पास पहले से ही बैठे शिक्षक/प्रापर्टी डीलर नरदेव अपने तीन चार साथियों के साथ मौजूद थे कि जैसे ही उनका पुत्र गौरव उनके पास पहुंचा तो शिक्षक नरदेव ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ गाली गलौज कर उसकी बेरहमी से पिटाई कर डाली। सूचना मिलने पर स्थल पर पहुंची उसकी मां सरोज के साथ भी शिक्षक और उसके साथियों ने मारपीट की। घटना की तहरीर दिए जाने के बाद भी जब पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो महिला अपने पुत्र को लेकर एसएसपी अनुराग आर्य के सामने पेश हुई, जिस पर उन्होंने महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज किए जाने के आदेश पुलिस को दिए। कप्तान के आदेश पर पुलिस ने सरकारी शिक्षक नरदेव और उनके 3-4 अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### शीशगढ़ के मंजूर अहमद रहमानी का हुआ इंतकाल

**शीशगढ़।** कस्बे की एक बड़ी राजनीतिक हस्ती का अंत हो गया करीब 85 वर्ष की आयु में मंजूर अहमद रहमानी ने एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज भोजीपुरा में जीवन की अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिजनों व शुभचिंतको के चेहरे पर मायूसी छा गई। बताते चलें कि शीशगढ़ कस्बे के निवासी मंजूर अहमद रहमानी कस्बे में स्थित एक मात्र जूनियर हाईस्कूल के प्रिंसिपल थे करीब 1985 के दशक तक वह प्रधानाचार्य रहे उसके बाद राजनीति में प्रवेश किया वर्ष 1988- 89में चेयरमैन पद का पहला चुनाव लड़ा और मात्र 12 वोटो के अंतर से चुनाव हार गए थे लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी संघर्ष जारी रखा वर्ष 1995 में महिला सीट होने पर चेयरमैन पद पर पत्नी कनीज बानो रहमानी को चुनाव लड़ाया और एक बड़ी राजनीतिक हस्ती को हराकर शानदार जीत हासिल करके राजनीति की नई दिशा तय की मंजूर अहमद रहमानी के संघर्ष से ही अगवाड़ा पार्टी की पहली जीत ने इतिहास रचने का काम किया उनके बेटे मकसूद अहमद रहमानी ने बताया कि उनके पिता मंजूर अहमद रहमानी कुछ समय से बीमार चल रहे थे वह गुर्दे की बीमारी से पीड़ित थे लगातार इलाज चल रहा था।

# सख्त पुलिसिंग से बदली कोतवाली देवरनियां की फिजा

**अपराधी भूमिगत, फरियादियों को मिलने लगा इंसाफ**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**(मो0 इरफान मुनीम)**

**बरेली।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र में लगातार पुलिस की कार्यशैली और कानून व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी के कार्यभार संभालने के बाद थाना परिसर की व्यवस्था से लेकर अपराध नियंत्रण तक हर स्तर पर सख्ती और सक्रियता बढ़ी है। लगातार हो रही पुलिस कार्रवाई से अपराधियों और नशा तस्करों में दहशत का माहौल है, जबकि आम जनता का पुलिस पर भरोसा मजबूत हुआ है।

चार्ज संभालने के बाद प्रभारी निरीक्षक ने सबसे पहले थाना व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने देखा कि थाने में बाजार जैसी भीड़ जमा रहती थी, और फरियादी सीधे पुलिस तक पहुंचने के बजाय दलालों के चक्कर में फंस जाते थे। कई बार पीड़ितों को सही जानकारी और न्याय नहीं मिल पाता था। इस व्यवस्था को बदलने के लिए उन्होंने नई रणनीति तैयार की, और साफ निर्देश दिए कि कोई भी फरियादी दलालों के झांसे में न आए, बल्कि सीधे पुलिस से संपर्क करे। पहले अक्सर यह देखने को मिलता था कि थाने में सुनवाई न होने पर पीड़ित उच्च अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाते थे या न्यायालय की शरण लेने को मजबूर हो जाते थे, लेकिन अब हालात तेजी से बदले हैं। कोतवाली में आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना जा रहा है, और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। यही वजह है कि अब लोग बिना किसी सिफारिश और दबाव के सीधे थाने पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करा रहे हैं।

प्रभारी निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी ने पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि फरियादियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए, और उनकी शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण हो। उनकी कार्यशैली का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि पहले जहां थाने में जाने से लोग कतराते थे, वहीं अब लोगों को न्याय मिलने की उम्मीद दिखाई देने लगी है।अपराध नियंत्रण की बात करें तो देवरनियां पुलिस ने हाल के दिनों में कई बड़ी कार्रवाइयों को अंजाम दिया है। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान अपराधियों को गिरफ्तार किया, चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कीं और नकब. जनी व लूट की घटनाओं का सफल खुलासा किया। इसके अलावा गौतस्करों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई कर अपराधियों की कमर तोड़ने का काम किया गया। पुलिस द्वारा अवैध तमंचों की बरामदगी, एनडीपीएस एक्ट के तहत नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की निगरानी, गुंडा एक्ट और जिला बदर जैसी प्रभावी कार्रवाइयों से क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगा है। वहीं आबकारी अधिनियम के तहत भी लगातार कार्रवाई करते हुए अवैध शराब कारोबारियों पर शिकंजा कसा जा रहा है।

हाल ही में देवरनियां पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार महिला तस्करों को करीब 40 लाख रुपये कीमत की अफीम के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस कार्रवाई से नशा तस्करों में हड़कंप मच गया था। इसके अगले ही दिन पुलिस ने दो अंतरराज्यीय तस्करों को लगभग 65 लाख रुपये कीमत की अफीम के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लगातार दो दिनों तक हुई इन बड़ी कार्रवाइयों ने साफ कर दिया कि पुलिस अब नशा तस्करों के खिलाफ पूरी तरह सख्त रुख अपनाए हुए है। क्षेत्रीय व्यापारियों, महिलाओं और ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की बढ़ी सक्रियता से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है। बाजारों और गांवों में देर रात तक पुलिस गश्त दिखाई दे रही है, जिससे लोगों में सुरक्षा का एहसास बढ़ा है। आम जनता का कहना है कि अब अपराधियों के बजाय पुलिस का भय दिखाई देने लगा है, और यही बदलाव क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत कर रहा है।

प्रभारी निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी ने दैनिक शाह टाइम्स को बताया कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। किसी भी कीमत पर क्षेत्र में अपराधियों को पनपने नहीं दिया जाएगा, और फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाना पुलिस की पहली प्राथमिकता रहेगी।

### नशा तस्करों पर लगातार बड़ी कार्रवाई

देवरनियां पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने लगातार दो दिनों में करोड़ों रुपये की अफीम बरामद कर छह तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। पहले चार महिला तस्करों से करीब 40 लाख रुपये कीमत की अफीम बरामद की गई, जबकि अगले ही दिन दो अंतरराज्यीय तस्करों को लगभग 65 लाख रुपये कीमत की अफीम के साथ पकड़ा गया। पुलिस की इन कार्रवाइयों से नशा तस्करों में दहशत का माहौल है।

### फरियादियों को सीधे पुलिस से संपर्क की अपील

प्रभारी निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी ने क्षेत्रीय लोगों से अपील की है कि किसी भी समस्या या शिकायत के लिए सीधे थाने पहुंचें और दलालों के झांसे में न आएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना जाएगा और निष्पक्ष कार्रवाई कर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## वेतन न मिलने पर सीएचसी कर्मियों ने बांधी काली पट्टी, कार्य बहिष्कार की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत संविदा, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों, आशा एवं संगिनी को मार्च माह के बाद से वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ गई है। वेतन भुगतान न होने के विरोध में कर्मचारियों ने सोमवार से बांह पर काली पट्टी बांधकर काम शुरू कर दिया है।संविदा कर्मी अमन गुप्ता ने बताया कि मार्च माह के बाद से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि पहले ही संविदा कर्मचारियों का वेतन काफी कम है, ऊपर से समय पर भुगतान न होने से आर्थिक संकट गहरा गया है। कर्मचारियों को परिवार चलाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि बुधवार तक वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो सभी संविदा, आउटसोर्सिंग कर्मचारी, आशा एवं संगिनी कार्य बहिष्कार कर धरना-प्रदर्शन करेंगे। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने 18 मई को इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद सीएमओ ने संविदा, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों, आशा एवं संगिनी के वेतन भुगतान के लिए बजट जारी करने हेतु मिशन निदेशक को पत्र भेजा है।

# नवाबगंज में पेट्रोल पंप साझेदारी विवाद

**कोर्ट के आदेशों में 61 लाख हड़पने की रिपोर्ट दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नवाबगंज पुलिस ने पेट्रोल पंप की साझेदारी को लेकर हुए विवाद में 61 लाख रुपये हड़पने, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने और सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो वायरल करने के आरोप में दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दर्ज की गई रिपोर्ट मुता. बिक के ब्लॉक प्रमुख पति अनुज कुमार गंगवार पंडरा नवाबगंज ने बताया कि 2025 में ग्राम लाईखेड़ा में लगे पेट्रोल पंप के निर्माण व संचालन के लिए उसकी साझेदारी मोहन स्वरूप निवासी ग्राम मुझैना जागीर, थाना नवाबगंज के साथ तय हुई थी। तय अनुपात के अनुसार 51 प्रतिशत निवेश मोहन स्वरूप और 49 प्रतिशत निवेश अनुज कुमार गंगवार द्वारा किया जाना था तथा लाभ-हानि का बंटवारा उसी अनुपात में होना था।

वादी का आरोप है कि प्रारंभिक निवेश के बाद पेट्रोल पंप के निर्माण व संचालन में उसने अपने तथा रिश्तेदारों से उधार लेकर लगभग 85 लाख रुपये तक खर्च किए। मार्च 2026 में हिसाब-किताब मांगने पर आरोपी द्वारा केवल 40 लाख रुपये दिए गए, और शेष धनराशि व लाभ के बारे में टालमटोल की गई। वादी के मुताबिक 28 मार्च 2026 को हुई बैठक में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की मौजूदगी में 45 लाख रुपये बकाया लागत और 16 लाख रुपये लाभ, कुल 61 लाख रुपये 2 अप्रैल 2026 तक देने पर सहमति बनी थी, लेकिन आरोपियों ने भुगतान नहीं किया। इसके बाद आरोप है कि आरोपियों ने वादी व उसके परिवार के खिलाफ झूठे आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किए, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। मामले में दूसरे नामजद आरोपी राम पवलास निवासी ग्राम रिछौला ताराचंद थाना हाफिजगंज का भी कथित रूप से सहयोग बताया गया है।

पीड़ित अनुज गंगवार ने पूर्व में 23 अप्रैल 2026 को थाना नवाबगंज और 2 मई 2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी थी। सुनवाई न होने पर उन्होंने अपने अधिवक्ता राजीव गंगवार के माध्यम से न्यायालय में वाद दायर किया, जिस पर पुलिस ने थाना नवाबगंज में मुकदमा दर्ज किया है।

# लखनऊ धरना में जाने से पहले प्रधान संघ अध्यक्ष को पुलिस ने घर में रोका, प्रधानों में नाराजगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** प्रधान संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर 20 मई को लखनऊ में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने के कार्यक्रम को लेकर मीरगंज क्षेत्र के प्रधान मंगलवार शाम ट्रेन से लखनऊ रवाना होने की तैयारी में थे। इसी बीच पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया और प्रधानों को लखनऊ जाने से रोकने की कार्रवाई शुरू कर दी।

प्रधान संघ मीरगंज के अध्यक्ष सोनू कुर्मी ने आरोप लगाया कि मंगलवार सुबह करीब 10 बजे पुलिस टीम संजरपुर स्थित उनके आवास पर पहुंच गई और उन्हें घर से बाहर नहीं निकलने दिया।

उनका कहना है कि पुलिस पूरे दिन घर पर मौजूद रही, जिससे वह लखनऊ नहीं जा सके।सोनू कुर्मी ने कहा कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर क्षेत्र के प्रधानों को धरना-प्रदर्शन में शामिल होना था, लेकिन पुलिस की कार्रवाई के चलते कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए।

मामले को लेकर प्रधानों में नारा. जगी देखी जा रही है। वहीं, पुलिस की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# बड़े मंगल पर भक्ति और सेवा का संगम



**■ सुंदरकांड पाठ के बाद भक्तों को वितरित किया गया प्रसाद, भंडारे में उमड़ी भीड़**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर नगर की तिक. ोनी दुकान पर भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता के नेतृत्व में धार्मिक कार्यक्रम और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और हनुमान जी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड पाठ से हुई। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजकों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर सेवा कार्य किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि रवि मल्होत्रा, ब्लॉक प्रमुख अमरिंदर सिंह गोल्डी, भूपेंद्र सिंह, हरीश पाल, आसे राम, सुरेश गंग. वार, कुंवर सेन मौर्य, ललित शर्मा, सुरेंद्र सिंह, सचिन प्रजापति, इंद्रजीत बग्गा, अवधेश सक्सेना, दिनकर गुप्ता, शक्ति गुप्ता, मोहित बाल्मीकि, पुनीत अग्रवाल, सीताराम दुबे और अनमोल गर्ग सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

आयोजन में शिवकुमार गुप्ता, अनुज गुप्ता और अंकित गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली।

# शराब के बहाने दोस्ती, पैसों के लालच में ली थी जान

**■ पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र में हुए आदेश मिश्रा हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि यह मामला पैसों के लालच से जुड़ा था। यहां आरोपियों ने पहले युवक के साथ शराब पी और बाद में उसकी जान लेकर रुपये और पर्स लेकर फरार हो गए। घटना के खुलासे के बाद इलाके में भी इस मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार भोजीपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़िया चेतराम निवासी आकाश मिश्रा ने 17 मई 2026 को लिखित तहरीर देकर बताया कि उनके पिता आदेश मिश्रा 14 मई को अपने साथ काम करने वाले व्यक्ति की बहन की शादी में फतेहगंज पश्चिमी स्थित चिराग पैलेस गए थे, लेकिन शादी से लौटने के बाद घर नहीं पहुंचे परिवार के लोगों ने काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। इसके बाद 15 मई को फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के ग्राम मढ़ौली के पास नहर किनारे खड़ंजे पर उनका शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना के बाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इस मामले की जांच के दौरान पुलिस को कई अहम सुराग मिले, जिसके बाद सोनू कश्यप और शहंशाह के नाम सामने आए।पुलिस ने जांच आगे बढ़ाते हुए दोनों को संदिग्ध मानकर तलाश शुरू की। एसएसपी अनुराग के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए रबड़ फैक्ट्री कॉलोनी के खंडहर पड़े मकानों के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि घटना वाले दिन उनकी मुलाकात आदेश मिश्रा से हुई थी। उस समय आदेश मिश्रा नशे की हालत में थे और उनके माथे पर चोट भी लगी हुई थी। बातचीत के दौरान तीनों साथ हो गए और गांव की तरफ चले गए, जहां पहले उनकी पट्टी कराई गई। इसके बाद तीनों मढ़ौली पहुंचे और नहर किनारे बैठकर शराब पीने लगे। इसी दौरान आरोपियों की नजर आदेश मिश्रा के पर्स में रखे पैसों पर पड़ गई, जिसके बाद दोनों के मन में लालच आ गया।

बताया कि उन्होंने पैसों के लालच में आदेश मिश्रा को ज्यादा शराब पिलाई और जब वह अत्यधिक नशे की हालत में पहुंच गए तो दोनों ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद दोनों आरोपी मृतक का पर्स और उसमें रखे रुपये लेकर जंगल के रास्ते वहां से निकल गए और वाहन पकड़कर मीरगंज पहुंच गए। आरोपियों के अनुसार, रुपये बांटने के दौरान सोनू के हिस्से में 1700 रुपये और शहंशाह के हिस्से में 1800 रुपये आए थे, जबकि पर्स में मृतक के जरूरी दस्तावेज भी मौजूद थे। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की आगे जांच जारी है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह, एसएसआई अशोक कुमार, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह, कांस्टेबल सुहैब,कांस्टेबल सचिन मलिक शामिल रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हापुड़ में पर्यावरण को लेकर बड़ा एक्शन प्लान

## वृक्षारोपण अभियान में लापरवाही नही होगी बर्दाश्त, डीएम ने अफसरों को दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और गंगा स्वच्छता को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला. धिकारी कविता मीना की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला गंगा समिति की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में अधिका. रियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण वर्ष 2026-27 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत भूमि चिन्हांकन और अग्रिम मृदा कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही जनपद में विशिष्ट वन स्थापित करने की योजना पर भी जोर देते हुए अधिकारियों से निर्धारित प्रारूप में वृक्षारोपण कार्ययोजना शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में बढ़ती गर्मी और हीट वेव को देखते हुए जिलाधिक. ारी ने सभी विभागों को अपने कार्यालयों एवं कार्यस्थलों पर लू से बचाव के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशु-पक्षियों के लिए भी जगह-जगह नांद और हौदे बनाकर उनमें पानी भरवाने की व्यवस्था कराने को कहा। पर्यावरण प्रदूषण को लेकर जिलाधिकारी ने सख्त



नाराजगी जताते हुए कहा कि प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अनुरूप किया जाए। जिला गंगा समिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि बिना ट्रीटमेंट के किसी भी प्रकार का प्रदूषित पानी जनपद की नदियों में नहीं जाना चाहिए। नदियों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नियमित मॉनिटरिंग और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी गौतम सिंह, जिला विकास अधिकारी अनवर शेख, जिला पंचायती राज अधिकारी शिव बिहारी शुक्ला, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि विपुल कुमार, पर्यावरणविद भारत भूषण समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## दिल्ली से कार चुराकर हापुड़ पहुंचे शातिर चोर गिरफ्तार, दो ईको कार बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद की थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी की दो ईको कार और दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। दोनों आरोपितों के खिलाफ दिल्ली और हापुड़ समेत विभिन्न स्थानों पर करीब दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं।

थाना प्रभारी के अनुसार थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने ग्राम दौताई नहर के पास दो संदिग्ध युवकों को रोककर पूछताछ की। जांच के दौरान उनके कब्जे से चोरी की दो ईको कार बरामद हुई। तलाशी लेने पर दोनों के पास से अवैध चाकू भी बरामद किए गए। पूछताछ में गिरफ्तार आरो. पितों ने अपने नाम मनोज पुत्र समरजीत तथा लक्ष्मीनारायण पुत्र राजेंद्र बंसल निवासी शहीद सुखदेव नगर अशोक विहार दिल्ली बताए। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी वाहन चोरी की घटनाओं में लंबे समय से सक्रिय थे और दिल्ली समेत कई जिलों में इनके खिलाफ वाहन चोरी, आर्म्स एक्ट व अन्य आपराधिक मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## जिला पंचायत में भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्लाबोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला पंचायत कार्यालय में भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के आरोपों को लेकर मंगलवार को जिला पंचायत सदस्यों ने अपर मुख्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में जिला पंचायत के निर्माण कार्यों, नक्शा पास कराने की प्रक्रिया और अवैध कॉलोनियों को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिससे जिला पंचायत कार्यालय में हड़कंप मच गया। ज्ञापन में जिला पंचायत सदस्यपति सुरेश तोमर और जिला पंचायत सदस्य सुमित शिशोदिया ने आरोप लगाया कि जिला पंचायत में तैनात जेई की भू-माफियाओं से सांठगांठ के चलते कार्यालय में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। उन्होंने मांग की कि पूरे



प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जांच पूरी होने तक संबंधित अधिकारी को पदमुक्त किया जाए ताकि जांच प्रभावित न हो। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि जिला पंचायत कार्यालय में दलाल सक्रिय हैं और बिना किसी अधिकारिक पद के लोग कार्यालय में बैठकर कामकाज में दखल दे रहे हैं। सदस्यों ने ऐसे लोगों के प्रवेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। जिला पंचायत सदस्यों ने विकास कार्यों में भेदभाव का भी मुद्दा उठाते हुए कहा कि सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराए जाने चाहिए। साथ ही अवैध कॉलोनियों के मालिकों से कथित सांठगांठ और अवैध उगाही पर रोक लगाने की मांग की गई। सदस्यों ने फैक्ट्री मालिकों से नक्शा पास कराने के नाम पर मनमाने तरीके से अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए कहा कि बिना दबाव और बिना भ्रष्टाचार के तय समय सीमा में नक्शे पास किए जाएं। ज्ञापन सौंपने के बाद जिला पंचायत कार्यालय में पूरे दिन इस मामले की चर्चा होती रही।

## रोटरी क्लब का सेवा अभियान, 300 छात्राएं हुई लाभान्वित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भीषण गर्मी के बीच छात्राओं को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब हापुड़ सेंट्रल द्वारा आर्य कन्या इंटर कॉलेज में फ्रिज वाटर कूलर भेंट किया गया। इससे विद्यालय की छात्राओं को अब गर्मी के मौसम में ठंडा एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। क्लब के इस सराहनीय कार्य की विद्यालय प्रशासन और छात्राओं ने जमकर प्रशंसा की।

कार्यक्रम के दौरान क्लब पदाधिका. रियों ने कहा कि सामाजिक सरोक. ारों से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाना रोटरी क्लब की प्राथमिकता है। बच्चों की सुविधा और शिक्षा से जुड़े प्रयास भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर क्लब की ओर से एक अन्य सेवा प्रकल्प के तहत



छात्राओं को स्टेशनरी भी वितरित की गई। करीब 300 छात्राओं को चार-चार रजिस्टर और एक पेन सेट प्रदान किया गया। स्टेशनरी पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष अनुज शर्मा, सचिव अनिल कक्कड़, कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश अरोड़ा, प्रोजेक्ट चेयरमैन सतीश चंद्र अग्रवाल, हरिकिशन अग्रवाल, कपिल अरोड़ा, तरुण अग्रवाल, राजीव जिंदल, नवीन जिंदल, सर्वजीत चावला सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। विद्यालय की प्रिंसिपल एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों ने रोटरी क्लब हापुड़ सेंट्रल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्य छात्राओं के लिए बेहद प्रेरणादायक हैं और समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।

## राजनीति में बड़ा उलटफेर, खालिद मसूद ने थामा कांग्रेस का हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद की राजनीति में मंगलवार को उस समय हलचल तेज हो गई, जब रालोद के ऑल इंडिया माइनॉरिटी सेल के सदस्य एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त रहे खालिद मसूद ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। जिला कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी, शहर अध्यक्ष इरुान अहमद, पूर्व विधायक गजराज सिंह और पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद अयाजुद्दीन समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें फूल-माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया।

इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि कांग्रेस का जनाधार लगातार मजबूत हो रहा है और विभिन्न दलों से लोग पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि खालिद मसूद के पार्टी में आने से संगठन को मजबूती मिलेगी और उन्हें जल्द ही संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी दी जाएगी। खालिद मसूद ने कांग्रेस में शामिल होने के बाद कहा कि वर्तमान समय में देश की आम जनता महंगाई और विभिन्न समस्याओं से परेशान है। ऐसे में कांग्रेस और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ही जनता की आवाज मजबूती से उठा रहे हैं। कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष सुशील शास्त्री, जिला उपाध्यक्ष आईसी शर्मा, पूर्व सभासद ऐजाज अहमद, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, जिला महासचिव पूरनमल आनंद, एससी-एसटी कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश भाटी, शारिक मसूद, गौरव गर्ग,



कपिल शर्मा, निसार पठान, सविता एमएम, सचिन गोयल और अनूप कर्दम समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दबंगों ने पेट्रोल पंप पर की तोड़फोड़, हजारों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में दबंगों के हौसले किस कदर बुलंद हैं, इसका अंदा. जा सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो से लगाया जा सकता है। देर रात कुछ दबंग युवकों ने पेट्रोल न मिलने से नाराज होकर पेट्रोल पंप पर जमकर उत्पात मचाया। लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से लैस दबंगों ने पेट्रोल पंप पर हमला कर मशीनों और अन्य सामान में तोड़फोड़ कर दी। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार थाना हापुड़ देहात क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप पर देर रात करीब 12 बजे चार युवक एक बाइक पर सवार होकर पहुंचे। पेट्रोल पंप संचालक नमन त्यागी ने बताया कि युवकों ने पेट्रोल की मांग की, लेकिन कर्मचारियों ने पेट्रोल उपलब्ध न होने की बात कही। इस बात से नाराज होकर युवकों ने कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। बताया गया कि करीब एक घंटे बाद वही युवक अपने साथ अन्य साथियों को लेकर मयूरी रिक्शा में सवार होकर दोबारा पेट्रोल पंप पर पहुंचे। इस दौरान उनके हाथों में लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर थे। आते ही दबंगों ने पेट्रोल पंप पर हमला बोल दिया और ताबड़तोड़ तोड़फोड़ शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि दबंग किस तरह पेट्रोल पंप की मशीनों और अन्य



सामान को निशाना बनाकर तोड़फोड़ कर रहे हैं। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। इसके बाद कर्मचारियों ने तत्काल डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। तोडफ़ोड़ की इस घटना में करीब 50 हजार रुपये के नुकसान की बात सामने आई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मोबाइल स्नैचिंग गैंग का पर्दाफाश, दो बदमाश अवैध हथियारों समेत गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ पुलिस ने महिला से मोबाइल और नकदी छीनने की घटना का खुलासा करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से महिला से छीना गया मोबाइल, नकदी, अवैध तमंचे और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। दोनों आरोपितों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। पुलिस ने आरो. पितों को न्यायालय में पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी के अनुसार 11 मई को बछलौता रोड पर एक महिला ई-रिक्शा में बैठकर जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने महिला से मोबाइल और नकदी छीन ली थी। मामले में थाना बाबूगढ़ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस टीम ने सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए घटना का सफल अनावरण कर दिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अदनान उर्फ भूरा पुत्र नसीम निवासी मोहल्ला मजीदपुरा और अनस पुत्र इरफान निवासी मोहल्ला मजीदपुरा थाना हापुड़ नगर के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपित पहले भी कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं। अनस के खिलाफ लूट और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, जबकि अदनान पर भी मारपीट और आपरा. धिक घटनाओं के मामले दर्ज बताए गए हैं।

## तहसीलदार स्वाति गुप्ता की तत्परता से बची किसान की उम्मीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धाकिल-खारिज की समस्या को लेकर मंगलवार सुबह ग्राम ककोड़ी निवासी किसान गुड्डू चौधरी घर से पैदल ही हापुड़ तहसील के लिए निकल पड़े। किसान का कहना था कि लंबे समय से उनकी दाखिल-खारिज की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही थी, जिसके चलते वह लगातार तहसील के चक्कर काट रहे थे। मंगलवार सुबह भी वह अपनी समस्या के समाधान की उम्मीद लेकर तहसील पहुंचने के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में सुप्रीम पेट्रोल पंप के पास अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। किसान की हालत बिगड़ने की सूचना गांव के लोगों और किसान नेताओं तक पहुंची तो मौके पर अफरा-तफरी



का माहौल बन गया। तत्काल उन्हें सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार दिया गया। घटना की जानकारी तहसील प्रशासन तक पहुंची तो अधिका. रियों में भी हलचल मच गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार स्वाति गुप्ता ने तुरंत किसान की फाइल मंगवाई और संबंधित कर्मचारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जांच में सामने आया कि दाखिल-खारिज की प्रक्रिया में कुछ तकनीकी कमियां लंबित थीं, जिनके कारण किसान का कार्य अटका हुआ था। किसान गुड्डू चौधरी ने भी राहत मिलने पर प्रशासन का आभार जताया। तहस. ीलदार स्वाति गुप्ता ने कहा कि किसानों की समस्याएं प्रशासन की प्राथमिकता में हैं और किसी भी किसान को अपनी जायज मांग के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, किसान हमारे समाज की रीढ़ हैं।

अगर कोई किसान अपनी समस्या को लेकर परेशान होकर पैदल तहसील आने को मजबूर होता है और रास्ते में उसकी तबीयत बिगड़ जाती है, तो यह बेहद संवेदनशील विषय है। सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों और आम जनता से जुड़े मामलों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ प्राथमिकता पर निपटाया जाए, ताकि किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

### एक नजर

## कपूरपुर पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर अपराधी, अवैध असलहा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अंतर्गत पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी काफी लंबा बताया जा रहा है।

थाना प्रभारी के अनुसार थाना कपूरपुर पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बजेड़ा बंबा के पास एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम इरशाद पुत्र इश्तयाक निवासी ग्राम बौड़ा थाना कपूरपुर जनपद हापुड़ बताया। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है और उसके खिलाफ पहले से कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। थाना कपूरपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बकरीद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बकरीद के अवसर पर सार्वजनिक स्थल और खुले में पशुओं की कुर्बानी पर रोक रहेगी। यह बातें थाने में वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय शर्मा ने कही। वह सोमवार की शाम को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

संजय शर्मा ने कहा कि 28 मई को बकरीद है। दोनों समुदाय के लोग भाइचारा दिखाते हुए त्योहार को शांति पूर्वक संपन्न कराने में सहयोग करेंगे। अगर सार्वजनिक स्थल, रास्ता या गली में किसी भी पशु की कुर्बानी दी तो पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी। बकरीद को लेकर पुलिस और प्रशासन सतर्क है, आमजन से सहयोग की अपील की जा रही है। अराजकता किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोनों समुदाय के लोग मिल जुलकर शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाएं। कस्बा हो या गांव, कोई समस्या हो तो बता दें, उसका तुरंत निस्तारण कराया जाएगा। इस दौरान दोनों समुदाय के दर्जनों लोग मौजूद रहें।



## सर्राफा कारोबार से जुड़े मुद्दों पर गरजा सुनार समाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रधानमंत्री की अपील के क्रम में हापुड़ में सुनार समाज के लोगों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज और व्यापार से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग, व्यापारी और युवा वर्ग के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं और प्रधानमंत्री के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना तथा व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान की दिशा में पहल करना रहा।

बैठक के दौरान सुनार समाज के व्यापारियों ने सर्राफा कारोबार से जुड़ी समस्याओं, बाजार की चुनौतियों, व्यापारिक नियमों और सुरक्षा संबंधी मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई। समाज के वरिष्ठ लोगों ने कहा कि सुनार समाज हमेशा सामाजिक एकता और राष्ट्रहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाता आया है। आने वाले समय में भी समाज सरकार के साथ समन्वय बनाकर विकास की मुख्यधारा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगा। बैठक में समाज के युवाओं को संगठित होकर व्यापार और सामा. जिक कार्यों में आगे आने का आहवान भी किया गया। बैठक का समापन समाजहित और व्यापारिक विकास के लिए मिलजुलकर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री की सोच और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही।



## तेज धूप और लू से बचें, डीएम कविता मीना की जनता से खास अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए जिलाधिक. ारी कविता मीना ने नागरिकों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी करते हुए सतर्क रहने की अपील की है। 18 मई 2026 को हापुड़ में दर्ज किया गया 44 डिग्री सेल्सियस तापमान प्रशासन के लिए चिंता का विषय बन गया है। मौसम विभाग द्वारा आने वाले दिनों में भी ऊष्ण लहर और भीषण गर्मी की संभावना जताई गई है, जिसके चलते जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह केवल गर्मी नहीं बल्कि स्वास्थ्य और जीवन के लिए गंभीर चेता. वनी है। ऐसे मौसम में थोड़ी सी लापरवाही भी लोगों के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक रूप से घरों से बाहर निकलने से बचें।



जिलाधिकारी ने कहा कि छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों का इस मौसम में विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है। लगातार पानी पीते रहें, ओआरएस और नींबू-पानी जैसे तरल पदार्थों का सेवन करें तथा शरीर में पानी की कमी न होने दें। डीएम कविता मीना ने पशु-पक्षियों के संरक्षण को लेकर भी संवेदनशील अपील की। पशुपालकों को निर्देश दिए गए हैं कि पशुओं को दिन में कई बार ताजा पानी पिलाएं और उन्हें दोपहर के समय छायादार स्थानों पर रखें। आपात स्थिति में नागरिक पुलिस सहायता के लिए 100 और 112, एंबुलेंस सेवा के लिए 108, राहत आपदा कंट्रोल रूम 1070 तथा जिला आपदा कंट्रोल रूम 1077 पर संपर्क कर सकते हैं।

# आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं में लापरवाही पर डीएम सख्त, कई अधिकारियों के वेतन रोके

## पोषण ट्रैकर और ई-केवाईसी में लापरवाही पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय पोषण, महिला कल्याण एवं पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर संचालित पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी गति. विधियों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमित रूप से पोषण संबंधी गति. विधियां संचालित की जाएं तथा बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं वजन मापन कार्य में विशेष सतर्कता बरती जाए। समीक्षा के दौरान तहसील शाहबाद एवं नगर क्षेत्र रामपुर में चयनित पात्रों को पत्र वित. रित न किए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया।



उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सीडीपीओ शाहबाद के शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने, तीन दिन का वेतन बाधित करने तथा विभागीय कार्यवाही हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए।

साथ ही प्रधान सहायिका का 15 दिन का वेतन रोकने एवं प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए गए। मामले की विभागीय जांच समाज कल्याण विभाग को सौंपी गई। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं को वितरित किए जाने वाले अनुपूरक पोषाहार की समीक्षा भी की गई। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को पोषाहार किट वितरण की जांच करने तथा गांवों में चौपाल लगाकर वास्तविक स्थिति का सत्यापन करने के निर्देश दिए। पोषण ट्रैकर एप पर डाटा फीडिंग में लापरवाही पाए जाने पर चमरौवा की सीडीपीओ का 15 दिन का वेतन बाधित करने एवं प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के साथ विभागीय जांच के निर्देश दिए गए।

एफआरएस पोर्टल पर ई-केवाईसी कार्य लंबित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण होने के बाद ही वेतन आहरित किया जाए। जिलाधिकारी ने वीएचएनडी सत्रों के नियमित संच. ालन पर भी जोर देते हुए खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपार आईडी बनाने में सहयोग प्रदान करें तथा आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम समाज की खाली पड़ी भूमि पर हरा चारा लगाए जाने तथा भीषण गर्मी और हीट वेव से गौवंश की सुरक्षा के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 20 मई को देशव्यापी दवा व्यापार बंद का ऐलान, मिलक केमिस्ट एसोसिएशन ने एसडीएम को तीन सूत्रीय सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** कैमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने 20 मई 2026 को प्रस्तावित एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद की अग्रिम सूचना देते हुए उपजिलाधिकारी मिलक को ज्ञापन सौंपा एसोसिएशन ने केंद्र सरकार से हस्तक्षेप कर अवैध ई-फार्मेसी संचालन पर रोक लगाने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया कि देशभर के लगभग 12.40 लाख केमिस्ट्स एवं वितरकों तथा उनसे जुड़े 4-5 करोड़ आश्रितों की आजीविका गंभीर संकट में है। अवैध ई-फार्मेसी व अनियंत्रित मूल्य प्रतिस्पर्धा के कारण बिना पर्ची दवा बिक्री, पर्ची का दुरुपयोग, एंटीबायोटिक्स का गलत उपयोग, नकली दवाएं व AMR का खतरा बढ़ रहा है। अवैध ई-फार्मेसी संच. ालन पर पूर्ण रोक एवं GSR 817(E) 28. अगस्त.2018 की वापसी बड़े कॉर्पोरेट्स द्वारा प्रिडेटरी प्राइसिंग पर रोक GSR 220(E) 26. मार्च.2020 की वापसी यह बंद AIOC D r Fkk OCDUP के आह्वान पर किया जा रहा है। मिलक कैमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन जिला फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन रामपुर की इकाई ने ज्ञापन उपजिलाधिकारी मिलक को दिया है इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष प्रमोद सक्सैना, महामंत्री प्रदीप सक्सैना, जिला उपाध्यक्ष डॉ. विकास शुक्ला अनिल गुप्ता राजू डीके अग्रवाल मोहम्मद जान प्रखर वशिष्ठ रितेश कुमार गुप्ता आदि रहे।

# जबरन शादी का दवाव डालने पर युवक ने फांसी लगा जान देने की कोशिश की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** क्षेत्र के गांव परम में 13 मई की रात युवक के अपहरण और जबरन शादी कराने का प्रयास करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है जबरन शादी का जवाब डालने पर युवक ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की युवकों निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है पीड़ित के पिता बाबूराम पुत्र नोनीराम ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बाबूराम के अनुसार, उनका बेटा रवि 13 मई को रात करीब 8:30 बजे गांव की दुकान से घर का सामान लेकर लौट रहा था। तभी यशपाल पुत्र जानकी प्रसाद, उसका भाई राकेश निवासी ग्राम मेहतोष थाना खजुरिया, राजवीर निवासी जिवाई कदीम थाना पटवाई और रामसनेही समेत कुछ अन्य लोग कार में आए। आरोप है कि आरोपियों ने रवि को तमंचे के बल पर जान से मारने की धमकी देकर जबरन कार में खींच लिया और अगवा कर ले गए। तहरीर में कहा गया है आरो. पियों ने अपनी दबंगई के बल पर जबरन दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और दोनों का जयमाला कार्यक्रम कराकर शादी कराने की कोशिश की। पीड़ित रवि ने जबरन शादी का विरोध किया त तनाव में आकर सोमवार की सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत गंभीर होने पर उसे मिलक के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। बाबूराम ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चंद्रपुराखुर्द से युवा सत्ता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नलिन चौधरी ने सोनू खड्गवंशी को जिलाध्यक्ष मनोनित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुराखुर्द में रविवार को युवा सत्ता पार्टी हेतु एक विशाल भव्य सभा का आयोजन किया गया जिसमें आस पास के जुड़े क्षेत्रों से आए सैकड़ों युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और इस सभा में सर्वप्रथम बार पहुंचे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नलिन सिंह का युवाओं ने फूल मालाएं पहनाकर जोरदार नारों के जोरदार भव्य स्वागत किया सभा का आयोजन चंद्रपुराखुर्द निवासी सोनू खड्गवंशी द्वारा सभा का आयोजन किया गया इस सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नलिन सिंह ने कहा कि देश प्रदेश के युवाओं को राजनीति करने में युवा साथियों का अब आगे बढ़ने का समय आ गया है उन्होंने कहा कि हमारी जो तैयारी है वह युवा साथियों को सत्ता में जुड़ने का



हिस्सा मिले और गांवों से लेकर संसद तक उनकी मजबूत आवाज पहुंचे इस सभा के चलते युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिला सभा में रोजगार , शिक्षा, किसानों की समस्याएं, युवाओं के राजतिलक अधिकार जैसे विषयों पर चर्चा की गई इस सभा के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सोनू खड्गवंशी को युवा सत्ता पार्टी का रामपुर जिलाध्यक्ष बनाया गया जैसे ही जिलाध्यक्ष की घोषणा हुई तैसे ही युवाओं में एक खुशी की लहर दौड़ आई ओर युवा साथियों ने तालियों व नारों के साथ उनका अभिनंदन किया सभा के अंत में संगठन को गांव गांव तक पहुंचकर मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

# लखनऊ में अधिवक्ताओं से दुर्व्यवहार पर बार एसोसिएशन ने जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** बार एसोसिएशन मिलक के सभागार में अध्यक्ष सतीश चंद्र गंगवार की अध्यक्षता में एक जरूरी मीटिंग बुलाई गई। मीटिंग का संच. ालन महासचिव रमेश चन्द्र ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि लखनऊ में अधिवक्ताओं के साथ हुए दुर्व्यवहार एवं अमानवीय व्यवहार तथा पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर अनावश्यक बल प्रयोग की निंदा की जाती है। सभी बार सदस्यों ने इसकी कड़े शब्दों में निंदा की। प्रस्ताव में कहा गया कि इस प्रकार से समस्त अधिवक्ता समाज में रोष व्याप्त है। भविष्य में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार न रखा गया तो सभी अधिवक्तागण आंदोलन करने के



लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर एडवोकेट श्री राम, एडवोकेट देवेंद्र कुमार गंगवार,एडवोकेट सहदेव, एडवोकेट विवेक गंगवार, एडवोकेट धर्मेंद्र सक्सेना, एडवोकेट कैलाश वीर सक्सेना, एडवोकेट सुधीर शुक्ला, एडवोकेट कमलक. ांत शर्मा, एडवोकेट रमेश चंद्र मिश्रा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# टम्पू में घुसी तेज रफ्तार बाइक, तीन समेत पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** शाहबाद-बिलारी मार्ग पर ईदगाह के पास सोमवार को एक सड़क हादसे में बाइक अनियंत्रित होकर टम्पू में जा घुसी। हादसे में टम्पू सवार तीन लोगों समेत बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, टम्पू में सवार इंद्रपाल पुत्र अज्ञात, उम्र 27 वर्ष निवासी बरखेड़ा, सुरेन्द्र उम्र 28 वर्ष निवासी बरखेड़ा तथा गुड्डू उम्र 35 वर्ष निवासी भूड़ा गेट सैफनी घायल हो गए। इनमें इंद्रपाल और टम्पू चालक गुड्डू की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं बाइक पर सवार रामनिवास उम्र 19 वर्ष निवासी मित्तरपुर तथा सुरेन्द्र उम्र 27 वर्ष निवासी मित्तरपुर



भी हादसे में घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक तेज रफ्तार में थी और अचानक संतुलन बिगड़ने से सीधे टम्पू में जा टकराई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन से हल्का इंचार्ज अतिशय जैन, कांस्टेबल राहुल और कांस्टेबल सुरेश मौके पर पहुंच गए और स्थिति को संभाला। पुलिस ने घायलों के परिजनों को सूचना देकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने किया विभिन्न गांवों का तूफानी दौरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** संसदीय क्षेत्र के सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के दर्जनों गांवों का सघन दौरा किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। सांसद ने लोगों की समस्याएं सुनीं और कई सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों में भी शिरकत की। दौरे के दौरान सांसद सबसे पहले मिलक खानम थाना क्षेत्र के ग्राम मेहंदी नगर पहुंचे, जहां उन्होंने जहूर प्रधान की पुत्री के विवाह समारोह में शामिल होकर नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं दीं। इसके बाद वह भोट क्षेत्र के ग्राम तालकपुर पहुंचे और दानिश साहब के परिवार में आयोजित सगाई समारोह में हिस्सा लिया। सांसद ने स्वार, मिलक खानम, बिलासपुर और रामपुर विधानसभा क्षेत्रों के माटखेड़ा, अहमद नगर, नूरपुर महुनगर और कुम्हारिया कलां सहित कई गांवों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है।



इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी दिए। दौरे में सांसद प्रतिनिधि एडवोकेट महबूब अली पाशा, हाजी अय्यूब, डॉ. मेंहदी हसन, हाफिज रफी नूरी, जमील सैफी, नासिर शेख, डॉ. उवैस खान, डॉ. मकतूब अहमद मुन्ना, डॉ. रियासत, डॉ. अब्दुल सलाम, आसिफ अली, युवा नेता सैफ, रामबहाद. ुर सागर, नरेश यादव, बदन सिंह यादव और मास्टर अख्तर अली सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर रामपुर रजा पुस्तकालय में दुर्लभ धरोहरों की प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय में अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर दुर्लभ एवं ऐतिहासिक कलाकृतियों की विशेष प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन पुस्तकालय के निद. ेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने दरबार हॉल में किया। प्रदर्शनी में संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों, ऐतिहासिक चित्रों और सांस्कृतिक धरोहरों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि संग्रहालय हमारी सांस्कृतिक विरासत और इतिहास को सुरक्षित रखने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।



उन्होंने बताया कि पुस्तकालय में हजरत अली के हाथों लिखी गई दुर्लभ कुरान की प्रति संरक्षित है, जिसकी दुनिया में केवल दो प्रतियां मौजूद हैं। इसके अलावा पर्सियन भाषा में वाल्मीकि रामायण, पंचतंत्र और मंगोलिया के इतिहास से जुड़ी दुर्लभ पांडुलिपियाँ भी संग्रह में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि संग्रहालय में रखी वस्तुएँ केवल संग्रह नहीं बल्कि हमारी जीवित सांस्कृतिक धरोहर हैं। साथ ही हामिद मंजिल और रंग महल को संग्रहालय के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य जारी होने की जानकारी भी दी।

# जिला पंचायत सदस्य नुसरत बेग ने किया ज्वेलरी शॉप का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर के बड़ागांव चौराहा स्थित एक नई ज्वेलरी शॉप का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य नुसरत बेग ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और नई दुकान के शुभारंभ पर शुभकामनाएं दीं। ज्वेलरी शॉप के प्रोपराइटर ने बताया कि दुकान पर ग्राहकों को उचित दरों पर आकर्षक एवं गुणवत्तापूर्ण आभूषण उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही ग्राहकों को बेहतर सेवा देने का भरोसा भी दिलाया। उद्घाटन समारोह के दौरान आए हुए अतिथियों एवं लोगों को मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य नुसरत बेग, धर्मवीर, शकील बेग, नासिर बेग, अय्यूब हुसैन, अनवार हुसैन, मेक सिंह, भूप सिंह, सईद सहित क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे।

# मनोकामना पूर्ण होने पर 250 श्रद्धालु पैदल पहुंचे मनोना धाम, किया भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** रविवार को धार्मिक आस्था और श्रद्धा का अनूठा दृश्य देखने को मिला, जब रामपुर जनपद के शाहबाद क्षेत्र सहित कई गांवों से करीब ढाई सौ श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए प्रसिद्ध श्री श्याम मंदिर मनोना धाम पहुंचे। श्रद्धालु डीजे की धुन पर भजन गाते और नाचते-झूमते हुए पूरे उत्साह के साथ यात्रा करते नजर आए।

श्रद्धालुओं ने बताया कि उनकी मनोकामना श्री श्याम सरकार की कृपा से पूर्ण हुई है।

इसी आस्था और श्रद्धा के चलते उन्होंने पैदल यात्रा कर मंदिर पहुंचने का संकल्प लिया था। यात्रियों का कहना था कि उन्हें पूज्य महंत जी के हाथों से जल ग्रहण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था, जिसके बाद उन्होंने मनोना धाम पहुंचकर भंडारे का आयोजन करने का निर्णय



लिया। यात्रा में रामपुर के पहाड़ी गंज, मधुकर, मल्लपुर, हरियार पटवाई, मोहल्ला कानून गोयान शाहबाद सहित विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालु शामिल रहे। श्रद्धालुओं में डालचंद राजपूत, अनीता, गुलजारी राजपूत, मनोज, विजेंद्र, राजेश, अन्नपाल, सीमा समेत बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे मौजूद रहे।

पूरे रास्ते श्रद्धालुओं में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। मनोना धाम पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की तथा भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया।

# दलित उत्पीड़न प्रकरण ने तूल पकड़ा

## सांसद चंद्रशेखर को पुलिस ने रोका, पीड़ित परिवार से दूसरी जगह कराई मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ठाकुरद्वारा में दलित परिवार के साथ कथित उत्पीड़न के मामले ने सोमवार को उस वक्त राजनीतिक तूल पकड़ लिया, जब नगीना सांसद व आसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद को ठाकुरद्वारा जाने से पुलिस ने रोक दिया। कई घंटों तक चले हाई-वोल्टेज घटनाक्रम के बाद पुलिस और सांसद के बीच सहमति बनी, जिसके तहत पीड़ित परिवार की मुलाकात किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर सांसद से कराई गई। इसके बाद सांसद अपने काफिले के साथ रवाना हुए।

प्राप्त समाचार के अनुसार ठाकुरद्वारा क्षेत्र में एक दलित परिवार के साथ कथित उत्पीड़न और मारपीट की घटना सामने आई थी। इस मामले में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें पीड़ित परिवार ने अपनी व्यथा जाहिर की। यह वीडियो सामने आने के बाद नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने पीड़ित परिवार से मिलकर हालात का जायजा लेने का निर्णय लिया।

हालांकि, सांसद के ठाकुरद्वारा रवाना होने से पहले ही धामपुर स्थित उनके जैतरा आवास पर भारी पुलिस बल पहुंच गया। एएसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव, सीओ अभय पांडे, कोतवाल मृदुल कुमार तथा स्थानीय अभिसूचना इकाई के अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौके पर तैनात रहे। प्रशासन ने कानून-व्यवस्था और संभावित तनाव का हवाला देते हुए सांसद को सीधे गांव जाने की अनुमति नहीं दी।

करीब दो घंटे तक चली वार्ता के दौरान पुलिस प्रशासन ने सांसद को समझाया कि पीड़ित और दूसरे पक्ष के लोग एक ही गांव के रहने वाले हैं, ऐसे में उनके गांव पहुंचने से तनाव बढ़ सकता है। काफी चर्चा के बाद यह सहमति बनी कि पीड़ित परिवार को किसी अन्य स्थान पर बुलाकर सांसद से मुलाकात कराई जाएगी, ताकि वे अपनी बात सीधे सांसद के सामने रख सकें।

इस दौरान सांसद चंद्रशेखर आजाद ने शाह टाइम्स से बातचीत में कहा कि उन्हें पीड़ित परिवार की ओर से शिकायत मिली थी कि उनकी एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने पुलिस अधिकारियों से बात कर शिकायत दर्ज कराने की पहल भी की थी, लेकिन इसके बाद भी संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। सांसद ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो देखकर वे बेहद व्यथित हुए और तुरंत पीड़ित परिवार से मिलने का निर्णय लिया।

उन्होंने कहा, मेरे रहते किसी भी दलित परिवार के साथ अन्याय और उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीड़ितों को न्याय दिलाना मेरी जिम्मेदारी है।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद राजनीतिक माहौल गर्म हो गया। सांसद समर्थकों और आसपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखने को मिली। सांसद आवास के बाहर समर्थकों की भीड़ जुटी रही और माहौल तनावपूर्ण बना रहा।

मौके पर आजाद समाज पार्टी के सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन, परवेज पासी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी गौहर इकबाल, सतीश कुमार, शेरबाज पठान, दीपक कुमार, नजीबाबाद नगर पालिका अध्यक्ष मुअज्जम खां, जिला उपाध्यक्ष फहीम राईन, फिरासत हुसैन समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वैवाहिक विवादों का समाधान मध्यस्थता से संभव



महिला पुलिस चौकी में साक्षरता शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के माह मई के एक्शन प्लान तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार धामपुर स्थित महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी में 'मुक. दमेबाजी से पूर्व वैवाहिक विवादों का निपटारा मध्यस्थता द्वारा' विषय पर एक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य लोगों को वैवाहिक एवं पारिवारिक विवादों के शांतिपूर्ण और आपसी सहमति से समाधान के प्रति जागरूक करना था।

इस मौके पर पीएलवी जयवीर सिंह ने कहा कि वैवाहिक और पारिवारिक विवादों का समाधान आपसी बातचीत, मध्यस्थता और परामर्श केंद्रों के माध्यम से करना अधिक प्रभावी होता है। इससे न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि मानसिक एवं भावनात्मक तनाव से भी राहत मिलती है।

एसआई सीमा खोखर ने बताया कि घरेलू हिंसा, तलाक और दहेज से संबंधित विवादों के समाधान के लिए मध्यस्थता एक स्वैच्छिक एवं गोपनीय प्रक्रिया है। इसमें पति-पत्नी को बिना किसी पूर्वाग्रह के खुलकर अपनी बात रखने का अवसर दिया जाता है, ताकि दोनों पक्षों की सहमति से सकारात्मक समाधान निकाला जा सके। एसआई शिवानी चौहान ने कहा कि परामर्श केंद्र की टीम पति-पत्नी के बीच उत्पन्न गलतफहमियों, अहंकार और संवादहीनता को दूर कर रिश्तों को बचाने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे मतभेद यदि समय रहते बातचीत से सुलझा लिए जाएं तो परिवार टूटने से बच सकते हैं।

शिविर में आशा देवी, सविता, ललिता, शम्मा खातून, नूरजहां, मकसूदा, शाहनवाज सहित अन्य लोगों ने भाग लेकर जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में वैवाहिक विवादों के समाधान के लिए कानूनी सहायता और मध्यस्थता की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

# पर्यावरण प्रेमी यमुना ढकाल का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** विश्व पर्यावरण जागरूकता अभियान के अंतर्गत भारत भ्रमण पर निकली नेपाल की प्रसिद्ध पर्यावरण कार्यकर्ता एवं राष्ट्रीय सेविका समिति नेपाल की सक्रिय सदस्य यमुना ढकाल का विभिन्न शिक्षण संस्थाओं मे भव्य स्वागत किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पहुंची नेपाल की प्रसिद्ध पर्यावरण कार्यकर्ता एवं राष्ट्रीय सेविका समिति नेपाल की सक्रिय सदस्य यमुना ढकाल का शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया तथा परिसर में विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम उनके पर्यावरण अभियान का 101वां आयोजन रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यमुना ढकाल ने कहा कि वर्तमान समय में प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान किया। उन्होंने भारत और नेपाल की सांस्कृतिक व प्राकृतिक एकता का उल्लेख करते हुए दोनों देशों को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में मिलकर कार्य करने की प्रेरणा दी। पर्यावरणविद् सुबोध कुमार वर्मा ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं से निपटने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देने की अपील की। कार्यक्रम में सामा. जिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार से जुड़ी इन्दु वर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि सामाजिक जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक विषय हैं तथा समाज को दोनों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए।अंत में विद्यालय परिवार और अतिथियों ने सामूहिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन, कैलाश चंद्र, विजयपाल सिंह, मौहम्मद नफीस अंसारी, शकील अहमद, सुरेंद्रपाल, रिहान अहमद, रईस अहमद, मौहम्मद आलम अंसारी, मौहम्मद रिजवान, अरशद हुसैन खां, मौहम्मद शहजाद, अबरार अहमद आदि स्टाफ मौजूद रहा। वहीं नगर के दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कालेज मे भी यमुना ढकाल का भव्य स्वागत किया गया।

इस मौके प्रधानाचार्य राजेश कुमार, उप प्रधानाचार्य विनीत कुमार, राकेश कुमार, ब्रह्मपाल सिंह, जितेंद्र कुमार, राजीव कुमार, देवेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, इदरीश अहमद, शैलेश यादव, जाबिर अली, मुजीब अहमद, संजय कुमार, मौहम्मद सलीम, शोमा रानी सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग का मंगलवार को धामपुर स्थित एक रिसॉर्ट में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में जिले भर से भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रशिक्षण वर्ग के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित संगठन है, जहां कार्यकर्ताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान 'बॉबी' ने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। संगठन में हर कार्यकर्ता को सम्मान और जिम्मेदारी दोनों मिलती हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा और कार्यपद्धति से और अधिक मजबूत करना है।

एमएलसी अशोक कटारिया ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनका निरंतर परिश्रम और राष्ट्रहित में समर्पण सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को जनसेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर हरिओम शर्मा, हरिश ठाकुर, पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, महेंद्र धनौरिया, सुभाष चौहान, राजू गुप्ता, दीपक अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, भूपेंद्र सैनी, अभिषेक राजपूत सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### लाइनमैन की करंट लगने से मौत



**चांदपुर।** ग्राम पीपलसाना स्थित 11 केवीए विद्युत लाईन पर काम कर है एक संविदाकर्मी लाईनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना से पॉवर हाउस पर हड़कम्प मच गया तथा अधिकारी मौके पर पहुंचे और लाईन पर काम कर रहे संविदाकर्मी ग्राम खानपुर खादर निवासी कमल कुमार के शव को नीचे उतरवाया तथा उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर मृतक कमल के परिजनों ने बिजली घर पहुंचकर हंगामा शुरु कर दिया तथा कमल को जान बूझकर लाईन पर चढ़ाने का आरोप लगाते हुए उसे मारने का आरोप लगाया। इस बाबत विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा काफी समझाने के बाद भी मृतक के परिजन नहीं माने और स्याऊ सीएचसी के सामने जाम लगा दिया। जिसे पुलिस ने बड़ी मुश्किल से खुलवाया गया। उधर मृतक के परिजन व रिश्तेदार मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग कर रहे थे।

### विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग



**धामपुर।** भीषण गर्मी के बीच नगर में लगातार हो रही बिजली ट्रिपिंग और अघोषित कटौती को लेकर नागरिकों का गुस्सा फूट पड़ा। समाजसेवी विजय कुमार जैन के नेतृत्व में नागरिकों ने उपखंड अधिकारी विद्युत को ज्ञापन सौंपकर बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि एक ओर तेज गर्मी से लोग बेहाल हैं, वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग रात में बार-बार ट्रिपलिंग और दिन में सप्लाई फेल होने का हवाला देकर घंटों कटौती कर रहा है। इससे आमजन, व्यापारी और विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि बिना किसी तय समय के बिजली आने-जाने से घरों के उपकरण भी खराब हो रहे हैं और पेयजल संकट गहराने लगा है। विजय कुमार जैन ने मांग की कि विभाग निर्धारित शेड्यूल के अनुसार ही कटौती करे तथा बार-बार होने वाली ट्रिपिंग पर प्रभावी रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। ज्ञापन देने वालों में वीरेंद्र कारीगर, पुष्पेंद्र, संयम जैन, विकास समेत कई नागरिक मौजूद रहे।

### पेड़ी गन्ना फसल का निरीक्षण



**धामपुर।** शुगर मिल के सहायक उपाध्यक्ष ने किया गांवों का भ्रमण, गन्ना फसल के बेहतर प्रबंधन के निर्देश दिए। धामपुर शुगर मिल के सहायक उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने नहटौर जोन के अंतर्गत आने वाले ग्राम नवादा तुल्ला, सुमालखेड़ी सहित अन्य गांवों का भ्रमण कर संतकालीन गन्ना बुवाई एवं पेड़ी गन्ना फसल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गन्ना फसल की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक उपाध्यक्ष ने गन्ना फसल को कीटों से सुरक्षित रखने के लिए लाइट ट्रैप एवं फेरोमोन ट्रैप लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गन्ने की फसल में टॉप बोरर के प्रकोप को कम करने के लिए CTPR, नेटजन और बोलियम की ड्रेंचिंग कराना आवश्यक है, ताकि फसल को नुकसान से बचाया जा सके और उत्पादन में वृद्धि हो। इस मौके पर किसानों को सलाह दी गई कि गन्ना फसल की बेहतर बढ़वार और अधिक उत्पादन के लिए खेतों में एन.पी.के. 20:20:20 का स्प्रे करें तथा आवश्यकता अनुसार यूरिया का प्रयोग करें।

### भाकियू कार्यकर्ताओं ने घेरी गन्ना समिति



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) कार्यकर्ताओं ने गन्ना समिति कार्यालय में सचिव का घेराव करते हुए गन्ना पर्यवेक्षक परमजीत सिंह पर अपने खाद स्टोर से प्राईवेट कम्पनी की दवाई बेचने और दूसरे स्टोर संचालक पर किसानों के नाम फर्जी तरीके से खाद बीज/लोन चढ़ाने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि विनीत कुमार पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम पृथ्वीपुर ने सात मई को अंथाई गन्ना समिति स्टोर से एक किलो ग्राम दवाई ली थी। जिसका भुगतान चैक नम्बर 263992 के द्वारा किया गया। उसके बाद भी आधार नम्बर लिया और मशीन पर अंगूठा लगवाया था। कुछ समय पश्चात उनके मोबाईल नम्बर पर मैसेज आया, जिसमें पांच कट्टे डीएपी व के लिए हैं। जबकि डीएपी खाद खरीदा ही नहीं था। जिसकी मौखिक शिकायत गन्ना समिति सचिव को दे दी गई थी। बावजूद इसके उस पर बकाया निकाली गई है। शिकायत में कहा गया है कि स्टोर संचालक परमजीत सिंह के द्वारा अपनी प्राईवेट कम्पनी की दवाई किसानों को जबरन थोपी जा रही है। किसानों ने मशीन से किसानों को तुरंत पर्ची जारी किए जाने, दिनभर की खाद व दवाई की बिक्री का रिकार्ड प्रतिदिन समिति द्वारा चैक किए जाने, समिति स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की भी मांग की गई। ज्ञापन पर अरविंद कुमार ब्लाक सचिव, इरफान अहमद, फैज कुरैशी एड., मौहम्मद आसिफ, विनीत कुमार, लाला सिंह, संजीव कुमार, राकेश कुमार, अमरपाल सिंह, ध्यान सिंह आदि के नाम व हस्ताक्षर है। सचिव गन्ना समिति जितेंद्र कुमार ने किसानों की बात को गंभीरता से सुना और कहा कि ऐसा है तो कार्यवाही की जाएगी।

## एक नजर

### गेस्ट हाउस में तोड़फोड़ व मारपीट

**चांदपुर।** स्थानीय मौहल्ला कायस्थान निवासी सविता वर्मा पत्नी विनय कुमार वर्मा ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि दत्तियाना रोड पर वाटिका के नाम से उनका गेस्ट हाउस है। जिसका संचालन वह खुद करती है। 16 मई को उनके गेस्ट हाउस पर शाम लगभग चार बजे सुमित उर्फ मामू पुत्र नामालूम निवासी ग्राम मंसूरपुर, विशाल उर्फ लोहरा पुत्र नामालूम निवासी कस्बा स्योहारा व दो अन्य लोग आए और गेस्ट हाउस के मैनेजर सोनू को बुलाया तथा कहा कि तुम्हे नीचे बुलाया जा रहा है, जल्दी जाओ और सुनो क्या है, सोनू द्वारा मना करने पर इन लोगों ने गेस्ट हाउस में तोड़फोड़ कर दी तथा मारने पीटने लगे। साथ ही जान से मारने की की धमकी देने लगे। सूचना पर पाकर जब वह मौके पर पहुंची, तो उन्होंने उनके साथ भी धक्का मुक्की की तथा जाते समय इन लोगों ने गेस्ट हाउस ऑफिस में रखा फायर अलार्म भी तोड़ डाला तथा प्रिंटर्स आदि को भी तोड़ दिया। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 292/2026 धारा 115(2), 324(2), 351(2)/ बीएनएस में दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### डॉ. कमाल अहमद के सम्मान में मुशायरा



**धामपुर।** मदरसा इस्लामिया अरबिया बंदूकचियान में प्रसिद्ध चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. कमाल अहमद की चिकित्सीय और सामाजिक सेवाओं के सम्मान में एक गरिमामय सम्मान समारोह एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बज्म-ए-कमर धामपुर के अध्यक्ष कारी नौशाद आलम 'शाद' ने की, जबकि संचालन की जिम्मेदारी इरशाद धामपुरी ने निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ कारी नूर आलम नूर द्वारा प्रस्तुत नात-ए-पाक से हुआ। इसके बाद वक्ताओं ने डॉ. कमाल अहमद की चिकित्सा, सामाजिक एवं जनसेवा संबंधी कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें मानवता का सच्चा हितैषी और समाज की अमूल्य धरोहर बताया। अपने विचार व्यक्त करने वालों में कारी राशिद हमीदी, हाजी हसन खां, जावेद रहमान शम्सी, डॉ. आरिफ सैफी, सतवन्त सिंह सलूजा, बाबू रस्तोगी, एस.पी. सलूजा, डॉ. अख्तर हुसैन, डॉ. अजहर अंसारी, डॉ. फरीदुर्रहमान, हाजी जाहिद हुसैन मछुआरा, तस्लीम अहमद, मुफ्ती मौहम्मद कमर, खालिद महमूद, सलमान फरीदी, हैदर अली आढ़ती, डॉ. रिफअत मसूद, डॉ. सूफियान अहमद तथा डॉ. रेहान अहमद प्रमुख रहे।

### बड़े मंगल पर भक्ति की बही बयार



**धामपुर।** ज्येष्ठ माह के तृतीय बड़े मंगलवार के अवसर पर नगर भक्तिमय माहौल में रंगा नजर आया। एक ओर एसडीएम कार्यालय परिसर के बाहर प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, वहीं दूसरी तरफ नगर पालिका परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। दोनों स्थानों पर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर बजरंगबली का प्रसाद ग्रहण किया और समाज में सुख-शांति एवं सौहार्द की कामना की। एसडीएम कार्यालय परिसर के बाहर आयोजित प्रसाद वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व विनियमित क्षेत्र के लिपिक योगेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन कई वर्षों से निरंतर किया जा रहा है और बड़े मंगल के अवसर पर श्रद्धापूर्वक प्रसाद वितरण की परंपरा निभाई जाती है। इस मौके पर उपजिला ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, पेशकार पुनीत कुमार, स्टेनो कुलदीप कुमार, बार एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद सैनी, राजपाल सिंह, गजेंद्र सिंह, विनय कुमार गुप्ता, उमाशंकर शर्मा, सत्येंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह एड., सुरेंद्र सिंह सहित अनेक अधिवक्ता और कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं नगर पालिका परिसर में भी तृतीय बड़े मंगल के शुभ अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य दिनेश चंद्र भारद्वाज ने विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन कर कराया। सुबह 11 बजे से शुरू हुए इस भंडारे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने बजरंगबली का प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पालिका चेयरमैन चौधरी रवि कुमार सिंह, पालिका ईओ रवि शंकर शुक्ला, पुष्पेंद्र सक्सेना, विकास गुप्ता, अमित गुप्ता, सभासद संतोष राजपूत, मुकुल सैनी, मुकेश रावत, रवि शंकर सैनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### नौ छात्रों का एग्रोन रेमेडीज में चयन



**बिजनौर।** आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और प्रतिभा का लोहा मनवाया है। चार मई, 2026 को काशीपुर (उत्तराखंड) स्थित फार्मास्युटिकल कंपनी एग्रोन रेमेडीज प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय में आयोजित रिक्रूटमेंट ड्राइव (कैंपस प्लेसमेंट) में संस्थान के बी.फार्म के नौर विद्यार्थी (खुशी, रोशनी, मयंक ठाकुर, अनुराग जायसवाल, अंकिता मिश्रा, लक्ष्मी, बृजभान यादव, सत्यम, आशीष रंजन) का प्रतिष्ठित पदों पर अंतिम रूप से चयन हुआ है। कंपनी के एचआर प्रबंधक सिद्धार्थ चौधरी ने आधिकारिक सूचना साझा करते हुए बताया कि चयनित सभी 9 विद्यार्थी 20 मई कंपनी में अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। कंपनी प्रबंधन ने संस्थान के कुशल समन्वय और बेहतर शैक्षणिक माहौल की सराहना की है। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रबंध निदेशक सन्नी देशवाल और निदेशक डा. हितेश कुमार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंध निदेशक सन्नी देशवाल ने कहा कि संस्थान हमेशा से ही युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी व फार्मा शिक्षा देने के साथ-साथ देश की बड़ी कंपनियों में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। निदेशक डा. हितेश कुमार ने विद्यार्थियों और कॉलेज के प्लेसमेंट सेल की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता हमारे शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। भविष्य में भी इस तरह के प्रयास जारी रहेंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार मिल सके।

# इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर कप्तान माइक स्मिथ का निधन

**लंदन, वार्ता।** वारविकशायर और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइक स्मिथ, जिन्हें पूरे खेल में एमजेके के नाम से जाना जाता था, का 92 साल की उम्र में निधन हो गया। दाएं हाथ के बैटर स्मिथ ने इंग्लैंड के लिए 50 टेस्ट खेले, जिनमें से ठीक आधे मैचों में उन्होंने टीम की कप्तानी की,

और 1956 से 1975 तक 19 साल तक वारविकशायर को रिप्रेजेंट किया। उन्होंने 1958 में एजबेस्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के लिए डेब्यू किया और 14 साल के टेस्ट करियर में 2,278 रन बनाए, जिसमें तीन सेंचुरी और 11 फिफ्टी शामिल हैं, और क्रिकेट में सेवाओं के लिए 1976 में उन्हें ओबीई से सम्मानित किया गया। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, सोमवार को एजबेस्टन में वार. विकशायर और ग्लेमोर्गन के बीच काउंटी चैंपियनशिप मैच में खेल शुरू होने से पहले खिलाड़ी और अधिकारी श्रद्धांजलि देने के लिए लाइन में खड़े थे। लीसेस्टरशायर में जन्मे और स्टैमफोर्ड स्कूल से पढ़े स्मिथ, वारविकशायर में शामिल होने से पहले अपनी होम काउंटी और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी को रिप्रेजेंट करते थे। उन्होंने 1957 से 1967 तक बेयर्स की कप्तानी की और अपने काउंटी करियर के दौरान 637 मैचों में 39,832 फर्स्ट-क्लास रन बनाए, जो अब तक का 18वां सबसे बड़ा टोटल है। स्मिथ के नाम अभी भी एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने का वार. विकशायर रिकॉर्ड है, उन्होंने 1959 में 2,417 रन बनाए थे और 1960 में उन्हें विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था।

# LSG ने RR को 221 रन का टारगेट दिया

## मिचेल मार्श शतक से चूके 96 रन की खेली शानदार पारी, जोश इंग्लिश के भी आतिशी 60 रन

■ **आखिरी ओवरों में राजस्थान ने लखनऊ को बड़े स्कोर से रोका**

**जयपुर, वार्ता।** आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स ने राजस्थान रायल्स को 221 रन का टारगेट दिया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर बालिंग चुनी। लखनऊ ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 220 रन बनाए। लखनऊ के लिए मिचेल मार्श शतक से सिर्फ 4 रन दूर रह गए और 57 गेंदों में 96 रन बनाकर रन आउट हुए। उनकी पारी में 11 चौके और 5 छक्के शामिल रहे।

जोश इंग्लिस ने 29 गेंदों में 60 रन ठोके। उन्होंने 7 चौके और 3 छक्के लगाए। इंग्लिस और मार्श के बीच पहले विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी हुई। निकोलस पूरन ने 11 गेंदों में 16 रन बनाए,



जबकि कप्तान ऋषभ पंत ने 23 गेंदों में 35 रन की तेज पारी खेली। आखिरी ओवरों में लगातार रन आउट के कारण लखनऊ की टीम 230 के पार नहीं पहुंच सकी। राजस्थान की ओर से यश राज पुंजा सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 35 रन देकर 2 विकेट लिए। जोफ्रा आर्चर को एक विकेट मिला। वहीं, लखनऊ के दो बल्लेबाज रन आउट हुए। आखिरी ओवर में राजस्थान रायल्स ने शानदार वापसी करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स को लगातार झटके दिए। ओवर की पहली गेंद पर ऋषभ पंत रन आउट हो गए। पंत स्ट्राइक अपने पास रखना चाहते थे, लेकिन मिचेल मार्श ने उन्हें वापस भेज दिया। ध्रुव जुरेल के थ्रो पर जोफ्रा आर्चर ने सीधे स्टंप पर निशाना साधा और पंत 23 गेंदों में 35 रन बनाकर लौटे। इसके बाद मार्श ने 19.2 और 19.4 पर दो बार रिव्यू लिए, लेकिन दोनों में असफल रहे। 19.4 पर फुल टॉस गेंद पर उनका बाहरी किनारा लगा और गेंद थर्ड मैन की दिशा में चौके के लिए चली गई। वह शतक के करीब पहुंच गए थे। 19.5 पर मार्श ने लान्ग आफ की तरफ शाट खेलकर दूसरा रन लेने की कोशिश की, लेकिन यशस्वी जायसवाल ने शानदार डायरेक्ट हिट कर उन्हें रन आउट कर दिया। मार्श 57 गेंदों में 96 रन बनाकर लौटे और शतक से सिर्फ 4 रन दूर रह गए। आउट होने के बाद जायसवाल ने शाहिद अफरीदी स्टाइल में जश्न मनाया। आखिरी गेंद पर जोफ्रा आर्चर ने आयुष बदोनी को तेज यार्कर पर बोल्ड कर दिया। बदोनी स्कूप खेलने की कोशिश में चूक गए और आफ स्टंप उड़ गया। इस तरह आर्चर ने अंतिम ओवर में शानदार वापसी करते हुए लखनऊ को 220 रन पर रोक दिया। 19वें ओवर की पहली ही गेंद पर लखनऊ को तीसरा झटका लगा। जोफ्रा आर्चर की शार्ट गेंद पर मिचेल मार्श शाट लगाने से चूक गए और गेंद विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के पास चली गई। इस बीच ऋषभ पंत स्ट्राइक अपने पास रखने के लिए रन लेने दौड़ पड़े, लेकिन मार्श ने उन्हें वापस भेज दिया।

**खेल विशेष**

### क्विंटन डी कॉक, राज अंगद बावा आईपीएल से बाहर

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस अपने बचे हुए दो मैचों में क्विटन डी कॉक और राज अंगद बावा के बिना खेलेगी, क्योंकि वे पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज डी कॉक को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एमआई के मैच से पहले अपनी बाईं कलाई में टेंडन की चोट लग गई थी। चंडीगढ़ के ऑलराउंडर राज अंगद बावा को पंजाब किंग्स के खिलाफ एमआई के पिछले मैच के दौरान अपने दाहिने अंगूठे में लिगामेंट टियर हो गया था। दोनों खिलाड़ी चोट से ठीक होने के लिए अपने-अपने घरों में हैं। मुंबई इंडियंस के एक बयान में कहा गया है कि वे आईपीएल गाइडलाइंस के हिंसाब से रिप्लेसमेंट की घोाणा करेंगे। डी कॉक ने आखिरी बार 23 अप्रैल को एमआई के लिए खेला था, जिसमें उन्होंने तीन इनिंग्स में 132 रन बनाए थे।

### ईस्ट बंगाल ने दूसरी बार आईडब्ल्यूएल ट्रॉफी जीती

**कोलकाता, वार्ता।** इंडियन विमेंस लीग 2025-26 सीजन की नई चैंपियन ईस्ट बंगाल एफसी ने ईस्ट बंगाल ग्राउंड पर श्रीभूमि फुटबॉल क्लब के खिलाफ 2-0 से जीत के साथ मैच खत्म किया, जबकि गोकुलम केरल एफसी को नीता फुटबॉल एकेडमी ने उसी जगह पर 1-1 से ड्रॉ पर रोका। नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में, किकस्टार्ट एफसी, कर्नाटक और सेथु एफसी ने 1-1 से ड्रॉ खेला, जबकि गढ़वाल यूनाइटेड एफसी ने सोमवार को सेसा फुटबॉल एकेडमी के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। जबकि ईस्ट बंगाल ने एक मैच बाकी रहते ही टाइटल पक्का कर लिया था, गढ़वाल यूनाइटेड एफसी, सेसा के खिलाफ अपनी जीत के साथ रेल. गेशन से बचने में कामयाब रहा। इस बीच, श्रीभूमि अगले सीजन में सेसा एफए के साथ आईडब्ल्यूएल 2 में चली जाएगी।

### नेमार ब्राजील की विश्व कप टीम में शामिल

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** नेमार को अगले महीने होने वाले फीफा वर्ल्ड कप के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया, जिससे नेशनल टीम से ढाई साल से ज्यादा की उनकी गैरमौजूदगी खत्म हो गई। सैंटोस स्टार मैनेजर कार्लो एंसेलोटी द्वारा पढ़े गए आखिरी नामों में से एक था, जिससे हाल के हफ्तों में ब्राजील के मीडिया में छाई सिलेक्शन की बहस खत्म हो गई। एंसेलोटी ने सोमवार को रियो डी जेनेरो में एक न्यूज कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमने नेमार को इसलिए नहीं चुना क्योंकि हमें लगता है कि वह एक अच्छा बैकअप होगा, बल्कि इसलिए चुना क्योंकि वह अपनी खूबियों से टीम में जान डाल सकता है। चाहे वह एक मिनट खेले या 90 मिनट मुझे लगता है कि हमें पिच पर कुल मिलाकर मिनटों की क्वालिटी पर ध्यान देना होगा।

# KKR की नजर मुंबई इंडियंस के खिलाफ प्लेऑफ में बने रहने पर

**कोलकाता, वार्ता।** कोलक. ाता नाइट राइडर्स बुधवार को ईडन गार्डन्स में आईपीएल 2026 सीजन के 65वें मैच में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी, तो उसे हर हाल में जीतना होगा।

मुंबई पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से ाहर हो चुकी है, लेकिन केकेआर के पास अभी भी क्वालिफाई करने का एक छोटा सा मौका है और वह सीजन के आखिर में अपनी वापसी जारी रखने के लिए बेताब होगी। कैंपेन की खराब शुरुआत के बाद कोल. काता ने शानदार वापसी की है। सीजन की शुरुआत लगातार छह हार के साथ करने के बाद, केकेआर ने अपने पिछले छह मैचों में से पांच जीतकर जबरदस्त



वापसी की है। उनकी सबसे नई जीत गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मिली, जहां बैटिंग यूनिट ने सीजन का अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। कप्तान अजिक्य रहाणे टीम के अंदर, खासकर टॉप-ऑर्डर बैट्समैन के बीच बढ़ते कॉन्फिडेंस से उत्साहित होंगे। पिछले मैच में जबरदस्त ओपनर फिन एलन ने सिर्फ 35 गें. दों पर 93 रन बनाकर सबका ध्यान खींचा, जबकि अंगकृा रघुवंशी ने 82 रन की पारी खेलकर अपना लगातार अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। रघुवंशी इस सीजन में 422 रन बनाकर केकेआर के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं और इस अहम मुकाबले में टीम की उम्मीदों का केंद्र बने हुए हैं। केकेआर का मिडिल ऑर्डर भी सही समय पर अच्छा खेलने लगा है। कैमरून ग्रीन, रिकू सिंह और मनीा पांडे ने बैटिंग लाइनअप में स्थिरता और तेजी लाई है, जिससे बैटिंग लाइनअप में और गहराई आई है। टीम एक बार फिर अनुभवी ऑलराउंडर सुनील नारायण पर भरोसा करेगी, जिन्होंने पूरे सीजन में गेंद से अहम योगदान दिया है। नारायण केकेआर के सबसे अच्छे बॉलर रहे हैं।

# युवा एथलीटों ने सचिन तेंदुलकर के साथ किया मैदान साझा

**अहमदाबाद, वार्ता।** अहमदाबाद में एसआरटी10 एल्टेवॉल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्पोर्ट्स एकेडमी में प्रेरक और भावुक कर देने वाला अवसर देखने को मिला,

जब क्रिकेट के महान खिलाड़ी, सचिन तेंदुलकर ने एकेडमी में प्रशिक्षण ले रहे युवा एथलीटों के साथ समय बिताया। इस विशो कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बच्चों, माता-पिताओं और उभरते क्रिकेटरों के साथ बातचीत की। तें. दुलकर ने क्रिकेट से जुड़ी गति. विधियों और अनौपचारिक सत्रों के लिए बच्चों के साथ मैदान पर उतरकर, युवा एथलीटों को अनुशासन, धैर्य और खेल के घ्ररिए सीखने की खुशी को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके इस संवाद ने एकेडमी में जमा हुए प्रशिक्षुओं और उनके परिवारों को प्रेरित किया। यहां आए कई लोगों ने इस अनुभव को जीवन में कभी-कभार मिलने वाला अवसर बताया। सचिन तेंदुलकर ने इस कार्यक्रम के बाद कहा कि बच्चों के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण नहीं है कि वे शुरुआत कहां से करते हैं, बल्कि यह अधिक घ्ररूरी है कि उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलता है या नहीं। पिछले कुछ साल में, मैंने यह महसूस किया है कि भारत में खेल का भविय इस बात से तय होगा कि हम घ्मीनी स्तर के खेल के परितंत्र में कितनी गंभीरता से निवेश करते हैं और बच्चों को बगैर किसी डर या दबाव के खेल का आनंद लेने के लिए कितना प्रोत्साहित करते हैं। जब बच्चे मैदान पर कदम रखते हैं, तो वे सिर्फ खेल के नियम ही नहीं सीखते, बल्कि वे अनुशासन, टीम वर्क, जुझारूपन और खुद पर विश्वास करना सीखते हैं। अहमदाबाद में इन युवा एथलीटों के बीच दिखी ऊर्जा और जिज्ञासा आशा की किरण की तरह है, और मुझे उम्मीद है कि इस तरह के मंच और भी कई बच्चों को खेल के घ्ररिए सपने देखने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। एसजी रोड पर वैणोदेवी सर्कल के पास शंकु फार्म में स्थित, एसआरटी10 एल्टेवॉल स्पोर्ट्स एकेडमी को इस साल की शुरुआत में लॉन्च किया गया था। यह एकेडमी लागातार वृद्धि दर्ज करते एसआरटी10 परितंत्र का अंग है, जिसका उद्देश्य है, पेशेवर कोचिंग, फिटनेस से जुघ बुनियादी ढांचा और एथलीटों के लिए समग्र प्रशिक्षण कार्यक्रमों के घ्ररिए जमीनी स्तर पर खेल का विकास सुनिश्चित करना।

# बुमराह को आराम, राहुल बने उपकप्तान, प्रिंस वनडे टीम में

**मुंबई, वार्ता।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अफगानिस्तान के खिलाफ घर पर एकमात्र टेस्ट और तीन वनडे मुक. ाबलों के लिए चयनित भारतीय दल से आराम दिया गया है, जबकि टेस्ट दल में केएल राहुल ने उपकप्तान के रूप में ऋाभ पंत की जगह ली है। तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को पहली बार वनडे टीम में जगह मिली है।

पिछले साल नवम्बर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली 2-0 की हार के बाद भारत पहली बार टेस्ट खेलेगा। बुमराह के अलावा उस दल से नदारद रहने वाले खिलाड़ियों में बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा और तेज गें. दबाज आकाश दीप शामिल हैं। टेस्ट दल में बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर मानव सुथार और तेज



गेंदबाज गुरनूर बराड़ को पहली बार बुलावा आया है जबकि बाएं हाथ के स्पिनर र्हा दुबे को भी जगह मिली है। आईपीएल 2026 में अपनी तेज गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले प्रिंस यादव को पहली बार भारतीय वनडे दल में जगह मिली है। प्रिंस के साथ ही बराड़ और दुबे को भी पहली बार वनडे टीम में जगह मिली है। इशान किशन और हार्दिक पंड्या ने वनडे टीम में वापसी की है जबकि जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय दल से आयु बदोनी, पंत, जडेजा, हर्ीत राणा और मोहम्मद सिराज बाहर हैं।

# ऑरेंज कैप रेस में शीर्ष पर पहुंचे क्लासेन

■ **अभिषेक और ईशान भी आगे बढ़े**

**चेन्नई, वार्ता।** आईपीएल 2026 के प्लेऑफ की रेस अब बेहद रोमांचक हो चुकी है और अब जम्मिेदारी उन खिलाड़ियों पर है जिन्होंने पूरे सीजन लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। यानी ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़ में आगे चल रहे खिलाड़ी। सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुकाबले में कुछ खिलाड़ियों ने बिल्कुल वैसा ही प्रदर्शन किया।

ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड एसआरएच के स्टार बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन के पास मैचों के बीच छह दिन का अंतर था और उनकी गैरमौजूदगी में ऑरेंज कैप कई खिलाड़ियों के बीच घूमती रही। लेकिन सोमवार को वापसी करते हुए उन्होंने 26 गेंदों पर 47



रन बनाए और फिर से 555 रन के साथ तालिका में शीर्ा पर पहुंच गए। वह साई सुदर्शन से सिर्फ एक रन और शुभमन गिल से तीन रन आगे हैं। गुजरात टाइटंस (जीटी) के दोनों ओपनर अभी भी ऑरेंज कैप की दौड़ में मजबूती से बने हुए हैं। टॉप पांच में उनके पीछे विराट कोहली (आरसीबी) 542 रन के साथ चौथे और केएल राहुल द्धडीसीऋ 533 रन के साथ पांचवें स्थान पर हैं। वहीं क्लासेन के टीम-साथी अभिोक शर्मा, जिन्होंने सीएसके के खिलाफ 26 रन बनाए, 507 रन के साथ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर, इशान किशन ने सीएसके के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन करते हुए 47 गेंदों पर 70 रन बनाए और इस सीजन में अपने कुल रन 490 तक पहुंचा दिए। इसके साथ ही वह सातवें स्थान पर पहुंच गए। वहीं संजू सैमसन ने एसआरएच के खिलाफ 27 रन की पारी खेलकर पंजाब किंग्स के कूपर कॉनली और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मिचेल मार्श को पीछे छोड़ा और 477 रन के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए। पर्पल कैप लीडरबोर्ड अंशुल कम्बोज एसआरएच के खिलाफ महंगे साबित हुए और अपने चार ओवरों में 46 रन दिए, लेकिन उन्होंने एक विकेट भी हासिल किया। इसी के साथ वह इस सीजन में 20 विकेट तक पहुंचने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए। अब उनके नाम 20 विकेट हैं और उनसे आगे केवल आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार (24 विकेट) और जीटी के कगिसो रबाडा (21 विकेट) हैं।

# इस कठिन पिच पर मुझे अंतिम ओवर तक खेलना था: इशान किशन

**चेन्नई, वार्ता।** जब इशान किशन ने पूरे 20 ओवर विकेटकीपिंग करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 180 के स्कोर पर रुकते हुए देखा और इसमें अधिकतम योगदान सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गें. दबाजों द्वारा 17 ओवर में डाले गए 39 धीमी गति की गेंदों का था तो उन्हें पता था कि चेज करना आसान नहीं होने वाला है।

तीसरे ओवर में तीन नम्बर पर बल्लेबाजी करने आए किशन ने ए सुनिश्चित किया कि वह अंत तक क्रीज पर रहेंगे। 47 गेंदों में 70 रन बनाकर जब वह आउट हुए तब एसआरएच को नौ गेंदों में केवल छह रन चाहिए थे। पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में किशन ने कहा कि



जब मैं विकेटकीपिंग कर रहा था तो मुझे एहसास हुआ कि पिच आसान नहीं है। मुझे लग रहा था कि इस टोटल को भी हासिल करना आसान नहीं होने वाला है क्योंकि पिच इतनी आसान नहीं थी और खास तौर से स्पिनर्स और धीमी गति वाली गेंदें काफी अच्छी निकल रही थी। हालांकि, उसी समय मुझे ए भी लगता है कि तीन नम्बर का बल्लेबाज होने के कारण मेरा काम मैच का अंत करने की कोशिश करना है। क्योंकि नए बल्लेबाजों के लिए सिगल लेना और उसी समय बड़े शॉट्स लगाना आसान नहीं होता तो मुझे अंतिम ओवर तक खेलते रहना था। किशन का इस सीजन स्ट्राइक रेट 179-48 है, लेकिन इस मैच में उन्होंने 148-93 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उन्होंने पारी की शुरुआत में स्पेंसर जॉनसन के एक ओवर में तीन चौके लगाते हुए की और फिर 37 गेंदों में अपना पचासा पूरा किया। 18वें ओवर की शुरुआत में चौथा विकेट गंवाने के बाद एसआरएच को 14 गेंदों में 23 रन चाहिए थे और चेज थोड़ी मुश्किल हो रही थी तब किशन ने मुकेश चौधरी को एक छक्का और एक चौका लगाते हुए 12 गेंदों में 13 रनों का आंकड़ा ला दिया।

# अर्जुन-हरिहरन ने फ्रांस के पोपोव बंधुओं को हराया

**कुआलालंपुर, वार्ता।** भारत के एमआर अर्जुन और हरिहरन अम्साकारुनेन ने मंगलवार को यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में मलेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले राउंड में फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव और टोमा जूनियर पोपोव को हराया।

पुरुषों की डबल्स बैडमिंटन रैंकिंग में 31वें नम्बर पर मौजूद अर्जुन-हरिहरन ने दुनिया के 20वें नम्बर के पोपोव भाइयों को 36 मिनट में 21-19, 21-15 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। पहले गेम में पोपोव्स ज्यादातर समय आगे थे। हालांकि, 19-16 से पीछे चल रही भारतीय जोड़ी ने लगातार पांच पॉइंट लेकर मैच में बढ़त बना ली। इसके बाद अर्जुन और हरिहरन ने दूसरे गेम में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत पूरी की। पोपोव्स के खिलाफ भारतीय बैडमिंटन जोड़ी के लिए यह एक शानदार जीत थी, जो इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। क्रिस्टो सिगल्स रैंकिंग में दुनिया के चौथे नम्बर के खिलाड़ी हैं, जबकि टोमा जूनियर 16वें नम्बर पर हैं। इस साल की शुरुआत में थॉमस कप में फ्रांस की सिल्वर मेडल जीत में इन दोनों का अहम रोल था। अश्विनी भट्ट के और शिखा गौतम कनाडा की जैकी डेंट और क्रिस्टल लाई से 15-21, 21-17, 17-21 से हारकर महिला डबल्स मुकाबले से बाहर हो गईं। मार्च के बाद पहली बार बीडब्ल्यू वर्ल्ड टूर में आकर्ाी कश्यप की वापसी थोड़ी देर के लिए ही रही, क्योंकि भारतीय शटलर कोरिया गणराज्य की पार्क गा-यून से अपना महिला सिगल्स क्वालिफाइंग मैच 15-21, 22-20, 21-7 से हार गईं। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने पहला गेम आराम से जीता और दूसरे गेम में भी 17-11 से आगे थीं, लेकिन उनकी साउथ कोरियाई विरोधी ने पासा पलट दिया। सात्विक रेड्डी कनापुरम और राधिका शर्मा ने 37वें मिनट में दातू अनीफ इसाक दातू असराह और क्लेरिसा सैन को 21-15, 21-17 से हराकर मिक्स्ड डबल्स के मेन ड्रॉ में जगह बनाई। इस बीच, अश्मिता चालिहा, जो हमवतन उन्नति हुड्डा और रक्षिता रामराज के आखिरी समय में हटने के बाद टूर्नामेंट में देर से आईं, महिला सिगल्स के मेन ड्रॉ में आगे बढ़ने में कामयाब रहीं।

## महंगाई का मकड़जाल

तेल विपणन कंपनियों ने पांच दिन में दूसरी बार दोनों ईंधनों के दाम बढ़ाए हैं। इससे पहले, 15 मई को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में तीन-तीन रुपये की वृद्धि की गई थी। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में आज से पेट्रोल की कीमत 87 पैसे बढ़कर 98. 64 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल भी 91 पैसे महंगा हुआ। अब एक लीटर डीजल 91.58 रुपये का मिलेगा। भारत में इस सप्ताह घोषित पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3.91 रुपए प्रति लीटर या 4.4 प्रतिशत की वृद्धि तेल उत्पादक देशों जैसे सऊदी अरब को छोड़कर किसी भी प्रमुख अर्थव्यवस्था द्वारा की गई सबसे कम वृद्धि है। यह जानकारी ग्लोबल पेट्रोल प्राइसेजडाटकाम के द्वारा संकलित आंकड़ों में दी गई। इंडियन ऑयल के एक अधिकारी के अनुसार ईंधन की कीमतों में 3.91 रुपए की बढ़ोतरी से केवल आंशिक रूप से कच्चे तेल में आए उछाल की भरपाई हुई है। यह कदम क्रूड ऑयल की बढ़ी कीमतों को सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों द्वारा 76 दिनों तक पूरी तरह से वहन करने के बाद उठाया गया है। यानि कि सरकार ने मान लिया है कि वह पेट्रोल और डीजल के रेट एक साथ नही, बल्कि धीरे-धीरे बढ़ाएगी। सरकार के इस फैसले से देश की जनता में नाराजगी है। जनता का ही कहना है कि यदि सरकार पेट्रोल और डीजल के रेट बढ़ा रही है, तो अन्य चीजों के रेट घटा दे, ताकि आम जनता अपनी जेब का बैलेंस बनाए रखे। विपक्ष भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने लगा है। देश में बढ़ते तेल संकट के बीच कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का कहना है कि देश में आर्थिक तूफान आने वाला है। देश के लोगों को बड़ा झटका लगने वाला है। इसका सबसे बड़ा असर यहां के युवाओं, किसानों और छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा। यह झटका इकोनॉमिक स्ट्रक्चर में बदलाव से लगने वाला है। महंगाई की इस अगली किश्त में सुबह का नाश्ता भी शामिल हो गया है, जिसका असर आम लोगों की जेबों पर पड़ना शुरू हो गया है। ब्रेड और उससे जुड़े प्रोडक्ट के दाम में भारी वृद्धि की गई है। मुंबई में हर तरह की ब्रेड की कीमत में 5 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। ये दाम 16 मई से ही बढ़ा दिए गए हैं। मुंबई के बारे में कहा जाता है कि यहां पर लोग अपने दिन की शुरुआत ब्रेड, पाव और सैंडविच आदि से करते हैं। लेकिन अब मुंबई के लोगों को सुबह के नाश्ते के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। छोटे ब्राउन ब्रेड की कीमत 28 रुपये से बढ़ाकर 30 रुपये हो गई है, 20 रुपये वाला सफेद ब्रेड अब तक 22 रुपये में मिलेगा, तो ब्राउन ब्रेड की कीमत 45 से बढ़कर 50 रुपये कर दी गई है। बाकी दुनिया कच्चे तेल की लागत में हुई वृद्धि को एडजस्ट करने के लिए दोनों फ्यूल की खुदरा कीमतों में 10 से 90 प्रतिशत तक की वृद्धि कर रही है। म्यांमार, मलेशिया, पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में पेट्रोल की कीमत युद्ध-पूर्व मूल्य से आधे से अधिक बढ़ गई है, डीजल की कीमत वैश्विक व्यापार और माल ढुलाई से प्रत्यक्ष संबंध से और भी तेजी से बढ़ी है।

## श्रीमुख से...

### पीएम मोदी जी का कम्प्रोमाइज्ड मॉडल



सरकार ने 15 मई के बाद आज सुबह अचानक फिर पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए, अब स्पष्ट हो गया है कि देश संकट में है और श्री मोदी को इसका जवाब देना चाहिए, दाम बढ़े चार ही दिन हुए कि मोदी सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम फिर बढ़ा दिए, पूरी भूमिका बनाकर, बचत का उपदेश देकर अपनी नाकामियों का बोझ जनता पर डालने का कार्य प्रगति पर है, आम जनता की लूट और उद्योग पति गौतम अडानी को अमेरिका से छूट', यही मोदी जी का कम्प्रोमाइज्ड मॉडल है।' प्रधानमंत्री ने अमेरिका से हाथ-पैर जोड़कर रूसी तेल खरीदने की अनुमति की अवधि एक महीने के लिए बढ़वाई है और इससे देश के स्वाभिमान को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार के अनुसार रूसी तेल खरीदने की अनुमति मिल गई है, तो पेट्रोल-डीजल की कीमतों का बोझ आम जनता पर क्यों डाला जा रहा है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे , कांग्रेस अध्यक्ष**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**

**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

# उत्तराखंड की सियासत के एक युग का अंत



**उत्तराखण्ड ने केवल एक पूर्व मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि राजनीति में ईमानदारी, सैनिक अनुशासन और सार्वजनिक जीवन में मर्यादा का एक सशक्त प्रतीक खो दिया है।**

उत्तराखण्ड की राजनीति का एक ऐसा अध्याय आज इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया, जिसने दशकों तक सत्ता, सियासत, प्रशासन और जनविश्वास के केंद्र में रहकर अपने व्यक्तित्व की अमिट छाप छोड़ी।

मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खण्डूरी अब इस दुनिया में नहीं रहे। उन्होंने 19 मई 2026 को अंतिम सांस ली। 19 मई 2026 को अंतिम सांस ली। उनके निधन के साथ ही उत्तराखण्ड ने केवल एक पूर्व मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि राजनीति में ईमानदारी, सैनिक अनुशासन और सार्वजनिक जीवन में मर्यादा का एक सशक्त प्रतीक खो दिया है। राज्य सरकार ने उनके सम्मान में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है तथा कल हरिद्वार में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

देहरादून की वादियों में 1 अक्टूबर 1934 को जन्मा यह बालक आगे चलकर भारतीय सेना का मेजर जनरल बना, संसद का गंभीर वक्ता बना, केंद्र सरकार का प्रभावशाली मंत्री बना और फिर उत्तराखण्ड की राजनीति का वह चेहरा बना, जिसके नाम पर एक दौर में पूरा चुनाव लड़ा गया, 'खण्डूड़ी हैं जरूरी।' वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में यह केवल एक चुनावी नारा नहीं था, बल्कि उस विश्वास का प्रतीक था कि राजनीति में अब भी कुछ चेहरे ऐसे हैं जिनकी साख सत्ता से बड़ी होती है। स्वर्गीय जय बल्लभ खण्डूरी और दुर्गा देवी खण्डूरी के संस्कारों में पले भुवन चंद्र खण्डूरी ने प्रारम्भिक शिक्षा के बाद इलाहाबाद विश्व. विद्यालय से विज्ञान की पढ़ाई की। युवावस्था में ही उन्होंने राष्ट्रसेवा को जीवन का ध्येय बना लिया और 1954 में भारतीय सेना की कार्प्स आफ इंजीनियर्स में कमीशन प्राप्त किया। इसके बाद उनका जीवन रणभूमियों, सैन्य प्रशिक्षण संस्थानों और रणनीतिक जिम्मेदारियों के बीच आकार लेता गया।

1962 के भारत-चीन युद्ध, 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में उनकी सक्रिय भूमिका रही। 1971 के युद्ध में सांबा सेक्टर में इंजीनियर रेजिमेंट के कमांडर के रूप में उन्होंने जिस नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया, उसने उन्हें सेना में विशिष्ट पहचान दिलाई।

वे केवल सैनिक नहीं थे, बल्कि सैन्य रणनीति और प्रशासनिक दक्षता के अद्भुत संगम थे। सेना मुख्यालय में डायरेक्टर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़, इंजीनियर ब्रिगेड कमांडर, चीफ इंजीनियर और अतिरिक्त महानिदेशक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए उन्होंने अपने कार्य से यह सिद्ध किया कि अनुशासन और नेतृत्व साथ-साथ चल सकते हैं। उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए भारत सरकार ने उन्हें अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने सार्वजनिक जीवन में प्रवेश किया। 1991 में पहली बार गढ़वाल लोकसभा सीट से सांसद बने और फिर कई बार जनता ने उन्हें संसद भेजा। संसद में उनकी छवि शोर मचाने वाले नेता की नहीं, बल्कि तैयारी और गंभीरता के साथ बोलने वाले जनप्रतिनिधि की थी। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल भारत के बुनियादी ढांचे के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय माना जाता है। गोल्डन क्वाड्रिलेटरल और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना को गति देने में उनकी निर्णायक भूमिका रही। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोल. काता को जोड़ने वाली सड़कों का वह स्वप्न, जिसने भारत की आर्थिक र"तार बदली, उसमें खण्डूरी की प्रशासनिक क्षमता स्पष्ट दिखाई देती है। मुख्यमंत्री बनाया। उस समय राज्य भ्रष्टाचार, ट्रांसफर-पोस्टिंग के खेल और नौकरशाही की बेलगाम कार्यशैली को लेकर आलोचनाओं में था। खण्डूरी ने सत्ता संभालते ही प्रशासनिक सख्ती का संदेश दिया। उनका स्पष्ट मानना था कि शासन का अर्थ नियंत्रण और जवाबदेही है। फाइलों में देरी, अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार पर उनकी नाराजगी अधिकारियों के बीच चर्चित थी। कहा जाता है कि किसी अधिकारी के अधूरे कार्य के साथ बैठक में पहुंचने का अर्थ था कठोर सवालों का सामना करना। उनकी कार्यशैली ने आम जनता के बीच विश्वास पैदा किया, लेकिन सत्ता और संगठन के भीतर असहजता भी बढ़ाई। राजनीति जिस लचील. `पन की मांग करती है, खण्डूरी कई बार उससे दूर दिखाई देते थे। वे सत्ता को सैन्य अनुशासन की ख्रष्टि से देखते थे, जबकि राजनीति समझौतों, समीकरणों और संतुलनों का संसार है। उनके राजनीतिक जीवन का सबसे विवादास्पद अध्याय उनके करीबी सचिव सारंगी को लेकर उठा विवाद बना। विपक्ष ने आरोप लगाए कि मुख्यमंत्री कार्यालय में निर्णय प्रक्रिया अत्यधिक केंद्रीकृत हो गई है और कुछ चुनिंदा लोगों का प्रभाव बढ़ रहा है। वहीं, कई नेताओं को शिकायत थी कि मुख्यमंत्री तक उनकी पहुंच सीमित होती जा रही है। धीरे-धीरे राजनीतिक दबाव बढ़ा और अंततः 2009 में उन्हें मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा। यह विडंबना थी कि जिस नेता की ईमानदारी पर शायद ही कभी प्रश्न उठा, वही राजनीतिक प्रबंधन के आरोपों में घिर गया। 2011 तक आते-आते भाजपा सरकार भ्रष्टाचार और नेतृत्व संकट के आरोपों में घिर चुकी थी। पार्टी को फिर वही चेहरा याद आया, जिसकी पहचान साफ-सुथरी राजनीति थी। भुवन चंद्र खण्डूरी दोबारा मुख्यमंत्री बनाए गए। यहीं से जन्म हुआ उस ऐतिहासिक नारे का, जिसे हम 'खण्डूड़ी हैं जरूरी।' के साथ जानते आ रहे हैं। यह नारा केवल प्रचार नहीं था, बल्कि भाजपा की उस राजनीतिक आवश्यकता का प्रतीक था, जिसमें उसे जनता के सामने भरोसेमंद चेहरा चाहिए था, मगर यह नारा भाजपा के काम नही आया, भुवन चंद्र खण्डूरी खुद 2012 का विधानसभा चुनाव हार गये और पार्टी को स त्ता गवानी पड़ी। सशक्त लोकायुक्त कानून बना कर। देश उस समय अन्ना हजारे आंदोलन और भ्रष्टाचार विरोधी लहर से गुजर रहा था। ऐसे माहौल में उत्तराखण्ड में मजबूत लोकायुक्त कानून लागू करने की पहल ने राष्ट्रीय स्तर पर खण्डूरी की छवि को और ऊंचा किया। उनके समर्थक कहते थे कि यदि उन्हें लंबा समय मिलता, तो उत्तराखण्ड की प्रशासनिक संस्कृति बदल सकती थी, लेकिन राजनीति केवल छवि से नहीं चलती 2012 के विस चुनाव में भाजपा ने लगभग पूरा चुनाव खण्डूरी की छवि पर लड़ा। राजनीतिक समीकरण अलग दिशा में चले गए। भाजपा चुनाव हार गई। सबसे बड़ा झटका यह रहा कि स्वयं खण्डूरी भी अपनी सीट नहीं बचा सके।

**मौहम्मद शाह नज़र**

# यहूदियों ने कब्जाई मुस्लिमों की 1000 किमी जमीन

हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले के बाद इजरायल ने अपनी सैन्य नीति पूरी तरह बदल दी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अब पहले से ज्यादा आक्रामक तरीके से काम कर रही है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले करीब तीन साल में इजरायल ने गाजा, लेबनान और सीरिया में करीब 1,000 वर्ग किमी जमीन पर कब्जा कर लिया है। यह इलाका इजरायल की 1949 की सीमाओं का लगभग 5 प्रतिशत माना जा रहा है। इसी वजह से अब मिडिल ईस्ट में ग्रेटर इजरायल को लेकर चर्चा बढ़ गई है।





रिपोर्ट के मुताबिक, कब्जाई गई जमीन का सबसे बड़ा हिस्सा दक्षिणी लेबनान में है। इजरायली सेना वहां कई किमी अंदर तक पहुंच चुकी है। इजरायल इस इलाके को सिक्योरिटी जोन कह रहा है। उसका कहना है कि इससे हिज्बुल्लाह को सीमा के पास से हमला करने से रोका जा सकेगा। नेतन्याहू ने पिछले महीने कहा कि दुश्मन इजरायल को आग के घेरे में घेरना चाहता था, लेकिन अब इजरायल ने अपने चारों ओर सुरक्षा का घेरा बना लिया है। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा है कि सेना लितानी नदी तक के इलाके पर नियंत्रण बनाए रखना चाहती है। गाजा में इजरायली सेना अब आधे से ज्यादा हिस्से पर कब्जा कर चुकी है। वहां इजरायल ने एक अतिरिक्त बफर जोन भी बनाया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों के मुताबिक, इस वजह से करीब 20 लाख लोग अब गाजा के सिर्फ 40: हिस्से में रहने को मजबूर हैं। सीमा के पास के कई इलाकों को पूरी तरह तबाह कर दिया गया है। गांव और शहर खंडहर बन चुके हैं। नेतन्याहू ने साफ कहा है कि इजरायली सेना गाजा से वापस नहीं जाएगी। सीरिया में बशर अल-असद सरकार के कमजोर होने के बाद इजरायल ने वहां भी अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी। रिपोर्ट के मुता. बिक, इजरायली सेना ने माउंट हर्मोन से लेकर दक्षिणी सीरिया तक करीब 233 वर्ग किमी इलाके में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। इजरायली फोर्सेज ने सीरिया में 50 किमी अंदर तक के इलाके पर छापेमारी की है। इजरायल और सीरिया के बीच सुरक्षा समझौते की बातचीत भी हुई, लेकिन बातचीत आगे नहीं बढ़ सकी। रिपोर्ट के मुताबिक, सीरिया में इजरायल के सैन्य ठिकाने मौजूद हैं। हालांकि दोनों में से किसी भी देश ने लोकेशन का खुलासा नहीं किया है।

इजरायल के कट्टरपंथी नेता और अतिराष्ट्रवादी संगठन लंबे समय से सीमाएं बढ़ाने की मांग करते रहे हैं। वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने लेबनान की लितानी नदी तक को इजरायल की नई सीमा बनाने की बात कही है। कुछ सांसदों ने दक्षिणी लेबनान के बड़े हिस्से पर कब्जा करने और वहां की आबादी हटाने की मांग भी की है। इधर इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार कहते आए हैं कि इजरायल लेबनान में क्षेत्रीय विस्तार की कोई महत्वाकांक्षा नहीं रखता।

# ईरान से कम नहीं क्यूबा, अमेरिका फंस सकता है लंबे युद्ध में

अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि क्यूबा ने रूस और ईरान से 300 से ज्यादा मिलिट्री ड्रोन खरीदे हैं। अमेरिका को डर है कि इन ड्रोन्स का इस्तेमाल उसके सैन्य ठिकानों के खिलाफ किया जा सकता है। इसके बाद अमेरिका ने क्यूबा की इटेंलिसेंज एजेंसी और उसके बड़े नेताओं पर प्रतिबंध लगा दिए। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डिएज कनाल ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने हमला किया, तो बड़ा खून-खराबा हो सकता है।

अमेरिका के बेहद करीब मौजूद यह छोटा देश आज भी खुद को बड़े खतरे के लिए तैयार रखता है। क्यूबा भले ही आज सैन्य ताकत के मामले में पहले जैसा मजबूत न हो, लेकिन अमेरिका के लिए इससे युद्ध लड़ना आसान नहीं है। क्यूबा की सेना पुराने हथियारों, जुगाड़ तकनीक और बड़ी संख्या में रिजर्व बल के सहारे ऐसी रणनीति पर काम करती है, जिससे कोई भी हमला लंबे और महंगे युद्ध में बदल सकता है। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि अगर कभी अमेरिका और क्यूबा के बीच सीधा संघर्ष हुआ, तो क्यूबा ईरान की तरह अमेरिका को लंबे युद्ध के दलदल में फंसा सकता है। क्यूबा की सबसे बड़ी ताकत उसकी सभी लोगों का युद्ध पालिसी है। इसका मतलब है कि अगर देश पर हमला होता है तो सिर्फ सेना ही नहीं, बल्कि आम नागरिक, मिलिशिया और पैरामिलिट्री बल भी लड़ाई में शामिल होंगे। क्यूबा के पास करीब 50 हजार एक्टिव सैनिक, 39 हजार रिजर्व सैनिक और लगभग 90 हजार पैरामिलिट्री सदस्य हैं। जरूरत पड़ने पर 10 लाख से ज्यादा लोगों को जुटाने की योजना है। यह मॉडल ईरान की प्राक्सी और लंबी लड़ाई वाली रणनीति जैसा माना जाता है। अमेरिका की धमकियों के बाद देशभर में लोगों को गुरिल्ला वार की ट्रेनिग दी जा रही है। नागरिकों को आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है। क्यूबा की सबसे बड़ी ताकत उसकी लोकेशन है। यह अमेरिका के फ्लोरिडा तट से बेहद करीब है। अगर संघर्ष बढ़ता है, तो अमेरिका को अपने तटीय इलाकों, नौसैनिक ठिकानों और समुद्री रास्तों की सुरक्षा पर भारी संसाधन लगाने पड़ सकते हैं। अगर क्यूबा के छोटे ड्रोन हमले अमेरिका के लिए चुनौती बन सकते हैं। क्यूबा के पास आधुनिक हथियार कम हैं, लेकिन उसने पुराने हथियारों को जोड़कर हाइब्रिड सिस्टम तैयार किए हैं। पुराने ट्रकों पर एंटी-एयरक्राफ्ट गन लगाई गई हैं। अलग-अलग वाहनों के पार्ट्स जोड़कर नए लड़ाकू वाहन बनाए गए हैं। क्यूबा की सेना लंबे समय से गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग लेती रही है। यानी सीधी टक्कर के बजाय छोटे-छोटे हमले, छिपकर वार और दुश्मन को थकाने की रणनीति। क्यूबा लंबे समय से लैटिन अमेरिका में अपने खुफिया नेटवर्क के लिए जाना जाता रहा है। वेनेजुएला जैसे देशों में उसका प्रभाव रहा है। हाल ही में वेनेजुएला में निकोलस मादुरो सरकार पर कार्रवाई के बाद क्यूबा को बड़ा झटका लगा। क्यूबा ने माना कि उसके 32 खुफिया एजेंट वहां मारे गए। क्यूबा की सेना यानी रिवाल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेज द्धथ्त्क्र देश की सबसे ताकतवर संस्था है। इससे जुड़ा जीएईएसए ग्रुप होटल, एयरपोर्ट, बैंक और बड़े कारोबार भी संभालता है। यानी सेना सिर्फ हथियारों तक सीमित नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और प्रशासन पर भी मजबूत पकड़ रखती है। क्यूबा की एयरफोर्स लगभग खत्म हो चुकी है। मिग-29 और मिग-23 जैसे पुराने लड़ाकू विमान ज्यादातर बंद पड़े हैं। पूरे देश में मुश्किल से 20 विमान ही ऑपरेशनल बताए जाते हैं। नेवी में सिर्फ 33 जहाज हैं, आधुनिक युद्धपोत या मजबूत पनडुब्बियां नहीं हैं। एयर डिफेंस सिस्टम भी 1950 के दशक की सोवियत मिसाइलों पर आधारित है। सबसे बड़ी समस्या बिजली और आर्थिक संकट है। 2025 में कई बड़े ब्लैकआउट हुए, जिससे मिलिट्री ट्रेनिंग और कम्युनिकेशन प्रभावित हुआ। ईंधन, स्पेयर पार्ट्स और आधुनिक तकनीक की भारी कमी भी सेना को कमजोर बनाती है।



### कतर की एंट्री से बदला समझौते को लेकर गेम

कतर की एंट्री से ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौते की प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है। सोमवार द्ध18 मईत्र को डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के नवीनतम प्रस्ताव को समझौते योग्य बताया। ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ परमाणु समझौता हो सकता है, इसलिए मैंने ईरान पर हमला नहीं करने का फैसला किया है। अमेरिकी मीडिया के मुता. बिक कतर के प्रधानमंत्री अल थानी ने राष्ट्रपति ट्रम्प को समझौते का भरोसा दिलाया है। कतर के प्रधानमंत्री अल थानी को समझौता कराने में माहिर माना जाता है। पहले भी अमेरिका और अफगानिस्तान जैसे देशों के बीच कतर ने शांति समझौता कराया था। 1। कतर ने सबसे पहले सऊदी अरब, यूएई जैसे अपने सहयोगी देशों को कन्फिडेंस में लिया। कतर ने इन देशों को यह समझाया कि अगर जंग की शुरुआत फिर से होती है तो उनके तेल और गैस ठिकाने बर्बाद हो जाएंगे।



प्रयागराज। भीषण गर्मी के बीच सिर पर पल्लू डालकर तेज धूप से खुद को बचाती महिलाएं।

## पूर्व राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी की जयंती पर श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व स्वर्गीय डॉ. नीलम संजीव रेड्डी की 114वीं जयंती पर मंगलवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश के छठे राष्ट्रपति श्री रेड्डी के चित्र पर राष्ट्रपति भवन में श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डॉ. संजीव रेड्डी की जयंती पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में कई संसद सदस्यों, पूर्व सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी डॉ रेड्डी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

# भारत-नार्वे ने सहयोग बढ़ाने के लिए नौ समझौते किए

## दोनों देशों ने सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से तीन महत्वपूर्ण पहलों की भी घोषणा की

**ओस्लो।** भारत और नॉर्वे ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देते हुए अपने संबंधों को ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप के स्तर तक उन्नत करने के साथ-साथ समुद्री सहयोग, हरित प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से नौ समझौतों और तीन पहलों की घोषणा की है।



■ व्यापार और संस्थागत सहयोग के तहत भी कई महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया

दोनों देशों ने 'ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप' के संबंध में एक संयुक्त वक्तव्य को अपनाया। नार्वे की दो दिन की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे के बीच सोमवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने समुद्री सहयोग, हरित प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से अनेक समझौतों और पहलों की घोषणा की। नार्वे ने भारत की हिन्द प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने की घोषणा की, जबकि भारत वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले 'नॉर शिपिंग' कार्यक्रम में भारतीय मंडप के साथ भाग लेगा। दोनों देशों के बीच सरकार-से-सरकार के स्तर पर तीन प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और नार्वे की अंतरिक्ष एजेंसी के बीच बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग और अन्वेषण में सहयोग के लिए रूपरेखा समझौता, भारत और नॉर्वे के विदेश मंत्रालयों के बीच डिजिटल विकास साझेदारी पर समझौता ज्ञापन तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग के लिए नॉर्वे के स्वास्थ्य एवं देखभाल सेवा मंत्रालय और भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बीच समझौता शामिल है। व्यापार और संस्थागत सहयोग के तहत भी कई महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और नॉर्वेजियन जियोटेक्निकल संस्थान के बीच सुरंग निर्माण, ढलान स्थिरता और क्षमता निर्माण से संबंधित विशेष परामर्श सेवाओं के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा भारत के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग और नॉर्वे की अनुसंधान परिषद के बीच प्रौद्योगिकी सहयोग पर समझौता हुआ। वैज्ञानिक अनुसंधान और हरित प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत की वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद और नॉर्वे की सिटेफ संस्था के बीच वर्ष 2026 से 2029 तक की गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए सहयोग समझौता किया गया। दोनों पक्षों ने समुद्री ऊर्जा, जिसमें अपतटीय पवन ऊर्जा भी शामिल है, पर संयुक्त कार्य कार्यक्रम के लिए एक परियोजना-विशिष्ट कार्यान्वयन समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। इसके अलावा वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद तथा वैज्ञानिक एवं नवाचार अनुसंधान अकादमी ने नॉर्वे के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के साथ हरित परिवर्तन के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहयोग पर संयुक्त आशय घोषणा को अपनाया।

# अमेरिकी साजिश थी इमरान का तख्तापलट

## आउटलेट ड्रॉप न्यूज साइट का दावा: अमेरिकी इमरान खान हटे, तो सब माफ हो जाएगा



■ इमरान खान ने 24 फरवरी 2022 को मास्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी
■ मुलाकात के बाद ठीक उसी दिन रूस ने यूक्रेन पर हमला शुरू किया था

**इस्लामाबाद/वाशिंगटन।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार गिरने को लेकर नया दावा सामने आया है। अमेरिकी मीडिया आउटलेट ड्राप साइट न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया है कि इमरान की कुर्सी सिर्फ अविश्वास प्रस्ताव से नहीं गई थी। इसके पीछे अमेरिकी साजिश और पाक सेना की भूमिका थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान ने 24 फरवरी 2022 को मास्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। ठीक उसी दिन रूस ने यूक्रेन पर हमला शुरू किया था। अमेरिका इस यात्रा से नाराज था। वह चाहता था कि पाकिस्तान यूक्रेन युद्ध पर रूस की खुलकर आलोचना करे, लेकिन इमरान सरकार ने तटस्थ रुख अपनाया। इसके बाद 7 मार्च 2022 को वाशिंगटन में पाकिस्तान के तत्कालीन राजदूत असद मजीद खान और अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू के बीच बातचीत हुई। लू ने मजीद से कहा कि अगर इमरान अविश्वास प्रस्ताव में हट जाते हैं तो अमेरिका 'सब माफ' कर देगा। इसके 33 दिन बाद यानी 9 अप्रैल 2022 को इमरान सरकार गिर गई। साइफर में अमेरिका में पाकिस्तान के तत्कालीन राजदूत असद मजीद खान और अमेरिकी विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारी डोनाल्ड लू के बातचीत के अंश हैं। साइफर में अमेरिका में पाकिस्तान के तत्कालीन राजदूत असद मजीद खान और अमेरिकी विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारी डोनाल्ड लू के बातचीत के अंश हैं। वाशिंगटन के एक होटल में लू ने मजीद को लंच टेबल पर इमरान को हटाने का दबाव दिया था। लू ने यूक्रेन युद्ध पर पाक रुख पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पाक रूस की आलोचना नहीं कर रहा है और अमेरिका-यूरोप को यह स्वीकार नहीं है। लू ने कहा, इमरान की रूस यात्रा से अमेरिका नाराज है। बात अविश्वास प्रस्ताव तक पहुंची। लू ने संकेत दिया कि इमरान सत्ता में रहे तो पाक अकेला पड़ जाएगा। मजीद ने पत्र में लिखा कि यह संदेश वाइट हाउस की मंजूरी के बिना संभव नहीं था।

## अमेरिका ने अफ्रीका में इबोला फैलने पर आपातकालीन सहायता शुरू की

■ अमेरिका स्वदेश और विदेशों में अमेरिकियों के स्वास्थ्य की कर रहा है रक्षा

**वॉशिंगटन।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अफ्रीका में इबोला को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करने के बाद अमेरिका ने त्वरित आपातकालीन सहायता शुरू की है तथा नए यात्रा प्रतिबंधों और आपातकालीन सहायता के जरिए इस वायरस को फैलने से रोकने के लिए सक्रिय कदम उठा रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से जारी बयान में अमेरिका ने कहा कि गत 15 मई को मामलों की पुष्टि होने के 24 घंटे के अंदर विभिन्न एजेंसियों के बीच आपसी तालमेल बिठाने वाली समिति और आपातकालीन घटना प्रबंधन प्रणाली को सक्रिय कर दिया गया है। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, रवांडा, साउथ सूडान और युगांडा में अमेरिकी दूतावास ने भी काम में तेजी लाने और इलाके में अमेरिकी नागरिकों से बातचीत करने के लिए निगरानी समूह बनाए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि सहायता का फोकस इस बात पर केंद्रित है कि बीमारी पर अमेरिकी तटों तक पहुंचने से पहले ही काबू में कर लिया जाए। अमेरिका स्वदेश और विदेशों में अमेरिकियों के स्वास्थ्य की रक्षा कर रहा है। विभाग यह पक्का करने के लिए रोजाना नेतृत्व-स्तर की बैठकें आयोजित करता है ताकि सहायता सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहे। यह आदेश उन विदेशी नागरिकों के लिए अमेरिका में प्रवेश पर रोक लगाता है, जिन्होंने पिछले 21 दिनों में कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, युगांडा या साउथ सूडान की यात्रा की है।

## ईरान ने यूएई के परमाणु संयंत्र पर हमले के आरोपों को लेकर जर्मनी पर किया पलटवार

**तेहरान।** ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात के बराकाह परमाणु संयंत्र पर कथित हमले को लेकर जर्मनी के आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज पर अंतर्राष्ट्रीय कानून के मामले में दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने मंगलवार को कहा कि पश्चिमी देश अंतर्राष्ट्रीय कानून को अपने राजनीतिक हितों के अनुसार लागू करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजरायली शासन द्वारा ईरान की सुरक्षित परमाणु सुविधाओं पर खुले हमलों की निंदा करने के बजाय उन्हें उचित ठहराया जाता है। बघाई ने आरोपों की प्रकृति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि संयुक्त अरब अमीरात ने अब तक आधिकारिक रूप से ड्रोन हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। उन्होंने कहा कि जब एक संदिग्ध 'फॉल्स फ्लैग' अभियान होता है, जिसकी जिम्मेदारी तक यूएई ने आधिकारिक तौर पर ईरान पर नहीं डाली, तब वही देश अचानक अंतर्राष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय सुरक्षा की दुहाई देने लगते हैं।

## हिन्द-प्रशांत में नौवहन की स्वतंत्रता को भारत-वियतनाम प्रतिबद्धत



■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हनोई में उप प्रधानमंत्री जनरल फान वान जियांग के साथ की द्विपक्षीय बैठक

**नई दिल्ली।** भारत और वियतनाम ने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को वियतनाम की राजधानी हनोई में उप प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

दोनों मंत्रियों ने वर्चुअल माध्यम से वियतनाम के वायु सेना अधिकारी महाविद्यालय में भाषा प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। भारत एवं वियतनाम ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं क्वांटम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्री ने न्हा त्रांग स्थित दूरसंचार विश्वविद्यालय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रयोगशाला की स्थापना की घोषणा की। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच बढ़ती रक्षा साझेदारी की समीक्षा की और समुद्री सुरक्षा, रक्षा उद्योग, प्रशिक्षण एवं क्षेत्रीय स्थिरता में सहयोग को और गहरा करने के उपायों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने पारस्परिक हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया तथा हिद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा, संरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सैन्य प्रशिक्षण, रक्षा उद्योग सहयोग, समुद्री सुरक्षा, क्षमता निर्माण, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना, साइबर सुरक्षा तथा उच्च स्तरीय आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने नियमित संवाद, संयुक्त अभ्यासों और विनिमय कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों देशों की रक्षा सेनाओं के बीच सहयोग को बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की। रक्षा मंत्री ने वियतनाम के साथ भारत की उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# ईरानी संसद में पास हो सकता है ट्रम्प-नेतन्याहू की हत्या पर इनाम



■ द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक 500 करोड़ से ज्यादा का इनाम दे सकता है ईरान
■ ईरानी संसद का राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग इस बिल की तैयारी कर रहा है

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान की संसद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या करने वालों को 500 करोड़ से ज्यादा इनाम देने वाला बिल ला सकती है। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी संसद का राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग इस बिल की तैयारी कर रहा है।

आयोग के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा कि 'इस्लामिक रिपब्लिक की सैन्य और सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई' नाम से बिल तैयार किया जा रहा है। ईरानी सांसद महमूद नबावियन ने कहा कि संसद जल्द इस बिल पर वोटिंग कर सकती है, जो ट्रम्प और नेतन्याहू को जहन्नुम पहुंचाने वालों को इनाम देगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई सैन्य और राजनीतिक नेताओं की मौत के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि खाड़ी देशों के अपील के बाद ईरान पर हमला रोक दिया गया है और उम्मीद जताई है कि यह घोषणा अंततः स्थाई हो जाएगी। ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अनुरोध के बाद उन्होंने मंगलवार के लिए निर्धारित ईरान पर सैन्य हमला रद्द कर दिया था। उन्होंने बताया कि यह अनुरोध चल रही 'गंभीर बातचीत' के कारण किया गया था, जिसके बारे में पश्चिम एशिया के नेताओं का मानना है कि इसका परिणाम एक ऐसे समझौते के रूप में निकल सकता है जो अमेरिका को स्वीकार्य हो।

## बडगाम में 93 लाख रुपये की जमीन धोखाधड़ी मामले में छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर अपराध शाखा की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मंगलवार को दक्षिणी कश्मीर में प्रवासियों की संपत्ति और खड़े पेड़ों की बिक्री से जुड़े कथित 93 लाख रुपये के जमीन धोखाधड़ी मामले के संबंध में बड़गाम जिले में तलाश अभियान चलाया। अधिकारियों ने कहा कि यह तलाश अभियान गत साल अप्रैल में आर्थिक अपराध शाखा कश्मीर पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 336(3), 340 और 61(2) के तहत दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में चलाया गया। यह मामला फर्जी समझौतों के जरिये पुलवामा के द्रुसु में पांच कनाल प्रवासी भूमि और बिजबेहारा में 300 खड़े पेड़ों की कथित धोखाधड़ी से बिक्री से संबंधित है।

# अमेरिका की सैन डिएगो मस्जिद में गोलीबारी, 5 की मौत

## मृतकों में एक गार्ड और 2 संदिग्ध शामिल, धार्मिक नफरत से जुड़े हमले की आशंका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सैन डिएगो स्थित मस्जिद में गोलीबारी में 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक सिक्योरिटी गार्ड और दो संदिग्ध शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, दोनों संदिग्ध किशोर थे। एक की उम्र 17 साल और दूसरे की 19 साल थी।

दोनों के शव मस्जिद के पास एक वाहन में मिले। शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी। इस मामले की जांच हेट क्राइम के एंगल से की जा रही है। हालांकि, हमले के पीछे की वजह पर फिलहाल ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की गई है। यह हमला इस्लामिक सेंटर ऑफ सैन डिएगो में हुआ। यह सैन डिएगो काउंटी की सबसे बड़ी मस्जिद है। परिसर में एक स्कूल भी है, जहां बच्चों को अरबी भाषा, इस्लामिक स्टडीज और कुरान की शिक्षा दी जाती है। मस्जिद के इमाम ताहा हस्साने ने बताया कि सोमवार को कुछ गैर-मुस्लिम लोग इस्लाम को समझने के लिए मस्जिद के दौरे पर आए थे। यह सेंटर अलग-अलग समुदायों के बीच संवाद और मेलजोल बढ़ाने के लिए काम करता है। उन्होंने बताया कि स्कूल के सभी शिक्षक और छात्र सुरक्षित हैं। फिलहाल कोई खतरा नहीं है, लेकिन लोगों से मस्जिद से दूर रहने को कहा गया है। एहतियात के तौर पर सेंटर को पूरे दिन के लिए बंद कर दिया गया। मस्जिद की वेबसाइट के मुताबिक, यहां सिर्फ मुस्लिम समुदाय के लिए धार्मिक गतिविधियां नहीं होतीं, बल्कि सामाजिक कामों में भी दूसरे समुदायों के साथ मिलकर काम किया जाता है। यहां रोज पांच वक्त की नमाज होती है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने मुस्लिम समुदाय से कहा कि कैलिफोर्निया आपके साथ खड़ा है। जहां परिवार और बच्चे जुटते हैं, जहां लोग शांति से इबादत करते हैं, वहां ऐसा हमला बेहद भयावह है। कैलिफोर्निया में नफरत की कोई जगह नहीं है। उन्होंने बताया कि कैलिफोर्निया हाईवे पेट्रोल और गवर्नर आफिस ऑफ इमरजेंसी सर्विसेज की टीमें मौके पर स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर रही हैं।



■ दोनों के शव मस्जिद के पास एक वाहन में मिले, शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी

# ताइवान की सड़कों पर भारत विरोधी पोस्टर लगे

## चुनाव लड़ रहा उम्मीदवार बोला: भारतीय मजदूरों को भगाओ



■ विपक्षी सांसद बोले: वे अपराधी होते हैं, भारतीय बोले: यह नस्लीय भेदभाव है

**ताइप।** ताइवान में स्थानीय चुनाव के दौरान एक निर्दलीय उम्मीदवार ने भारत विरोधी पोस्टर लगाया है। इसमें पगड़ी पहने एक सिख व्यक्ति की तस्वीर पर बड़ा 'नो' यानी प्रतिबंध का निशान बना हुआ था। पोस्टर का मैसेज था कि भारत से आने वाले प्रवासी मजदूरों का विरोध किया जाए, और उन्हें देश से बाहर भगाया जाए।

यह विवाद ऐसे समय में हुआ है जब ताइवान भारत के साथ हुए श्रम सहयोग समझौते के तहत भारतीय कामगारों को बुलाने की तैयारी कर रहा है। ताइवान की विपक्षी पार्टी कुओमिनतांग यानी केएमटी भी भारतीय मजदूरों को बुलाने का विरोध कर रही है। सांसद हुआंग चिएन-पिन ने भारत के राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला दिया था। उन्होंने संसद में कहा था कि भारत में 2022 में महिलाओं के खिलाफ 4.45 लाख से ज्यादा अपराध दर्ज हुए थे, जिनमें 31 हजार से ज्यादा रेप के मामले शामिल थे। ऐसे में भारतीय मजदूरों को लेकर ज्यादा सख्त जांच और निगरानी होनी चाहिए। वे यहां पर महिलाओं के साथ बलात्कार कर सकते हैं। वहीं, ताइवान में रहने वाले एक भारतीय ने सोशल मीडिया पर इसे नस्लीय भेदभाव बताया। उन्होंने कहा कि किसी नीति का विरोध करना अलग बात है, लेकिन किसी समुदाय की पहचान और सांस्कृतिक प्रतीकों को निशाना बनाना गलत है। एक अन्य व्यक्ति ने लिखा कि ताइवान में करीब 7 हजार भारतीय रहते हैं और उनमें से ज्यादातर हाई-टेक और सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में काम करते हैं। इसमें फाक्सकान और टीएसएमसी जैसी कंपनियां शामिल हैं। ताइवान की स्थानीय राजनीतिक पार्टी न्यू पावर पार्टी के नेता वांग यी-हेंग ने भी पोस्टर की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भारतीय झंडे और पगड़ी पर प्रतिबंध का निशान लगाना बेहद अज्ञानता भरा कदम है। उनके मुताबिक पगड़ी सिर्फ कपड़ा नहीं, बल्कि आस्था और सम्मान का प्रतीक है। 2024 में भारत और ताइवान के बीच प्रवासी मजदूरों को लेकर एक अहम समझौता हुआ था। इसे लेबर कोऑपरेशन श्रम सहयोग समझौता कहा गया। इसका मकसद ताइवान में बढ़ती कामगारों की कमी को पूरा करना और भारतीय कामगारों को वहां रोजगार के अवसर देना है। ताइवान कई सालों से श्रमिक संकट का सामना कर रहा है। वहां जन्म दर लगातार गिर रही है, आबादी बूढ़ी हो रही है और युवाओं की संख्या कम होती जा रही है। इसका असर खासकर फैक्ट्री, खेती, निर्माण और बुजुर्गों की देखभाल जैसे क्षेत्रों पर पड़ रहा है।

## कृतिका कामरा अपनी अगली फिल्म डम्बल की तैयारी में जुटीं



**मुंबई।** 'मटका किंग' की सफलता के बाद अभिनेत्री कृतिका कामरा ने आधिकारिक तौर पर अपनी अगली फीचर फिल्म साइन कर ली है। यह 'मटका किंग' के बाद उनकी पहली घोषित परियोजना है, जिसके दूसरे सीजन की घोषणा हाल ही में प्राइम वीडियो इंडिया द्वारा की गई है। कृतिका अब निर्देशक पुषाण मुखर्जी की आगामी ड्रामा फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने जा रही हैं, जिसका फिलहाल वर्किंग टाइटल डम्बल रखा गया है। फिल्म की शूटिंग जून से शुरू होने वाली है। कृतिका के करियर के अगले बड़े क्रिएटिव कदम के रूप में देखी जा रही यह फिल्म उन्हें एक बिल्कुल नए अंदाज में प्रस्तुत करेगी और परफॉर्मेंस-ड्रिवन प्रोजेक्ट्स चुनने की उनकी पहचान को और मजबूत करेगी।

